आर्थिक कार्यकलापों में निरंतर सुधार के कारण, वित्त वर्ष 2022 में आपके बैंक के व्यवसाय में निरंतर दो अंकीय वृद्धि दिख रही है।

जमाराशियाँ

वित्त वर्ष 2022 के दौरान, आपके बैंक ने कुल जमाराशियों में 10.06% की वृद्धि के साथ 40 लाख करोड़ का लक्ष्य पार कर लिया हैं। जिसमें घरेलू जमाराशियॉ 9.80% की वृद्धि के साथ 39.20 लाख करोड़ हुई हैं। कासा जमाराशियों में 17.75 लाख करोड़ रुपए के साथ 7.78% की वृद्धि हुई है तथा इसमें मुख्य रूप से बचत बैंक जमाराशियों में 10.45% की सतत वृद्धि का योगदान रहा है। कम ब्याज दर के परिदृश्य के बीच, वित्त वर्ष 2022 में आपके बैंक का कासा अनुपात 45.28% रहा। वर्ष के दौरान, आपके बैंक ने 98.75 लाख नए बचत बैंक खाते खोले, जिसमें से 63% योनो पार्टल/एप द्वारा खोले गए।

ऋण

वित्त वर्ष 2022 के दौरान, आपके बैंक का अग्रिम पोर्टफोलियो 11% की वृद्धि के साथ 28.18 लाख करोड़ रहा, जिसमें पिछले वित्त वर्ष 2021 की तुलना में 4.8% की बढ़ोतरी हुई। जबकि घरेलू अग्रिम में 10.27% की वृद्धि रही वहीं विदेश स्थित कार्यालयों के अग्रिमों में 15.42% की वृद्धि दर्ज की गई। घरेलू ऋण वृद्धि में 15.11% की जबरदस्त खुदरा वैयक्तिक ऋण वृद्धि रही जो कि कुल घरेलू अग्रिम का 41.6% है। वर्ष के दौरान कृषि एवं एसएमई ऋण में भी 6.57% एवं 9.52% की बढ़ोतरी हुई जो कि क्रमश: 2.28 लाख करोड़ रुपए एवं 3.06 लाख करोड़ रुपए रही।

रिटेल वैयक्तिक ऋण पोर्टफोलियो 10 लाख करोड़ रुपए के मार्क को भी पार कर गया है जिसमें आवास ऋण एवं प्रतिभूति-रहित वैयक्तिक ऋण का मुख्य योगदान रहा। वित्त वर्ष 2022 में इसमें क्रमश: 11.49% एवं 28.50% की बढ़ोतरी हुई।

निवेश

वित्त वर्ष 2022 में आपके बैंक का निवेश पोर्टफोलियो 9.6% की वृद्धि के साथ 14.93 लाख करोड़ रुपए रहा, जिसमें से 96% घरेलू निवेश है। घरेलू निवेश पोर्टफोलियो के अंतर्गत, 60.77% एचटीएम श्रेणी में है जबकि बाकी एएफएस श्रेणी में है। निवेश से हुई आय ब्याज दर परिदृश्य के अनुरूप है जो कि वित्त वर्ष 2021 की तुलना में 6.32% से घटकर 6.07% पर आ गई है।

लाभप्रदता

वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान, दूसरी छमाही में अर्थव्यवस्था कोविड-19 के प्रभावों से उबर चुकी थी तथा आपके बैंक ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। वित्त वर्ष 2022 में आपके बैंक को पिछले वर्ष की तुलना में 55% की वृद्धि के साथ 31,676 करोड़ रुपए का एकल (स्टैंडअलोन) शुद्ध लाभ हुआ। आपके बैंक ने आस्ति गुणवत्ता, प्रावधान कवरेज एवं एनआईएम क्षेत्र में बेहतरीन सुधार किया है।

पिछले वर्ष की तुलना में बैंक की शुद्ध ब्याज आय में 9.03% की अच्छी वृद्धि दर्ज की गई जो कि 1,20,708 करोड़ रुपए रही। ऋण बही में वृद्धि एवं स्लिपेज पर नियंत्रण के कारण उच्च ब्याज आय हुई। वित्त वर्ष 2021-22 में ऋण लागत भी 57 बीपीएस की कमी के साथ

0.55% रही। वित्त वर्ष 2021-22 में बैंक का परिचालन लाभ 75,292 करोड़ रुपए रहा जिसमें कि पिछले वर्ष की तुलना में 5.22% का सुधार हुआ है। आय व्यय अनुपात में भी थोड़ी कमी आई है जो पिछले वर्ष 2020-21 के 53.60% की तुलना में वित्त वर्ष 2021-22 में 53.31% रही।

आस्तियों पर प्रतिलाभ भी वित्त वर्ष 2020-21 के 0.48% की तुलना में 19 आधार अंकों की वृद्धि के साथ वित्त वर्ष 2021-22 में 0.67% रहा। आस्तियों पर प्रतिलाभ में भी सकारात्मक सुधार हुआ जो कि पिछले वर्ष 2020-21 के 9.94% से 398 बीपीएस बढ़कर वित्त वर्ष 2021-22 में 13.92% रहा।

> आपके बैंक के निदेशक मंडल ने 31 मार्च 2022 को समाप्त वित्त वर्ष के लिए 7.10 रुपए प्रति इक्विटी शेयर (अर्थात 710%) का लाभांश घोषित किया है।

आस्ति गुणवत्ता

दबावग्रस्त आस्तियों पर फोकस रखते हुए उनके प्रबंधन का कार्य वित्त वर्ष 2022 में भी जारी रहा तथा प्रत्येक सेग्मेंट में सर्वांगीण सुधार हुआ।

आपका बैंक, वित्त वर्ष 2022 में दबावग्रस्त आस्तियों के प्रबंधन की रणनीति को वातावरण से समायोजित करते हुए स्लिपेज अनुपात को 1% के अंदर ही सीमित रखने में सफल रहा।

वित्तवर्ष 2022 के दौरान, आपके बैंक का सकल एनपीए भी 14,366 करोड़ रुपए घटकर 1,12,023 करोड़ रुपए रह गया। वर्ष के दौरान वसूली एवं उन्नयन में भी 21.58% की बढ़ोतरी हुई जो 21,437 करोड़ रुपए रहा। परिणामस्वरूप, बैंक के सकल एनपीए अनुपात में मार्च 2021 के 4.98% की तुलना में 101 बीपीएस का सुधार हुआ। मार्च 2022 में बैंक के शुद्ध एनपीए में 1.02% का सुधार हुआ।

बैंक के प्रावधान कवरेज अनुपात (पीसीआर) में भी पिछले वर्ष के 70.88% की तुलना में मार्च 2022 में 75.04% का सुधार हुआ। मार्च 2022 में एयूसीए सहित पीसीआर 90.20% रहा।

पूँजी

बेहतरीन नियोजन, आंतरिक उपचय एवं बैंकिंग बही के प्रभावी जोखिम प्रबंधन के कारण पिछले वित्त वर्ष में बैंक के पूंजी अनुपात में भी सुधार हुआ। मार्च 2022 के अंत तक पूंजी पर्याप्तता अनुपात (सीएआर) मार्च 2021 की तुलना में 9 बीपीएस के सुधार के साथ 13.83% रहा।

टियर II केपिटल बेस में भी पिछले वर्ष के 2.30% की तुलना में मार्च 2022 में 2.41% का सुधार हुआ।

लाभांश

मुझे यह घोषणा करते हुए प्रसन्नता हो रही है कि आपके बैंक के निदेशक मंडल ने 31 मार्च 2022 को समाप्त वित्त वर्ष के लिए 7.10 रुपए प्रति इक्विटी शेयर (अर्थात 710%) का लाभांश घोषित किया है।

ग्राहक सुविधा

हमारा मानना है कि ग्राहकों की बढ़ती उम्मीदें और ग्राहकों की बदलती भावनाओं हेतु एक त्वरित दृष्टिकोण की आवश्यकता है जो उनकी उम्मीदों के अनुकूल हो। आज, आपका बैंक नए तरीकों से डिजिटल परिवर्तन और ग्राहक जुड़ाव का लाभ उठाकर फिनटेक चार्ज में अग्रणी बनने पर केंद्रित है। बदलते भारत के साथ गति बनाए रखने के लिए, आपके बैंक ने शाखाओं और अन्य आउटलेट्स पर सबसे अधिक टचप्वाइंट बनाए हैं।

मार्च 2022 तक आपके बैंक की 22,266 शाखाएं हैं, 68,000 कारोबार प्रतिनिधि एवं 12,872 स्वचालित जमा एवं आहरण मशीनें (एडीडब्लूएम) सहित 65,000 एटीएम रहे। इन एटीएम/एडीडब्लूएम के माध्यम से प्रतिदिन औसतन 1.32 करोड़ लेनदेन किए जाते हैं।

ग्राहक सुविधा एवं ग्राहक आनंद को बढ़ाने के लिए, वित्त वर्ष 2022 में निम्नलिखित नई सुविधाएं आरंभ की गई : (क) नए चेकबुक हेतु अनुरोध एवं चेक रोकने संबंधी अनुरोध की सुविधा सीएसपी आउटलेट पर सक्रिय कर दी गई है। (ख) डेबिट कार्ड ब्लॉक करने की सुविधा को सीएसपी आउटलेट पर उपलब्ध करा दिया गया है।

30 देशों में 227 स्थानों पर सभी समय क्षेत्रों के माध्यम से अपनी उपस्थिति के साथ आपका बैंक अंतरराष्ट्रीय बैंकिंग के क्षेत्र में सभी भारतीय बैंकों में अग्रणी है। वित्त वर्ष 2022 के दौरान, आपका बैंक अपने ओवरसीज़ सहयोगी - एसबीआई बोत्सवाना लिमिटेड को बंद करके एवं एसबीआई यूके लिमिटेड की इलफोर्ड शाखा का ईस्ट हैम शाखा में विलय करने के साथ अपने ओवरसीज़ परिचालन को तर्कसंगत बनाने की ओर अग्रसर है।

प्रौद्योगिकी एवं नवाचार

बैंकिंग का भविष्य अब प्रौद्योगिकी आधारित रहेगा। कोविड-19 महामारी के बाद प्रौद्योगिकी अपनाने की दौड़ में आपके बैंक ने प्रयोक्ता अनुभव बढ़ाने एवं संभावित जोखिमों से बचाने में प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में कई प्रकार की पहल की है।

आपका बैंक ऑफसाइट एटीएम में 4जी कनेक्टिविटी उपलब्ध कराने के साथ एटीएम कनेक्टिविटी को अपग्रेड करने की दिशा में अग्रसर है। आपका बैंक निरंतर नेटवर्क अनुभव में सुधार एवं आउटेज में कमी लाने पर काम कर रहा है। शाखाओं एवं कार्यालयों में डाउनटाइम में कमी लाने एवं दूर करने के लिए वैकल्पिक सेकेंडरी लिंक की व्यवस्था की गई है।

आपके बैंक ने आरबीआई साइबर सुरक्षा फ्रेमवर्क का पालन करने हेतु हनीपॉट सॉल्यूशन की व्यवस्था करते हुए साइबर सुरक्षा चुनौतियों से संबंधित पूर्व चेतावनी एवं इनसाइट मेकेनिज़्म बनाया है।

उत्पादों की बात करें तो, आपके बैंक ने पिछले कुछ वर्षों में उत्पादों एवं सेवाओं तथा उन्नत प्रौद्योगिकी का एक मजबूत पोर्टफोलियो विकसित किया है जिससे उसे ग्राहक केंद्रित तरीके एवं व्यक्तिगत तरीके से प्रबंधित किया जा सके। आपका बैंक डाटा एनालिटिक्स का लाभ उठाते हुए ग्राहक का एक 360 डिग्री प्रोफाइल बना रहा है जिससे उसे आवश्यकता आधारित उत्पाद एवं सेवाएं प्रदान की जा सकें। साथ ही आपका बैंक प्रौद्योगिकी का उपयोग करते हुए विभिन्न टचप्वाइंट पर ग्राहकों की समस्याओं को दूर करने हेतु भी प्रयासरत है।

आपके बैंक का फ्लैगशिप डिजिटल प्लेटफॉर्म, योनो - लाखों रिटेल ग्राहकों, किसानों, कॉरपोरेट क्लाइंट्स एवं चुनिंदा ओवरसीज़ कार्यालयों के ग्राहकों को अग्रणी डिजिटल सेवाएं उपलब्ध करा रहा है। ग्राहकों के बीच अपनी पैठ बनाने एवं प्रौद्योगिकी अपनाने हेतु बढ़ावा देने के लिए अब योनो लाइट एप्प 12 भारतीय भाषाओं में उपलब्ध है जबकि योनो कृषि एप्प 10 भारतीय भाषाओं में उपलब्ध है।

प्रौद्योगिकी क्षमता का लाभ उठाते हुए आपके बैंक ने डिजिटल माइक्रोपेमेंट हेतु विभिन्न मेट्रो रेलवे ट्रांज़िट परियोजनाओं में सहभाग किया हुआ है। आपके बैंक को रुपे प्लेटफॉर्म पर एसपीएआरसी प्रौद्योगिकी के कार्यान्वयन हेतु नागपुर मेट्रो, नोएडा मेट्रो एवं एमएमआरडीए लाइंस 2ए एवं 7 मेट्रो प्रोजेक्ट्स दिए गए हैं।

ग्राहक आनंद उपलब्ध कराने हेतु ऋण प्रक्रिया में रिटेल लोन मैनेजमेंट सॉल्यूशन (आरएलएमएस) एवं वेंडर वेरिफिकेशन मॉड्यूल (वीवीएम) आरंभ किया गया जिससे एकसमान हामीदारी मानक, बेहतरीन डिलीवरी एवं संपूर्ण डिजिटलीकरण सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। इसके साथ ही पूरी आवास ऋण प्रणाली का डिजिटलीकरण अंतिम चरण में है। आंतरिक रूप से विकसित संपर्क रहित डिजिटल प्लेटफॉर्म जैसे योनो एवं ओसीएएस/आरएएएस को रिसोर्स टूल के रूप में प्रोत्साहित किया जा रहा है जिससे आवास ऋण व्यवसाय को बढ़ाया जा सके एवं बाज़ार शेयर में वृद्धि की जा सके।

आपके बैंक ने व्यापार विनियामक रिपोर्टिंग एवं अनुपालन समाधान (टीआरआरएसीएस) एप्लिकेशन का उपयोग आरंभ किया है जिससे पिछले कुछ समय से लंबित ईडीपीएमएस/आईआरएम/निर्यात अग्रिम प्रविष्टियों में कमी आई है।

निर्बाध सीमापार लेनदेन हेतु आपके बैंक ने सिंगापुर की रियल-टाइम भुगतान प्रणाली जी3-फास्ट के साथ समन्वय किया है। इससे भुगतान प्रक्रिया रियल-टाइम आधार पर पूरी होगी जिससे नवीन एवं वाणिज्यिक रूप से आकर्षक उत्पादों को प्रदान किया जा सकेगा एवं अदायगी (सेटलमेंट) जोखिम कम होगा।

आपका बैंक अपने ओवरसीज़ परिचालन हेतु ई-बैंकिंग वेब प्लेटफॉर्म में पूरा परिवर्तन करने जा रहा है। पैसे की बचत के साथ ही बढ़ी हुई दक्षता के दोहरे उद्देश्यों को प्राप्त करने के उद्देश्य से, दो और भौगोलिक क्षेत्रों, यानी कनाडा और सिंगापुर (यूके और बहरीन के अलावा) से नौकरियों के स्थानांतरण के कारण बैक-ऑफिस प्रक्रियाओं के केंद्रीकरण और ऑफ-शेयरिंग में गति आई है।

कई कार्य विशिष्ट प्रौद्योगिकी प्लेटफार्मों के बंद होने के साथ ही परिचालन में प्रौद्योगिकी का उपयोग भी समाप्त हो गया है। दबावग्रस्त खातों में कानूनी मामलों की बेहतर निगरानी के लिए एसएआरजी वर्टिकल में विभिन्न नई आईटी पहल शुरू की गई हैं। यह वसूली प्रक्रिया की पारदर्शिता और दक्षता को और मजबूत करेगा।

कार्यनीतिक/नई पहल

वित्त वर्ष 2022 के दौरान, आपके बैंक द्वारा निर्धारित दीर्घावधि उद्देश्यों की पूर्ति हेतु कुछ कार्यनीतिक पहल भी की गई। कुछ महत्वपूर्ण पहल निम्नानुसार हैं:

- आपके बैंक ने 35 वर्ष या उससे कम आयु वर्ग के सभी कर्मचारियों के लिए एक जुड़ाव कार्यक्रम 'सामर्थ्य' आरंभ किया है। उक्त कार्यक्रम का आयोजन एक विशिष्ट 'स्मार्ट क्लासरूम' के माध्यम से किया गया। अधिकारी एवं लिपिकीय स्टाफ दोनों ने कार्यक्रम में सहभागिता की तथा इससे संभावनाओं एवं विचारों का आपसी आदान-प्रदान हुआ। इस कार्यक्रम के तहत 67000 से अधिक कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया जाना है तथा वित्त वर्ष 2022 में लगभग 72% स्टाफ को शामिल किया जा चुका है।

- हमारे सहयोगी एसबीआई पीएसपीएल (एसबीआई पेमेंट सर्विसेज़ प्राइवेट लिमिटेड) के पीओएस ग्राहकों के लिए दो संपूर्ण डिजिटल ऋण प्रक्रिया आरंभ की गई हैं अर्थात पूर्व-अनुमोदित दो-पहिया ऋण (एसबीआई ईज़ी राइड) एवं पूर्व-अनुमोदित व्यवसाय ऋण (पीएबीएल)। वित्त वर्ष 2022 में एनालिटिक्स-आधारित उत्पादों के माध्यम से लगभग 21,898 करोड़ रुपए के ऋण डिजिटली प्रदान किए गए।
- हमारे फ्रंटलाइन स्टाफ के ज्ञान स्तर को बढ़ाने एवं ग्राहक अनुभव में वृद्धि हेतु, आपके बैंक ने एक बृहद ज्ञान वृद्धि कार्यक्रम 'प्रोजेक्ट उत्कर्ष' आरंभ किया है, साथ ही बैंक द्वारा ग्राहक सेवा की गुणवत्ता के आधार पर शाखाओं के वर्गीकरण हेतु 'ग्राहक सेवा सूचकांक' का भी शुभारंभ किया है।
- अधिकतर ग्राहक वर्ग (वैयक्तिक एवं गैर-व्यक्तिगत) में तत्काल एवं प्रभावी तरीके से नए खाते खालने हेतु, वर्ष 2021-22 में इमेज-आधारित प्रोसेसिंग शुरू

की गई है। ग्राहकों की सुविधा के लिए 22.04.2021 को वीडियो केवाईसी के माध्यम से खाता खोलने की सुविधा आरंभ की गई है। मार्च 2022 तक इस सुविधा के माध्यम से लगभग 6.40 लाख खाते खोले जा चुके थे।

- ग्राहकों को अपनी पसंद की भाषा में एसएमएस अलर्ट प्राप्त करने हेतु रजिस्टर करने के लिए 13 भाषाओं में एसएमएस अलर्ट सुविधा आरंभ की गई है। एसएमएस मिलने में देरी को कम करने के लिए सीबीएस से डिलिवरी प्लेटफॉर्म में एसएमएस प्रवाह की मल्टी-स्ट्रीमिंग, एसएमएस की अधिक मात्रा को संभालने हेतु इंफ्रा अपग्रेडेशन एवं एसएमएस की उच्च मात्रा को संभालने हेतु सीबीएस में एसएमएस जनरेशन एवं ट्रांसमिशन प्रक्रिया में सुधार जैसी कई पहल की गई है।
- पेंशनरों को वीडियो कॉलिंग के माध्यम से जीवन प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने की सहूलियत हेतु नवंबर 2021 में वीडियो जीवन प्रमाण-पत्र सुविधा आरंभ की गई।
- चूककर्ता खाताधारकों के फॉलो-अप कॉल को रिकॉर्ड करने हेतु अप्रैल 2021 में ऋण वसूली हेतु एक नया एप्लिकेशन आरंभ किया गया। वर्तमान वर्ष में, इस एप्लिकेशन का उपयोग करते हुए 2.55 करोड़ कॉल किए गए।
- संगठन में नव-नियुक्त महिला कर्मचारियों का कार्यारंभ सहज बनाने हेतु एक परामर्श कार्यक्रम भी इस वर्ष आयोजित किया गया।

आपका बैंक सीसीआईएल (भारतीय समाशोधन निगम लिमिटेड) द्वारा बनाए गए एफएक्स-रिटेल प्लेटफॉर्म पर ग्राहकों को सक्रियता से ऑनबोर्ड कर रहा है, इससे ग्राहक को पारदर्शिता एवं प्रतिस्पर्धात्मक दर का लाभ हो रहा है। आपके बैंक ने ग्राहकों को एफएक्स-ऑल एवं ई-फॉरेक्स ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म सुविधा उपलब्ध कराई है।

अनुषंगियां

अपनी अनुषंगियों के मध्यम से भारतीय स्टेट बैंक अपने ग्राहकों को विभिन्न प्रकार के वित्तीय उत्पाद एवं सेवाएं प्रदान करता है।

एसबीआई कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड ने अकेले ही वित्त वर्ष 2022 में 339.70 करोड़ रुपए का कर-पश्चात लाभ दर्ज किया, जबकि वित्त वर्ष 2021 में यह 273.25 करोड़ रुपए था। समेकित आधार पर पिछले वर्ष के 527 करोड़ रुपए की तुलना में इस वर्ष 620 करोड़ रुपए का कर-पश्चात लाभ दर्ज किया। एसबीआई समूह की ब्रोकिंग कंपनी एसबीआईकैप सिक्योरिटीज लिमिटेड को वित्त वर्ष 2022 के दौरान 233.01 करोड़ रुपए का निवल लाभ हुआ, जबकि वित्त वर्ष 2021 में यह 207.12 करोड़ रुपए था।

एसबीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने देश भर में 137 शाखाओं के माध्यम से विस्तार किया है। आज की तारीख में कंपनी लगभग 8.7 करोड़ ग्राहकों को सेवाएं प्रदान कर रही है। वित्त वर्ष 2022 में कंपनी की वृद्धि दर 11% तथा बाज़ार शेयर 4.15% रहा। निजी बीमाकर्ताओं में कंपनी 7वें स्थान तथा पूरे उद्योग में 12वें स्थान पर रही। कंपनी ने वित्त वर्ष 2022 में 131 करोड़ रुपए का निवल लाभ अर्जित किया।

एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने व्यक्तिगत न्यू बिज़नेस प्रीमियम, व्यक्तिगत रेटेड प्रीमियम, टोटल रेटेड प्रीमियम एवं टोटल न्यू बिज़नेस प्रीमियम वर्गों में निजी क्षेत्र की कंपनियों के बीच अपना अग्रणी स्थान बरकरार रखा है। कंपनी ने टोटल न्यू बिज़नेस प्रीमियम (एनबीपी) क्षेत्र में 23.4% की वृद्धि दर्ज की जबकि इस दौरान बीमा उद्योग की वृद्धि दर 12.9% रही । कंपनी ने वित्त वर्ष 2022 में 1506 करोड़ रुपए का कर-पश्चात लाभ दर्ज किया, जबकि वित्त वर्ष 2021 में यह 1456 करोड़ रुपए था।

एसबीआई कार्ड्स एंड पेमेंट सर्विसेज़ लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2022 में 1616 करोड़ रुपए का कर-पश्चात लाभ दर्ज किया जो कि वित्त वर्ष 2021 की तुलना में 64% अधिक है।

एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट लिमिटेड देश में तेज़ी से बढ़ती हुई एएमसी है तथा वित्त वर्ष 2022 में इसमें 28.3% की वृद्धि हुई जबकि इस दौरान औद्योगिक औसत 19.5% रहा। इसके पास एक विशाल ग्राहक आधार है जिसमें 107 लाख सक्रिय निवेशक फोलियो है जिसमें वित्त वर्ष 2022 में जुड़े 31.50 लाख नए फोलियो शामिल हैं। कंपनी ने वित्त वर्ष 2022 में 1070 करोड़ रुपए का कर-पश्चात लाभ दर्ज किया, जबकि पिछले वर्ष यह 860.40 करोड़ रुपए था।

एसबीआई ग्लोबल फैक्टर्स लिमिटेड, घरेलू एवं अंतरराष्ट्रीय ट्रेड हेतु फैक्टरिंग सेवाएं उपलब्ध कराने वाली कंपनी है तथा इसने वित्त वर्ष 2022 में 4773 करोड़ रुपए का रजिस्टर्ड टर्नओवर दर्ज किया जबकि पिछले वित्त वर्ष 2021 में यह 4352 करोड़ रुपए था।

एसबीआई पेंशन फंड्स प्राइवेट लिमिटेड, निजी क्षेत्र के अंतर्गत पेंशन फंड प्रबंधन हेतु नियुक्त 07 पेंशन फंड मैनेजर्स (पीएफएम) में से एक है। कंपनी का कुल असेट अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) कारोबार 31 मार्च 2022 को 2,82,476 करोड़ रुपए (वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि 26.89%) रहा। सभी पेंशन फंड मैनेजर्स में 38.35% के मार्केट शेयर के साथ कंपनी अग्रणी स्थान पर है।

सम्मान एवं पुरस्कार

आपके बैंक द्वारा बैंकिंग के विभिन्न क्षेत्रों में किए गए प्रयासों के लिए वर्ष के दौरान बैंक को कई पुरस्कार मिले। एशियन बैंकर पत्रिका, सिंगापुर द्वारा आपके बैंक को ट्रांजेक्शन फाइनेंस अवार्ड 2021 के अंतर्गत “भारत में सर्वश्रेष्ठ नकदी प्रबंधन एवं लेनदेनकर्ता बैंक” के रूप में सम्मानित किया गया। ग्लोबल फाइनेंस पत्रिका द्वारा आपके बैंक को लगातार दसवीं बार “दि बेस्ट ट्रेड फाइनेंस प्रोवाइडर (इंडिया)-2022” पुरस्कार प्रदान किया गया। आपके बैंक ने ‘सतत ज्ञानार्जन एवं कौशल विकास में उत्कृष्टता’ श्रेणी में प्रतिष्ठित ईटी ह्यूमन कैपिटल अवार्ड का स्वर्ण पदक जीता है।

बैंक के इतिहास में पहली बार आपके बैंक को उत्कृष्ट राजभाषा कार्यान्वयन हेतु भारत सरकार का ‘कीर्ति पुरस्कार’ प्रदान किया गया।

पर्यावरण, सामाजिक एवं अभिशासन (इएसजी) आचरण

आपके बैंक में कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) का उद्देश्य ''उन कार्यकलापों में सहभागिता करना है जो समाज के विकास, सामाजिक जिम्मेदारी एवं पर्यावरणीय संवहनीयता हेतु लाभप्रद हैं एवं साथ ही समाज के वंचित एवं आर्थिक रूप से पिछड़े लोगों तक पहुंच बनाना है''। वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान सीएसआर कार्यों पर लगभग 204.10 करोड़ रुपए व्यय किए गए (जो कि वित्त वर्ष 2020-21 के शुद्ध लाभ 20,410 करोड़ रुपए का 1% है) तथा 102.56 करोड़ रुपए एसबीआई फाउंडेशन को आबंटित किए गए। वित्त वर्ष 2021-22 के बैंक सीएसआर कार्यकलापों का प्रमुख फोकस ग्रामीण एवं बस्तियों का विकास, स्वास्थ्य देखभाल एवं स्वच्छता, शिक्षा, पर्यावरण संवहनीयता, जनजातीय कल्याण, महिलाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों का सशक्तीकरण एवं खेल एवं खिलाड़ियों की सहायता करना आदि पर रहा।

आपके बैंक ने सीएसआर व्यय का 35% अर्थात 71 करोड़ रुपए कोविड-19 का मुकाबला करने पर व्यय किए।

आपका बैंक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा ''व्यवसाय दायित्व एवं संवहनीयता रिपोर्ट (बीआरएसआर)'' फ्रेमवर्क के अनुरूप इस संबंध में जारी किए गए निदेशों को अपनाने हेतु प्रतिबद्ध है।

अक्षय ऊर्जा (आरई) को प्रोत्साहित करने की वैश्विक आवश्यकता एवं देश के ध्येय (विज़न) के अनुरूप आपका बैंक बृहद स्तर पर आरई वित्तपोषण अंडरराइटिंग कर रहा है। वित्त वर्ष 2021-22 में 650 मिलियन यूएस डॉलर कीमत के एसबीआई ग्रीन बॉण्ड्स की भारतीय अंतरराष्ट्रीय एक्सचेंज एवं लक्ज़मबर्ग स्टॉक एक्सचेंज में लिस्टिंग हुई। आपके बैंक ने पर्यावरणीय संवहनीयता प्रयासों की राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के अनुरूप विभिन्न समुदायों, एनजीओ के साथ जुड़ने की अपनी गहन प्रतिबद्धता दर्शाई है। वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान आपके बैंक ने देशभर में छह लाख से अधिक पौधे लगाए।

भावी योजना

वित्त वर्ष 2021 की तुलना में वित्त वर्ष 2022 काफी बेहतर रहा। आर्थिक कार्यकलापों ने रफ़्तार पकड़ी एवं यही गति जारी रहने की संभावना है।

यद्यपि, वित्त वर्ष 2022 भी हैरतअंगेज़ घटनाओं से अछूता नहीं रहा। वित्त वर्ष 2022 के अंत तक यूक्रेन एवं रूस के बीच आरंभ हुए युद्ध ने वैश्विक आर्थिक परिदृश्य को बहुत प्रभावित किया है।

पिछले कुछ वर्षों के बैंक के वित्तीय निष्पादन पर विहंगम दृष्टि डालें तो इसमें सभी मानदंडों में बेहतरीन सुधार साफ दिखाई देगा। इसलिए, परिचालन परिवेश में कई चुनौतियों के बावजूद, आपके बैंक में हानि सहने की अच्छी क्षमता है। बैंक की जोखिम प्रबंधन प्रणालियों ने स्लिपेज रोकने में अच्छे परिणाम दिए हैं।

> "मुझे पूर्ण विश्वास है कि वित्त वर्ष 2022 में हमने जो निष्पादन हासिल किया है, वित्त वर्ष 2023 में उसमें और सुधार होगा।

अत:, इस समय, विशेषकर भारत में बैंकिंग की उभरती प्रवृत्तियों को देखते हुए बैंक में आवश्यक संरचनात्मक परिवर्तन करने का सही अवसर है। आपका बैंक फ्रंट एवं बैक ऑफिस दोनों में डिजिटल एजेंडा को आगे बढ़ाना जारी रखेगा। एसबीआई योनो के दायरा एवं पहुंच को और बेहतर प्रयोक्ता अनुभव के साथ विस्तार दिया जाएगा। आपका बैंक, व्यवसाय परिचालन में, आंतरिक डाटा के गहन विश्लेषण एवं बेहतरीन उपयोग हेतु उन्नत एनालिटिक्स का फायदा उठाएगा। बैंक के दायरे और पहुंच को बढ़ाने हेतु फिनटेक एवं एनबीएफसी के साथ पारस्परिक लाभदायी भागीदारी पर और काम किया जाएगा।

वर्तमान वर्ष में आपका बैंक पूंजी संवृद्धि के मामले में अच्छी स्थिति में है। पोर्टफोलियो में विविधता लाने के लिए पीएलआई योजना अक्षय ऊर्जा के साथ-साथ इलेक्ट्रिक मोबिलिटी जैसे आशाजनक क्षेत्रों में ऋण देने के अवसरों का पता लगाया जाएगा।

अंत में, विपरीत आर्थिक परिस्थितियों के बावजूद, आपके बैंक ने परिचालन क्षेत्र में आई चुनौतियों का अच्छे से सामना किया है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि वित्त वर्ष 2022 में हमने जो निष्पादन हासिल किया है, वित्त वर्ष 2023 में उसमें और सुधार होगा।

आपका शुभचिंतक,

दिनेश खारा

निदेशकों की रिपोर्ट

I. आर्थिक पृष्ठभूमि और बैंकिंग परिवेश

1. वैश्विक आर्थिक परिदृश्य

ओमिक्रॉन वेरिएंट के विस्फोट के कारण कई देशों को लॉकडाउन, यात्रा प्रतिबंधों और अन्य रोकथाम संबंधी उपायों को फिर से लागू करने के लिए विवश होना पड़ा। जिससे आर्थिक गतिविधियाँ तथा आपूर्ति श्रृंखलाएँ बाधित हुईं और उससे 2021 की चौथी तिमाही में वैश्विक अर्थव्यवस्था को क्षति हुई। भू-राजनीतिक घटनाओं से घरेलू आर्थिक परिदृश्य भी प्रभावित हुआ। आरबीआई ने वित्त वर्ष 23 के सकल घरेलू उत्पाद के पूर्वानुमान को 7.8% से घटाकर 7.2% कर दिया है। स्थिर घरेलू मांग, कैपेक्स पर सरकार का जोर, सामान्य मानसून और मजबूत कॉरपोरेट बैलेंस शीट से अर्थव्यवस्था को तेजी मिलने की संभावना है वहीं बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव सकल घरेलू उत्पाद के विकास के लिए जोखिम पैदा करते हैं।

वित्त वर्ष 2022 के अंत में, रूस-यूक्रेन संघर्ष ने वित्तीय अस्थिरता को बढ़ा दिया है। कच्चे तेल और अन्य वस्तुओं की कीमतें कई वर्षों के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। अव्यवस्थित वित्तीय बाजार में, सुरक्षित निवेश स्थलों की मांग में वृद्धि हुई, जिससे सोने की कीमतों में वृद्धि हुई, जबकि केंद्रीय बैंकों द्वारा आरक्षित निधि के विविधीकरण ने अन्य आस्तियों और मुद्राओं को भी स्थिरता प्रदान की। इस बीच, उभरते बाजारों में पूंजी का बाह्य प्रवाह जारी है, क्योंकि यूएस फेड ने आस्ति की खरीद की दर को धीमा (टैपरिंग) कर दिया है। हाल ही में फेड फंड दर को दो बार बढ़ाया गया है, और आक्रामक दर में वृद्धि के संकेत दिए गए हैं। इस पृष्ठभूमि में, वैश्विक विकास दर 2022 में 3.2% तक कम होने की संभावना है।

इस बीच, अगले कुछ समय तक मुद्रास्फीति बढ़ने की संभावना है और वर्ष के दूसरे भाग में मुद्रास्फीति के नरम होने की संभावना है। चीन में हाल ही में लगे लॉकडाउन से कम वसूली और वायरस के निर्बाध प्रसार को रोकने के लिए उचित उपायों के पालन करने की आवश्यकता के संकेत मिलते हैं।

रूस-यूक्रेन संघर्ष और चीन में महामारी के कठोरतापूर्वक दमन की नीति से लगे लॉकडाउन वैश्विक व्यापार में बाधा उत्पन्न कर रहे हैं। इसने डब्ल्यूटीओ को 4.7% के अपने पिछले पूर्वानुमान से 2022 में वैश्विक माल व्यापार वृद्धि के पूर्वानुमान को 3% तक कम करने के लिए बाध्य किया है।

यूक्रेन में लंबे समय तक खिंचते युद्ध के साथ ही अनियंत्रित मुद्रास्फीति की संभावना और आपूर्ति व्यवधानों के कारण वैश्विक विकास पर नकारात्मक प्रभाव पड़ने का जोखिम है। जोखिम और अनिश्चितता के वातावरण में, विशेष रूप से विकासशील देशों के लिए, अपने डिजिटल और स्वास्थ्य संबंधी बुनियादी ढांचे को निरंतर मजबूत करना आवश्यक है। सभी देशों को जलवायु परिवर्तन से निपटने और आर्थिक गतिविधियों को व्यापक बनाने वाले समावेशी विकास और सुधारों को बढ़ावा देने के लिए नीतिगत हस्तक्षेपों पर भी ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है।

2. भारत का आर्थिक परिदृश्य

दूसरी लहर के कमजोर पड़ने के साथ वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद विकास में हुए सुधार की गति वित्त वर्ष 2022 की दूसरी छमाही में ओमीक्रॉन वेरियंट के आने के कारण कुछ मंद पड़ गई, हालांकि सौभाग्य से यह अल्पकालिक था। हालांकि, एनएसओ के अनुमानों के अनुसार वित्त वर्ष 2022 में सकल घरेलू उत्पाद में 8.9% की वृद्धि होने की उम्मीद है।

बेहतर मानसून, जलाशयों में पानी के पर्याप्त स्तर और उचित मृदा नमी की सहायता से कृषि और संबद्ध गतिविधियों के सकल मूल्य वर्धन में वित्त वर्ष 2022 में 3.3% की वृद्धि हुई, जिससे पिछले वर्ष की तुलना में रबी के क्षेत्रफल में 1.5% की वृद्धि हुई। खाद्यान्न उत्पादन ने वित्त वर्ष 2022 में एक नया रिकॉर्ड बनाया, खरीफ और रबी दोनों में उत्पादन वर्ष के अंतिम अनुमानों से अधिक रहे।

वित्त वर्ष 2022 की दूसरी छमाही में औद्योगिक गतिविधियों में कुछ मंदी आई। यह विनिर्माण आपूर्ति-पक्ष की कमी और निविष्टि लागत के दबाव से प्रभावित हुआ था। खनन गतिविधियों को कोयला और प्राकृतिक गैस का सहारा प्राप्त था, जिससे कच्चे तेल के उत्पादन में आई कमी को पूरा किया गया था। इसलिए, औद्योगिक जीवीए पहली छमाही में 23.1% की तुलना में दूसरी छमाही में 0.9% तक तेजी से कम हुआ।

सेवा क्षेत्र की गतिविधि में दूसरी छमाही में 7.1% की वृद्धि हुई और यह महामारी से पहले के स्तर को पार कर गया। गहन-संपर्क सेवाएं, जैसे कि व्यापार, होटल, परिवहन और संचार धीरे-धीरे सामान्य होने लगे, हालांकि उनकी वृद्धि ओमीक्रॉन वेरियंट के कारण बाधित हुई।

वित्त वर्ष 2022 में माल निर्यात और आयात में तेजी रही। मार्च 2022 में 42.2 अरब डॉलर के निर्यात ने एक नया रिकॉर्ड बनाया और लगातार 13वें महीने 30 अरब डॉलर से ऊपर रहा । वित्त वर्ष 2022 के दौरान, 419.6 अरब डॉलर के माल निर्यात ने $400 बिलियन के लक्ष्य को पार कर लिया। निर्यात में $300 बिलियन का लक्ष्य वित्त वर्ष 2012 में हासिल हुआ था तथा निर्यात में $100 बिलियन की वृद्धि जोड़ने में लगभग एक दशक लगे।

मार्च 2022 में माल आयात 60.7 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया और लगातार सातवें महीने 50 अरब डॉलर से ऊपर रहा। कुल मिलाकर, वित्त वर्ष 2022 में भारत के माल निर्यात में 43.8% की वृद्धि हुई, जबकि वित्त वर्ष 2021 में 6.9% की गिरावट आई, तथा वित्त वर्ष 2021 में 16.9% की कमी की तुलना में वित्त वर्ष 2022 में आयात में 55.1% की भारी वृद्धि दर्ज हुई। भारत ने अप्रैल-दिसंबर 2020 में 1.7% के अधिशेष की तुलना में अप्रैल-दिसंबर 2021 में सकल घरेलू उत्पाद का 1.2% का चालू खाता घाटा दर्ज किया था।

हालांकि आरबीआई के अनुसार वित्त वर्ष 2023 में सीपीआई मुद्रास्फीति के औसतन 6.0% से नीचे रहने का अनुमान है, लेकिन इस पूर्वानुमान के जोखिम हैं। भू-राजनीतिक तनाव, आपूर्ति श्रृंखला में लंबे समय तक व्यवधान, निविष्टि लागत पर दबाव बने रहने और उन्नत अर्थव्यवस्थाओं द्वारा मौद्रिक नीति के सकारात्मक सामान्यीकरण से प्रेरित वैश्विक वित्तीय बाजारों में अस्थिरता के कारण वैश्विक कच्चे तेल और अन्य वस्तुओं की कीमतों के और सख्त होने से जोखिम उत्पन्न हो सकता है। आपूर्ति श्रृंखला के व्यवधानों का शीघ्र अंत, उत्पादन कीमतों में कमी, वैश्विक वस्तुओं की कीमतों में सुधार और भू-राजनीतिक तनावों के कम होने से मुद्रास्फीति को अनुमानित स्तरों के भीतर नियंत्रित रखने में मदद मिलेगी।

आरबीआई के अनुमानों के अनुसार, वित्त वर्ष 2023 में वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद में 7.2% की वृद्धि होने की उम्मीद है। घरेलू मांग में निरंतर वृद्धि, निजी निवेश गतिविधि में वृद्धि, पूंजीगत व्यय पर सरकार के जोर देने, सामान्य मानसून और स्वस्थ कॉरपोरेट बैलेंस शीट से विकास की गति तेज हो सकती है।

3. बैंकिंग परिवेश

कोविड-19 महामारी 2008 के वैश्विक वित्तीय संकट के बाद वैश्विक वित्तीय प्रणाली का पहला महत्वपूर्ण परीक्षण था। वैश्विक स्तर पर और भारत में, बैंकिंग और गैर-बैंकिंग क्षेत्रों ने कोविड-19 व्यवधानों को काफी अच्छी तरह से झेला है, जो ठोस नीतिगत उपायों द्वारा समर्थित है, जिसने बैंकिंग और वित्तीय प्रणाली की सुदृढ़ता को बनाए रखने में मदद की है। सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक दोनों द्वारा समय पर किए गए नीतिगत हस्तक्षेपों से, जिससे आसान शर्तों पर ऋण उपलब्ध कराया जा सके, व्यक्तियों, एमएसएमई, कॉरपोरेटों और उधारदाताओं द्वारा अनुभव किए गए तनाव को कम करने में मदद मिली।

धीरे-धीरे सामान्य स्थिति लौटने के साथ ही त्योहारी मौसम के दौरान वित्त वर्ष 2022 की पहली छमाही में सुधार के संकेत दिखने लगे। वित्त वर्ष 2022 में एएससीबी क्रेडिट में 9.6% की वृद्धि हुई, जबकि वित्त वर्ष 2021 में 5.6% की वृद्धि हुई थी। खुदरा ऋण वित्त वर्ष 22 में बैंक क्रेडिट के प्राथमिक संचालक के रूप में उभरे हैं और अब एएससीबी के बकाया क्रेडिट में सबसे बड़ा हिस्सा (28.4%) है, जो औद्योगिक ऋण (26.7%) को प्रतिस्थापित करता है।

हालांकि, उच्च प्रतिलाभ की उम्मीद में आधार प्रभाव, कम ब्याज दर और पूंजी बाजार/डिजिटल आस्ति श्रेणियों में सुधार के कारण एएससीबी की कुल जमा वृद्धि वित्त वर्ष 2021 में 11.40% की तुलना में वित्त वर्ष 2022 में 8.9% तक धीमी हो गई। क्रेडिट ऑफटेक में सुधार के बीच, जी-सेक की बैंकों की होल्डिंग्स में वृद्धि में कमी आई, जिससे उनके अतिरिक्त एसएलआर निवेश को 25 मार्च, 2022 तक निवल मांग और सावधि देनदारियों (एनडीटीएल) के 9.6% तक कम हो गया, जो मार्च 2021 के अंत तक 11% था।

वित्त वर्ष 2022 के दौरान एएससीबी की परिसंपत्ति गुणवत्ता में सुधार हुआ, जिसमें गैर-निष्पादित आस्तियों (एनपीए) का अनुपात दिसंबर 2021 में घटकर 6.5% हो गया, जो एक साल पहले 6.8% था।

डिजिटल लेनदेन में वित्त वर्ष 2022 में मजबूत वृद्धि दर्ज की गई। खुदरा भुगतान के भुगतान के स्वरूप में विस्तार हुआ। यूपीआई के लेनदेन की मात्रा और मूल्य में लगभग 100% की वृद्धि देखी गई। आरटीजीएस, एनईएफटी, आईएमपीएस और एनएसीएच ने भी उल्लेखनीय विकास का प्रदर्शन किया। भारत बिल भुगतान प्रणाली (BBPS) के अंतर्गत लेनदेन की मात्रा में तीन अंकों की वृद्धि हुई।

4. दृष्टिकोण

वित्त वर्ष 2022 के अंत में, यूक्रेन और रूस के बीच बढ़े तनाव और उसके बाद के प्रतिबंधों ने आपूर्ति श्रृंखला के जोखिमों को और अधिक बढा दिया है। कृषि जिंसों, ऊर्जा उत्पादों, धातुओं और अन्य आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि का वैश्विक अर्थव्यवस्था और परिणामस्वरूप बैंकिंग क्षेत्र पर व्यापक प्रभाव पड़ा है। मुद्रास्फीति के बढ़ने से उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में दरों में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है।

इन घटनाओं को ध्यान में रखते हुए, अप्रैल 2022 में आरबीआई द्वारा घोषित मौद्रिक नीति ने कई जोखिमों पर प्रकाश डाला, जिसमें दरों को अपरिवर्तित रखते हुए निरंतर निगरानी और ठोस कार्रवाई की आवश्यकता होती है। हालांकि, मई 2022 की शुरुआत में आरबीआई द्वारा ऑफ-साइकिल नीतिगत दर और सीआरआर वृद्धि के बाद यह वृद्धि की गई थी।

स्थायी जमा सुविधा (एसडीएफ) की शुरुआत और उसके बाद मई 2022 में दरों में वृद्धि के माध्यम से एलएएफ गलियारे का सामान्यीकरण स्पष्ट रूप से संकेत देता है कि ब्याज दर चक्र बदल रहा है। सरकारी प्रतिभूति (जी-सेक) बाजार में मई 2022 में दर वृद्धि की घोषणा के बाद से प्रतिफल में वृद्धि हुई है।

वित्त वर्ष 2023 में भारत के सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर 7.2% रहने का अनुमान लगाया गया है, जो दुनिया में सबसे अधिक है। बहरहाल, इस वित्त वर्ष के दौरान मांग में तेजी कैसे आएगी, इस पर अनिश्चितता बनी हुई है। निजी अंतिम उपभोग अभी भी महामारी पूर्व वर्ष से नीचे है और उच्च मुद्रास्फीति के कारण चालू वर्ष में कुछ कमी देखी जा सकती है। हालांकि, निवेश की मांग में धीरे-धीरे तेजी आई है और वित्त वर्ष 2022 में 19 ट्रिलियन रुपए की नई निवेश घोषणाओं में पर्याप्त वृद्धि हुई है। इसके अलावा उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना से लाभान्वित होने वाले क्षेत्रों में भी वित्त वर्ष 2023 में कैपेक्स में वृद्धि होने की उम्मीद है। इसके आगे, रबी उत्पादन की अच्छी संभावनाएं ग्रामीण मांग के लिए अच्छा संकेत देती हैं। आबादी के सभी वर्गों के लिए एहतियाती टीके की खुराक का हाल ही में शुरु होना भी एक सकारात्मक विकास है।

इस पृष्ठभूमि में, बैंक के व्यवसाय का सावधानीपूर्वक मूल्यांकन करने की आवश्यकता है। आपके बैंक ने अपनी व्यावसायिक रणनीति को बढ़ती जरूरतों के साथ मिलाकर तैयार किया है, महामारी के प्रकोप के बाद से निर्बाध सेवाओं के वितरण पर समझौता किए बिना, सैकड़ों लाखों ग्राहकों और हमारे लोगों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए लगातार सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाया गया है। फिर भी कोविड-19 संक्रमणों के आवर्ती मुकाबलों के साथ-साथ भू-राजनीतिक जोखिमों के उद्भव ने फिर से सतर्क रहने और अप्रत्याशित नुकसान को कवर करने के लिए आकस्मिक बफर की पर्याप्तता का पुनर्मूल्यांकन करने की आवश्यकता को रेखांकित किया है।

यूक्रेन में संघर्ष ने भारत के लिए विशेष रूप से कृषि क्षेत्र में अवसर उत्पन्न किया है। इसके अलावा, ऑस्ट्रेलिया और संयुक्त अरब अमीरात के साथ मुक्त व्यापार समझौतों से भी विकास के कई अवसर पैदा होने की उम्मीद है। वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं का पुनर्गठन भी भारत के लिए एक अनूठा अवसर प्रस्तुत करता है, एक ऐसा अवसर जिसमें जबरदस्त क्षमता है।

संक्षेप में, अर्थव्यवस्था और बैंकिंग व्यवसाय का भावी परिदृश्य विकसित होती भू-राजनीतिक स्थितियों तथा वैश्विक माल की कीमतों और संचालन पर इसके प्रभाव पर निर्भर करेगा। अर्थव्यवस्था के खुलने से नए प्रोत्साहन पैकेज की आवश्यकता कम हो गई है और वर्तमान गति टिकाऊ प्रतीत होती है। इस प्रकार, बैंक के लिए यह आवश्यक है कि व्यवसाय नए परिचालन परिवेश के अनुकूल रहे।

II. वित्तीय प्रदर्शन

निवल लाभ और परिचालन लाभ

वित्त वर्ष 2022 में निवल लाभ 55.19% बढ़कर 31,675.98 करोड़ रुपए हो गया, जबकि वित्त वर्ष 2021 में यह 20,410.47 करोड़ रुपए था। वित्त वर्ष 2022 के लिए आपके बैंक का परिचालन लाभ 5.22% बढ़कर 75,292.37 करोड़ रुपए हो गया, जो वित्त वर्ष 2021 में 71,554.15 करोड़ रुपए था (वित्त वर्ष 2021 में एसबीआई लाइफ से हिस्सेदारी बिक्री से 1,539.73 करोड़ रुपए की असाधारण मद सहित)।



निवल ब्याज आय

वित्त वर्ष 2022 में निवल ब्याज आय 9.03% बढ़कर 1,20,707.59 करोड़ रुपए हो गई जबकि वित्त वर्ष 2021 में यह 1,10,710.00 करोड़ रुपए थी। वित्त वर्ष 2022 में कुल आय में 3.89% की वृद्धि दर्ज की गई है, जो वर्ष 2021 में 2,65,150.63 करोड़ रुपए से बढ़कर वित्त वर्ष 2022 में 2,75,457.29 करोड़ रुपए हो गई। वित्त वर्ष 2021 के कुल ब्याज खर्च 1,54,440.63 करोड़ रुपए से बढ़कर वित्त वर्ष 2022 में 1,54,749.70 रुपए हो गए। वित्त वर्ष 2022 के दौरान जमा पर ब्याज खर्च में पिछले वर्ष की तुलना में 0.83% की गिरावट दर्ज की गई।



अन्य आय

वित्त वर्ष 2022 में अन्य आय (असाधारण मद को छोड़कर) 3.32% घटकर 40,563.91 करोड़ रुपए हो गई, जो वित्त वर्ष 2021 में 41,956.64 करोड़ रुपए थी।

परिचालन व्यय

वित्त वर्ष 2022 में बैंक का परिचालन खर्च (असाधारण मद को छोड़कर) 4.03% बढ़कर 85,979.13 करोड़ रुपए हो गया, जो वित्त वर्ष 2021 में 82,652.22 करोड़ रुपए था।

प्रावधान एवं आकस्मिकताएं

कुल प्रावधान एवं आकस्मिकता वित्त वर्ष 2021 के 51,143,68 करोड़ रुपए से 29.22% घटकर वित्त वर्ष 2022 में 36,198.00 करोड़ रुपए हो गई। वित्त वर्ष 2022 में किए गए प्रमुख प्रावधान: अनर्जक आस्तियों के लिए 14,086.85 करोड़ रुपए (वित्त वर्ष 2021 में 27,244.35 करोड़ रुपए) और निवेश अवमूल्यन 3,440.10 करोड़ रुपए (वित्त वर्ष 2021 में 3,014.50 करोड़ रुपए) का प्रावधान वर्ष के दौरान किया गया था। 31 मार्च 2022 को बैंक के सकल अनर्जक आस्ति अनुपात (एयूसीए सहित) का प्रावधान 90.20% (पिछले वर्ष 87.75%) है। 31 मार्च 2022 को पीसीआर (एयूसीए को छोड़कर) 75.04% (मार्च 2021 को 70.88%) है।



आस्ति एवं देयताएँ

मार्च 2022 के अंत में आपके बैंक की कुल संपत्ति 9.99% बढ़कर 49,87,597.41 करोड़ रुपए हो गई, जो मार्च 2021 के अंत में 45,34,429.63 करोड़ रुपए थी। इस अवधि के दौरान, ऋण पोर्टफोलियो में 11.61% की वृद्धि हुई, और वह 24,49,497.79 करोड़ रुपए से बढ़कर 27,33,966.59 करोड़ रुपए हो गया। निवेश 9.60% बढ़कर 13,51,705.21 रुपए से बढ़कर 14,81,445.47 करोड़ रुपए हो गया। घरेलू बाजार में निवेश का एक बड़ा हिस्सा सरकारी प्रतिभूतियों में था।



आपके बैंक की कुल देनदारियां (पूंजी व आरक्षिती को छोड़कर) 9.97% बढ़कर 31 मार्च 2022 को 47,07,509.35 करोड़ रुपए हो गईं, जो 31 मार्च 2021 को 42,80,554.44 करोड़ रुपए थीं। जमा राशि 10.06% की वृद्धि के साथ 31 मार्च 2022 को 40,51,534.12 करोड़ रुपए हो गई, जो 31 मार्च 2021 को 36,81,277.08 करोड़ रुपए थी। मार्च 2021 के अंत में 4,17,297.70 करोड़ रुपए की तुलना में उधार में 2.10% की वृद्धि हुई, जो मार्च 2022 के अंत में 4,26,043.38 करोड़ रुपए रहा।



आरक्षित एवं अधिशेष

9,502.79 करोड़ रुपए की राशि (वित्त वर्ष 2021 में 6,123.14 करोड़ रुपए की तुलना में) सांविधिक आरक्षित निधियों में अंतरित की गई। 538.16 करोड़ रुपए (वित्त वर्ष 2021 में 1,465.12 करोड़ रुपए) की राशि पूंजी आरक्षित निधियों में अंतरित की गई। वित्त वर्ष 2022 में 4,647.87 करोड़ रुपए की राशि (वित्त वर्ष 2021 में 1,928.20 करोड़ रुपए की तुलना में) निवेश उतार-चढ़ाव आरक्षित निधि में अंतरित की गई थी।

लाभांश

आपके बैंक ने 31 मार्च 2022 को समाप्त वर्ष के लिए @ 710% की दर से 7.10 रुपए प्रति शेयर का लाभांश घोषित किया है।

भारतीय लेखा मानकों इंड एएस (IND AS) के कार्यान्वयन में प्रगति

प्रबंध निदेशक (दबावग्रस्त आस्ति, जोखिम एवं अनुपालन) की अध्यक्षता वाली संचालन समिति बैंक में भारतीय लेखामानकों के कार्यान्वयन की निगरानी कर रही है। आपका बैंक पहले से ही भारतीय लेखामानकों के कार्यान्वयन के लिए तैयार है। हालाँकि, भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा बैंकों में भारतीय लेखामानकों के कार्यान्वयन को अगली सूचना तक के लिए टाल दिया गया है।

III. कोर परिचालन

1. खुदरा और डिजिटल बैंकिंग समूह

रिटेल और डिजिटल बैंकिंग, बैंक का सबसे बड़ा बिजनेस वर्टिकल है, जिसमें बैंक की कुल 99.45% शाखाएँ और मानव संसाधन का 98.15% अंश शामिल है। इस समूह में आठ रणनीतिक व्यापार इकाइयां शामिल हैं। आपका बैंक अपनी सभी शाखाओं में ग्राहकों की संतुष्टि के लिए प्रतिबद्ध है। विकसित हो रहीं ग्राहक प्राथमिकताएं, विशेष रूप से युवा आबादी की प्राथमिकताएं, वर्धित ग्राहक सुविधा पर ध्यान केंद्रित करने के साथ-साथ, रिटेल बैंकिंग परिदृश्य को बदल रही हैं।

देश भर में आपके बैंक के ग्राहकों की संख्या में तेजी से बढ़ोत्तरी हो रही है, जिसके चलते रिटेल बैंकिंग,जमा राशि जुटाने और अनुकूलित ऋण का विस्तार दोनों क्षेत्रों में ही आपके बैंक का सबसे लाभदायक खंड बन गया है। आपका बैंक देश में सबसे बड़ा गृह ऋण प्रदाता और शिक्षा ऋणों का सबसे बड़ा वितरक बना हुआ है, जो बड़े पैमाने पर समाज की सेवा करने के लिए अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

आपका बैंक प्रौद्योगिकी चालित नवोन्मेष की एक सतत धारा के साथ डिजिटल बैंकिंग डोमेन में अग्रणी बना हुआ है। इसमें एक मल्टी-चैनल डिलीवरी मॉडल है, जो अपने ग्राहकों को किसी भी समय और किसी भी स्थान पर इन लेनदेनों को पूरा करने के लिए एक व्यापक विकल्प प्रदान करता है। आपके बैंक ने विभिन्न माध्यमों - डिजिटल, मोबाइल, एटीएम, इंटरनेट, सोशल मीडिया और शाखाओं में अपने सेवा उत्पादों में वृद्धि की है।

क. वैयक्तिक बैंकिंग

1. आवास ऋण

आपका बैंक देश में सबसे बड़ा गृह ऋण प्रदाता बना हुआ है। भले ही महामारी की दूसरी लहर के प्रकोप ने रियल एस्टेट उद्योग को बुरी तरह प्रभावित किया हो, लेकिन पूरे भारत में लॉकडाउन में ढील के साथ गतिविधियों को फिर से शुरू करने से गति प्राप्त करने में मदद मिली है। बैंकिंग प्रणाली द्वारा दिए गए जोर ने गृह ऋण/आवासीय अचल संपत्ति में वृद्धि को बढ़ावा देने में मदद की है।

राष्ट्रपति इस्टेट शाखा, नई दिल्ली का उद्घाटन

आपके बैंक का गृह ऋण पोर्टफोलियो 2011 में लगभग ₹1 लाख करोड़ से बढ़कर 31 मार्च, 2022 तक ₹5.62 लाख करोड़ हो गया है।

संपूर्ण बैंक अग्रिमों के प्रतिशत के रूप में गृह ऋण पोर्टफोलियो का हिस्सा 23.87% था। आपके बैंक ने वित्त वर्ष 2022 में लगभग ₹1.46 लाख करोड़ के गृह ऋण वितरित किए हैं।

समय के साथ यात्रा (गृह ऋण स्तर):

₹ लाख करोड़ में स्तर



बाजार हिस्सेदारी: आपका बैंक लगातार विकास वक्र से आगे निकल रहा है और एएससीबी के बीच लगभग 35.3% की बाजार हिस्सेदारी हासिल की है।

किफायती और पीएसएल: आपके बैंक का किफायती आवास पोर्टफोलियो उसके कुल गृह ऋण पोर्टफोलियो का 58.19% है, जबकि पीएसएल 34.15% है।

पीएमएवाई सब्सिडी के लिए केंद्रीय नोडल एजेंसी : आपके बैंक को आवास और शहरी प्राधिकरण मंत्रालय (MOHUA) द्वारा केंद्रीय नोडल एजेंसी (CNA) के रूप में नामित किया गया है, जो देश का एकमात्र वाणिज्यिक बैंक है (अन्य सीएनए, हडको और एनएचबी हैं)। पीएमएवाई-सीएलएसएस के लिए सीएनए योजना के रूप में, आपके बैंक ने 1,500 करोड़ रुपए के कुल मिलाकर 64,272 से अधिक सब्सिडी दावों को संसाधित किया है और वित्त वर्ष 2022 के दौरान 17.10 करोड़ रुपए की आय अर्जित की।

आस्ति गुणवत्ता: अर्थव्यवस्था की कोविड -19 महामारी के बीच स्वस्थ आस्ति गुणवत्ता को बनाए रखना एक चुनौती थी। आपके बैंक की निरंतर सक्रिय निगरानी और अनुवर्ती, ग्राहकों तक लगातार पहुंच के परिणामस्वरूप आवास ऋण में एनपीए मार्च 2022 के अंत तक मार्च 21 के स्तर से नीचे 0.50% तक गिर गया।

रिजर्व बैंक के कोविड राहत स्थगन और खुदरा ऋणों के पुनर्गठन की व्यवस्था के आधार पर, आपके बैंक ने दूसरे चरण में 74,003 गृह ऋण खातों के पुनर्गठन के माध्यम से राहत प्रदान की।

पहल: आपका बैंक हमेशा टिकाऊ, रचनात्मक समाधानों को अनुकूलित और विकसित करने में सहायक रहा है और एसबीआई को गृह ऋण में ग्राहकों की 'नंबर1' पसंद बनाने की दिशा में लगातार प्रयास कर रहा है। सतत विकास लक्ष्यों के लिए, परियोजना लागत के हिस्से के रूप में रूफटॉप सौर फोटोवोल्टिक प्रणाली की लागत का वित्तपोषण गृह ऋण में शामिल है। ग्राहकों के बीच उत्पाद को लोकप्रिय बनाने के लिए इसका उचित प्रचार किया जा रहा है।

ऋण प्रक्रिया का डिजिटलीकरण: ग्राहक को प्रसन्नता प्रदान करने के लिए उत्पाद के एक समान हामीदारी मानकों, निर्बाध वितरण, और उत्पाद के संपूर्ण डिजिटलीकरण को सुनिश्चित करने के लिए खुदरा ऋण प्रबंधन समाधान (आरएलएमएस) और विक्रेता सत्यापन मॉड्यूल (वीवीएम) को ऋण प्रसंस्करण में प्रस्तुत किया गया था।

योनो और ओसीएएस/ आरएएएस जैसे इन-हाउस विकसित कॉन्टैक्टलेस डिजिटल प्लेटफॉर्म को गृह ऋण बिजनेस को अधिकतम करने और हमारे मार्केट शेयर को और बढ़ाने के लिए संसाधन टूल के रूप में बड़े पैमाने पर प्रचारित किया जा रहा है।

दस्तावेज प्रबंधन समाधान (डीएमएस): गृह ऋण दस्तावेजों को डिजिटाइज़ करने तथा उसके केंद्रीकृत रखरखाव के लिए सभी सीपीसी में डीएमएस आरंभ किया गया जिससे ग्राहकों की सुविधा बढ़े।

बिल्डरों के साथ टाई-अप: बिल्डर टाई अप (बीटीयू) के तहत अधिकतम परियोजनाओं को ऑनबोर्ड करना गृह ऋण पोर्टफोलियो को बढ़ाने के लिए आवश्यक कदम है और यह टीएटी में काफी सुधार के अलावा सोर्सिंग गुणवत्ता में भी सुधार करता है। आपके बैंक ने इन टाई-अप परियोजनाओं में 22.47% की हिस्सेदारी के साथ 8,578 आवासीय परियोजनाओं (रेरा स्वीकृत) को मंजूरी दी है।

2. वाहन ऋण

आपके बैंक ने ग्राहकों की खुशी और सुविधा पर ध्यान देते हुए, वाहन ऋण की कुल मात्रा बढ़ाने और बाजार हिस्सेदारी बनाए रखने के लिए कई पहल किए हैं। आपके बैंक ने भारत के दो सबसे बड़े ओईएम (एमएसआईएल और एचएमआईएल) के साथ ऑनलाइन एकीकरण किया है, जिसके द्वारा एक पात्र ग्राहक कार बुक करते समय ओईएम प्लेटफॉर्म पर तत्काल सैद्धांतिक मंजूरी पत्र प्राप्त कर सकता है। आपका बैंक सभी फाइनेंसरों के बीच दोनों प्लेटफार्मों पर प्रथम स्थान पर था। योनो पर एक नई कार लोन यात्रा उन ग्राहकों के लिए शुरू की गई, जिनका एसबीआई में खाता नहीं है। कुल संवितरण का 13% पूर्व-अनुमोदित सुइट से है। सतत विकास के मद्देनजर एवं पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए आपका बैंक इलेक्ट्रिक पीवी के लिए रियायती ब्याज दर पर और विस्तारित ऋण अवधि के साथ ऋण प्रदान कर रहा है। ग्राहक केंद्रिकता हमारी सभी पहलों का मूल मंत्र रहा है। दो-पहिया वित्तपोषण में, आपका बैंक एक e2e डिजिटल उत्पाद “एसबीआई-ईजीराइड” लेकर आया है जहाँ ग्राहक को ऋण स्वीकृति और संवितरण के लिए शाखा जाने की आवश्यकता नहीं है।

3. शिक्षा ऋण

आपका बैंक देश में सबसे बड़ा शिक्षा ऋण प्रदाता होने पर गर्व महसूस करता है। आपके बैंक ने वर्ष के दौरान 10,291 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता प्रदान करके 76,301 योग्य छात्रों को अपने सपनों को साकार करने में मददकी है। 40% ऋण छात्राओं को दिए गए थे (मार्च 2021 में 37% से ऊपर)। शिक्षा ऋण, गुणवत्तापूर्ण व्यवसाय के दायरे को व्यापक बनाने और ग्राहकों की संतुष्टि बढ़ाने के लिए, आपके बैंक ने निम्नलिखित कदम उठाए हैं:

- स्कॉलर लोन योजना के तहत छूट वाले मानदंडों और रियायती ब्याज दरों पर शिक्षा ऋण देने के लिए शॉर्टलिस्टेड, बड़ी संख्या में टॉप-रेटेड प्रीमियर और प्रतिष्ठित संस्थानों की कुल संख्या को 235 तक बढ़ाई जा रही है ।
- चुनिंदा शहरों में डोर-स्टेप सेवाओं के विस्तार के माध्यम से विदेशों में अध्ययन के लिए हमारे प्रमुख उत्पाद “ग्लोबल एड-वांटेज एजुकेशन लोन” के माध्यम से ऋण विस्तार में सुधार किया गया था।
- ऋण आवेदनों की बेहतर ट्रैकिंग और ऋणों की तेजी से स्वीकृति सुनिश्चित करने के लिए, आपके बैंक की लोन ओरिजिनेशन सिस्टम (एलओएस) को भारत सरकार के विद्या लक्ष्मी पोर्टल (वीएलपी) के साथ एकीकृत किया गया था।

4. वैयक्तिक ऋण

व्यक्तिगत ऋण आपके बैंक में सबसे लोकप्रिय उत्पादों में से एक हैं, और आपका बैंक इस बाजार खंड में अग्रणी है। आपका बैंक आक्रामक रूप से वेतनभोगी वर्ग (दोनों सरकारी और निजी), पेंशनभोगियों और स्व-नियोजित / अन्य ग्राहकों की जरूरतों को पूरा कर रहा है। आपका बैंक एसबीआई क्विक पर्सनल लोन के माध्यम से अन्य बैंकों के वेतनभोगी ग्राहकों को भी ऋण प्रदान कर रहा है। 31.03.2022 तक, व्यक्तिगत ऋण पोर्टफोलियो (एक्सप्रेस क्रेडिट और पेंशन ऋण) 28.06% (62,119 करोड़ रुपए) था जो इस वर्ष बढ़कर 2,85,448 करोड़ रुपए तक पहुंच गया है । विकास में मुख्य रूप से फ्लैगशिप उत्पाद एक्सप्रेस क्रेडिट (54,934 करोड़ रुपए) का योगदान है, जिसमें इस वर्ष 28.49% की वृद्धि हुई।

आपके बैंक ने कोविड उपचार के लिए धन की आवश्यकता वाले ग्राहकों के लिए जून 2021 में एक नया अप्रतिभूतिकृत व्यक्तिगत ऋण उत्पाद, "एसबीआई कवच ऋण", लॉन्च किया, जिसमें हमने रियायती ब्याज दर पर 5 लाख रुपए तक के ऋण की पेशकश की। हमने इन उत्पादों के तहत 3,686 करोड़ रुपए के 1,80,056 ऋण दिए।

5. ई-कॉमर्स खरीद के लिए उपभोक्ता वस्तु ऋण:

आपका बैंक पीओएस ईएमआई ऋण और ऑनलाइन ईएमआई ऋण नाम से दो e2e उत्पाद प्रदान करता है । जहां विभिन्न दुकानों/ मॉल/स्टोर/शो रूम में पाइन लैब्स पीओएस मशीनों के माध्यम से पीओएस ईएमआई ऋण की पेशकश की जा रही है, वहीं बैंक ने चुनिंदा ऑनलाइन शॉपिंग पोर्टलों पर ऑनलाइन ईएमआई ऋण प्रदान करने के लिए बिल डेस्क और पेयू के साथ समझौता किया है।

वर्तमान में ये उत्पाद 1.11 करोड़ पूर्व-अनुमोदित ग्राहकों को उनके खाते के व्यवहार और एआई / एमएल तकनीक का उपयोग करने वाले कुछ अन्य मापदंडों के आधार पर उपलब्ध हैं ।

6. देयता और निवेश उत्पाद

वित्त वर्ष 2022 के दौरान आपके बैंक में कुल जमा राशि में 10.06% की वृद्धि हुई।

वित्त वर्ष 2022 के दौरान कुल सावधि जमाओं में 2,21,926 करोड़ रुपए (11.53%) की वृद्धि हुई।

कुल बचत बैंक जमा में वित्त वर्ष 2022 के दौरान 1,43,123 करोड़ रुपए (10.45%) की वृद्धि हुई।

वित्त वर्ष 2022 के दौरान आपके बैंक की कासा जमा राशि में 7.78% की वृद्धि हुई। आपके बैंक द्वारा वित्तीय वर्ष के दौरान 98.75 लाख नए नियमित बचत बैंक खाते खोले गए।

7. डोरस्टेप बैंकिंग सेवाएं

ग्राहकों की सुविधा और बैंकिंग को आसान बनाने की दिशा में, आपका बैंक शीर्ष 100 बैंकिंग केंद्रों के सभी ग्राहकों को एजेंटों के माध्यम से 5 प्रमुख डोरस्टेप बैंकिंग सेवाएं प्रदान कर रहा है: नकद जमा और निकासी, चेक लेना, खाते का विवरण, टीडी सलाह। ग्राहकों को दी जा रही सेवाओं में मौजूदा वित्तीय वर्ष के दौरान दो नई सेवाएं नामांकन फॉर्म और फंड ट्रांसफर जोड़ी गईं।

तथापि, सभी बैंकिंग केन्द्रों पर 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों और विकलांग व्यक्तियों को डोरस्टेप बैंकिंग सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। डोरस्टेप बैंकिंग सेवाओं के लिए पंजीकरण भी योनो लाइट ऐप के माध्यम से उपलब्ध कराया जाता है।

8. वीडियो ग्राहक पहचान प्रक्रिया (वी-सीआईपी)

बैंकिंग सुविधा को ग्राहकों के करीब लाने के लिए आपका बैंक वी-सीआईपी प्रक्रिया के माध्यम से बचत बैंक खाते को डिजिटल रूप से घर, कार्यालय और अपनी सुविधा से खोलने की पेशकश करता है, जिससे ग्राहकों को शाखाओं में जाने की आवश्यकता नहीं है | वी सीआईपी के माध्यम से मार्च '22 तक 6 लाख ग्राहक हमसे जुड़ गए हैं।

9. वेतन पैकेज के लिए कॉरपोरेट और संस्थागत गठबंधन

इस वर्ष, आपके बैंक ने कॉरपोरेट वेतन संबंध प्रबंधकों के माध्यम से कॉरपोरेट, रक्षा, रेलवे और राज्य सरकार के कर्मचारियों के लिए वेतन पैकेज खाते खोलने पर ध्यान केंद्रित किया। मार्च'22 में कुल वेतन खाता ग्राहक आधार 179 लाख से अधिक तक पहुंच गया। वित्त वर्ष 2022 के दौरान 4.77 लाख नए वेतन पैकेज खाते खोले गए। चालू वित्त वर्ष के दौरान 1,291 नए कॉरपोरेट गठजोड़ किए गए थे। सीएसपी के तहत उन्हें प्राप्त लाभों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए विभिन्न संस्थाओं के कर्मचारियों के लिए 292 समर्पित और अनुकूलित वेतन पैकेज माइक्रोसाइट्स बनाई गई हैं।

10. डिजिटल वैयक्तिक ऋण उत्पाद

उच्च लाभ मार्जिन के साथ पोर्टफोलियो वृद्धि के लिए कई प्लेटफार्मों पर उत्पादों की पेशकश करते समय, आपके बैंक ने बैंकिंग में आसानी के साथ ग्राहकों की सुविधा को ध्यान में रखा है और योनो के माध्यम से निम्नलिखित प्रकार की सेवाओं की पेशकश की है। ग्राहक बिना किसी भौतिक प्रलेख और शाखा में आए बिना 24X7 इनका लाभ उठा सकते हैं।

i) पीएपीएल (प्री-अप्रूव्ड व्यक्तिगत ऋण)

ii) पीएएक्ससी (प्री-अप्रूव्ड एक्सप्रेस क्रेडिट)

iii) पीएपीएनएल (पूर्व-स्वीकृत पेंशन ऋण)

iv) एक्सप्रेस क्रेडिट के लिए इंस्टा टॉप-अप

v) इंस्टा पेंशन लोन

बैंक ने वित्त वर्ष 2022 के दौरान 11.40 लाख डिजिटल ऋण मंजूर किए हैं, जिसमें 21,118 करोड़ रुपए शामिल हैं, जबकि वित्त वर्ष 2021 के दौरान 11.60 लाख डिजिटल ऋण शामिल थे ।

11. एनआरआई व्यवसाय

31 मार्च 2022 तक, आपके बैंक में लगभग 36 लाख एनआरआई ग्राहक हैं, जिनकी आवश्यकताओं को भारत में 450 समर्पित विशिष्ट एनआरआई शाखाओं/एनआरआई गहन शाखाओं, 30 देशों में हमारे विदेशी कार्यालयों, 227 वैश्विक बैंकों के संपर्ककर्ता बैंकों के रूप में और 45 एक्सचेंज हाउस के साथ टाई-अप, धनप्रेषण की सुविधा के लिए पांच बैंक (मध्य-पूर्व में) इत्यादि के माध्यम से पूरा किया जा रहा है। एनआरआई ग्राहकों को वन स्टॉप सेवा प्रदान करने के लिए बैंक की सभी गैर-वित्तीय सेवाओं के लिए एर्नाकुलम में 'वैश्विक एनआरआई केंद्र (जीएनसी)' स्थापित किया गया है।

आपका बैंक 22.38% (जनवरी 2022 तक) की बाज़ार हिस्सेदारी के साथ भारत में एनआरआई बैंकिंग क्षेत्र में अग्रणी है।

आपके बैंक ने एनआरआई ग्राहकों के लाभ के लिए वित्तीय वर्ष 2021-22 में निम्नलिखित सेवाएं शुरू की हैं:

- एनआरई खाते से एफएक्स-आउट (आईएनबी चैनल) के माध्यम से विदेशी मुद्रा जावक प्रेषण के लिए दैनिक सीमा को 10 लाख रुपए से बढ़ाकर 18 लाख रुपए प्रतिदिन कर दिया गया है।
- इंटरनेट बैंकिंग और मोबाइल बैंकिंग में तत्काल वित्तीय लेन-देन के लिए एनआरआई ग्राहकों के लिए आईएमपीएस सुविधा का विस्तार।
- पिछले दो वर्षों (वित्तीय और कैलेंडर दोनों वर्षों) के लिए इंटरनेट बैंकिंग पर एनआरआई ग्राहकों के लिए उपलब्ध ब्याज प्रमाण पत्र।

12. बहुमूल्य धातु

सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड (एसजीबी): सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड योजना भारत सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2015-16 के दौरान निवेशकों के लिए भौतिक सोने के बजाय डिजिटल गोल्ड को बढ़ावा देने के इरादे से शुरू की गई थी। आपके बैंक ने वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान इस योजना के तहत 3052 किलोग्राम सोना (1452 करोड़ रुपए) जुटाया ।

स्वर्ण मुद्रीकरण योजना (जीएमएस): भारत सरकार ने वित्त वर्ष 2015-16 के दौरान घरों और संस्थानों के पास पड़े सोने को जुटाने के उद्देश्य से स्वर्ण मुद्रीकरण योजना शुरू की। वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान आपके बैंक ने 2901 किलोग्राम सोना जुटाया है।

अन्य स्वर्ण व्यवसाय:

मेटल गोल्ड लोन (एमजीएल): जीएमएस के तहत सोना जुटाने के अलावा बैंक द्वारा घरेलू और निर्यात उद्देश्यों के लिए सोने के आभूषणों के निर्माण में लगे ज्वैलर्स को मेटल गोल्ड लोन प्रदान करता है। वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान, आपके बैंक ने 7,461 करोड़ रुपए की राशि के 15.94 मीट्रिक टन के धातु स्वर्ण ऋण का विस्तार किया।

सोने की बिक्री (एसओजी): बैंक जौहरियों/ व्यापारियों को सोने की बिक्री (एसओजी) योजना भी प्रदान कर रहा है। वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान आपके बैंक ने इस योजना के तहत 2.7 मीट्रिक टन सोना बेचा है।

13. धन संपदा प्रबंधन व्यवसाय

बैंक की धन प्रबंधन सेवाएं देश भर के 74 प्रमुख केंद्रों में 172 वेल्थ हब और 5 ई-वेल्थ केंद्रों के नेटवर्क के माध्यम से प्रदान की जाती हैं।

एसबीआई वेल्थ ने वित्त वर्ष 21-22 के दौरान निवेश एयूएम और ग्राहकों के मामले में अनुकरणीय वृद्धि दर्ज किया है। निवेश एयूएम ₹ 8,592 करोड़ से बढ़कर ₹14,317 करोड़ हो गया है और ग्राहकों की संख्या 2,55,196 से बढ़कर 2,97,246 हो गई है। इस अवधि के दौरान ग्राहकों का एयूएम भी ₹2,07,167 करोड़ से बढ़कर ₹2,52,061 करोड़ हो गया।

एसबीआई वेल्थ को द इकोनॉमिक टाइम्स द्वारा 2021 के सर्वश्रेष्ठ ब्रांडों में से एक के रूप में चुना गया है।

ख. सर्व समय माध्यम

1. एटीएम/एडीडब्ल्यूएम

आपके बैंक के पास देश के सबसे बड़े एटीएम नेटवर्क में से एक है, जिसमें 31 मार्च 2022 तक 65,030 एटीएम हैं, जिसमें स्वचालित जमा और निकासी मशीन (एडीडब्ल्यूएम) शामिल हैं। आपके बैंक की एटीएम पूरे देश में मौजूद हैं, भले ही वह डल झील, श्रीनगर में तैरता एटीएम हो या केरल में एर्नाकुलम और वायपीन के घाट, असम के चाय बागान हों या अंडमान और निकोबार के द्वीप, लक्षद्वीप आदि। एसबीआई ने वाहनों में एटीएम भी स्थापित किए हैं (मोबाइल एटीएम) जो बाढ़, चक्रवात, लॉकडाउन आदि जैसी आपात स्थितियों / आपदाओं के दौरान ग्राहकों को सेवा देने में मदद करते हैं। इन मोबाइल एटीएम को नियमित रूप से ग्राहकों को दरवाजे पर सेवा प्रदान करने के लिए आर्मी बेस, हाउसिंग सोसाइटी, सरकारी कार्यालयों के विभिन्न साइटों कार्यालय स्थान, आईटी-टेक पार्क आदि पर भी भेजा जाता है।



एटीएम/एडीडब्ल्यूएम की संख्या में हमारी बाजार हिस्सेदारी 29.8% के उच्चतम स्तर पर है, जो घरेलू बाजार में स्थापित एटीएम के माध्यम से नकद वितरण (34%) के उच्चतम हिस्से को संभालती है। आपके बैंक के एटीएम/एडीडब्ल्यूएम में प्रतिदिन औसतन ~1.32+ करोड़ लेनदेन दर्ज किए गए।

सुरक्षित और संरक्षित बैंकिंग के लिए बैंक अत्याधुनिक तकनीकों को अपनाता है, अपग्रेड करता है और नियमित रूप से मशीनों को बदलता है।

धोखेबाजों द्वारा स्किमिंग, क्लोनिंग, कार्ड की चोरी आदि के खिलाफ एटीएम नकद निकासी की सुरक्षा को मजबूत करने के लिए, आपके बैंक ने अधिक सुरक्षित कार्ड की ईएमवी चिप के माध्यम से प्रत्येक लेनदेन को संसाधित करने के अलावा, ₹ 10,000 और उससे अधिक के सभी नकद निकासी लेनदेन के लिए 24x7 ओटीपी लागू किया है।

स्वयं बारकोड पर आधारित पासबुक प्रिंटिंग कियोस्क: आपके बैंक ने 19,500 स्वयं (बारकोड आधारित सेल्फ पासबुक प्रिंटिंग कियोस्क) स्थापित किए हैं।

ग्रीन चैनल काउंटर (जीसीसी): आपके बैंक ने ग्रीन बैंकिंग को बढ़ावा देने के लिए डेबिट कार्ड के माध्यम से लेनदेन के लिए खुदरा शाखाओं में जीसीसी टर्मिनल लगाए गए हैं। इनमें नकद निकासी, नकद जमा, एसबीआई खातों में धन हस्तांतरण, बैलेंस पूछताछ, ग्रीन पिन जारी करने और पिन परिवर्तन और मिनी स्टेटमेंट प्राप्त करने की सुविधा है।

ग्रीन रेमिट कार्ड (जीआरसी): जीआरसी एक नकद जमा कार्ड है जिसके माध्यम से जीसीसी/सीडीएम/एडीडब्ल्यूएम में जीआरसी का उपयोग करके आपके बैंक के पूर्व-निर्धारित खाते में धनराशि जमा की जा सकती है। जीआरसी के माध्यम से नकद जमा सुविधा 24*7 सीडीएम/एडीडब्ल्यूएम पर उपलब्ध है और विशेष रूप से प्रवासी श्रमिकों के लिए उपयोगी है। जीआरसी के लिए लेनदेन की सीमा रु. 25,000/- प्रति लेनदेन है, जिसकी मासिक सीमा रु.1,00,000/- है।

क्रेडिट योगदान एवं बिजनेस ड्राइवर: जबकि आपका बैंक अन्य भारतीय और विदेशी बैंकों के संयोजन के साथ सिंडिकेटेड सौदों के माध्यम से और द्विपक्षीय व्यवस्था के माध्यम से ईसीबी के द्वारा विदेशी मुद्रा में ऋण की व्यवस्था करके, अपनी वैश्विक विकास रणनीति में भारतीय कॉरपोरेट्स का एक सक्रिय भागीदार है, यह स्थानीय/वैश्विक बैंकों के साथ भागीदारी करके स्थानीय ऋण में अपनी उपस्थिति बढ़ा रहा है। आपके बैंक ने 31.03.2022 तक भारतीय कॉरपोरेट्स को 7.69 बिलियन अमरीकी डॉलर और विदेशी संस्थाओं को 16.72 बिलियन अमरीकी डॉलर का विदेशी मुद्रा ऋण स्वीकृत किया।

संवहनीयताः हमारे विदेशी कार्यालयों ने 1 बिलियन अमरीकी डालर की सीमा तक संवहनीयता से जुड़ी मूल्य निर्धारण वाली क्रेडिट सुविधाओं में भाग लिया है।

व्यापार वित्त: आपका बैंक भारत और विदेशों में सभी समय क्षेत्रों में संचालित व्यापक, सुसज्जित शाखा नेटवर्क के माध्यम से निर्यातकों और आयातकों को व्यापार वित्त उत्पादों और सेवाओं की श्रृंखला उपलब्ध कराता है। आईबीजी के वैश्विक व्यापार विभाग (जीटीडी) का उद्देश्य व्यापार वित्त पोर्टफोलियो के व्यवस्थित विकास के लिए हमारे विदेशी कार्यालयों (एफओ) का सहयोग करना है, बाजार की मांग और बदलते नियामक मानदंडों के अनुसार एफओ के लिए नीतियां और नए उत्पाद तैयार करना है।

जीटीडी भारतीय कॉरपोरेट्स को बोली प्रक्रिया के केंद्रीकृत हैंडलिंग द्वारा उनके आयात के लिए व्यापार क्रेडिट की सुविधा प्रदान करता है और अधिकतम लाभ के लिए घरेलू और विदेशी कार्यालयों के बीच व्यापार प्रवाह के तालमेल में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह व्यापार निकायों जैसे बीएएफटी (बैंकर्स एसोसिएशन फॉर फाइनेंस एंड ट्रेड), जीटीआर (ग्लोबल ट्रेड रिव्यू) आदि के साथ साझेदारी करके व्यापार संबंधी कार्यशालाओं/सम्मेलनों का भी आयोजन करता है। निर्यातकों/नियामकों/उद्योग की बड़ी कंपनियों के साथ नेटवर्किंग के लिए मंच प्रदान करने के लिए आईसीसी, एफआईईओ आदि के साथ साझेदारी करके कार्यशालाएं भी आयोजित की जाती हैं।

व्यापार वित्त व्यापार पोर्टफोलियो आईबीजी अग्रिम पोर्टफोलियो का ~ 31% हिस्सा है। ग्लोबल फाइनेंस मैगजीन द्वारा एसबीआई को लगातार दसवें वर्ष "बेस्ट ट्रेड फाइनेंस प्रोवाइडर(इंडिया)-2022" से सम्मानित किया गया है।

विदेशी ट्रेजरी प्रबंधन: अंतरराष्ट्रीय बैंकिंग समूह में ट्रेजरी मैनेजमेंट ग्रुप(टीएमजी) विदेशी कार्यालयों के लिए निम्नलिखित कार्य करता है:

- तरलता प्रबंधन
- डीलिंग रूम परिचालन
- निवेश

टीएमजी-आईबीजी आईबीजी के समग्र तरलता पोर्टफोलियो का प्रबंधन करता है और एएलएम अनुपात पर भी नजर रखता है। टीएमजी बॉन्ड जारी करने (एमटीएन/स्टैंडअलोन 144ए), सिंडिकेटेड लोन आदि के माध्यम से दीर्घकालिक और मध्यम अवधि के फंड जुटाने के लिए नोडल विभाग है। इसके अलावा, टीएमजी संसाधनों की लागत को नियंत्रण में रखने के लिए उधार के विभिन्न साधनों का भी उपयोग करता है। वित्त वर्ष के दौरान, संसाधनों की लागत को अनुकूलित करने के लिए, टीएमजी ने कुछ उच्च लागत वाली उधार का पूर्व भुगतान किया है और उन्हें कम लागत वाले निधियों के साथ बदल दिया है। टीएमजी प्रतिस्पर्धी मूल्य निर्धारण पर विदेशी मुद्रा वित्/ पुनर्वित्त की व्यवस्था करने में बहुपक्षीय/ अधिराष्ट्रिक (सुप्रानेशनल) संस्थाओं के साथ सक्रिय रूप से जुड़ा हुआ है।

वितीय वर्ष 22 के दौरान, बैंक ने जनवरी 2022 में अब तक के सबसे ऊंचे मूल्य पर किसी भी भारतीय बैंक द्वारा जारी किए गए 5 साल के बांड के लिए 300 मियो के फॉर्मोसा बांड जारी किए हैं। यह भारत में किसी भी वाणिज्यिक बैंक द्वारा जारी किया जाने वाला पहला फॉर्मोसा भी था।

टीएमजी बैंक के विदेशी परिचालनों के निवेश खाते का प्रबंधन भी करता है, जो वर्तमान में ~ 7.06 बिलियन अमेरिकी डॉलर है। ये निवेश आईबीजी के लिए स्थिर ब्याज आय प्रदान करते हैं और तरलता अनुपात को बनाए रखने में भी मदद करते हैं। विभाग प्रमुख केंद्रों पर डीलिंग रूम की निगरानी और मार्गदर्शन भी करता है, और एफओ में मुद्रा बाजार, विदेशी मुद्रा और व्युत्पन्न कार्यों की सुविधा प्रदान करता है।

वर्तमान में लंदन, न्यूयॉर्क, हांगकांग, बहरीन और आईएफएससी गिफ्ट सिटी में पांच प्रमुख डीलिंग रूम हैं, जो छोटे विदेशी कार्यालयों को उनके संचालन में मदद करने के लिए हब और स्पोक मॉडल पर काम करते हैं। आपका बैंक आईबीयू गिफ्ट सिटी को एक अन्य धन उगाहने वाले केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए भी काम कर रहा है। वित्त वर्ष 22 में, आपके बैंक ने पिछले वित्त वर्ष के दौरान शुरू किए गए हांगकांग, सिंगापुर और आईएफएससी बीयू (गांधीनगर) के माध्यम से रुपया नॉन-डिलीवरेबल फॉरवर्ड्स (एनडीएफ) में व्यापार

का विस्तार किया है और इस गतिविधि को अन्य केंद्रों में भी विस्तारित करने की उम्मीद कर रहा है।

टीएमजी ने बैंक में लिबोर पारगमन गतिविधियों का समन्वय किया है। आपके बैंक ने यूएसडी लिबोर के अलावा एआरआर में पारगमन के लिए 31 दिसंबर 2021 की ट्रांजिशन टाइमलाइन को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। सभी घरेलू शाखाएं और साथ ही विदेशी कार्यालय एआरआर से जुड़े उत्पादों को प्रस्तुत करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं तथा 01 जनवरी 2022 से एआरआर से जुड़े उत्पादों की पेशकश शुरू कर दी है।

वैश्विक भुगतान और सेवाएं वैश्विक भुगतान और सेवाएं अन्तर्राष्ट्रीय बैंकिंग समूह (आईबीजी) के तहत एक इकाई ग्लोबल पेमेंट्स एंड सर्विसेज (जीपी एंड एस) में तीन शाखाएं /कार्यालय शामिल हैं, जैसे ग्लोबल लिंक सर्विसेज (जीएलएस), अन्तर्राष्ट्रीय सेवा शाखा मुंबई (आईएसबीएम), और अन्तर्राष्ट्रीय सेवा शाखा एर्नाकुलम (आईएसबीई)। यह विदेशों से भारत के लिए ऑनलाइन आवक प्रेषण, विदेशी मुद्रा चेक संग्रह, वोस्ट्रो खाते खोलने और रखरखाव, एशियाई समाशोधन संघ (एसीयू) लेनदेन और विदेशी आर्थिक मामलों के बैंक (बीएफईए) सोवियत संघ के लेनदेन की सुविधा प्रदान करता है। वर्ष की मुख्य विशेषताएं हैं:

- विदेशों से भारत में आने वाले रुपए के प्रेषण को चैनलाइज़ करने के लिए 45 एक्सचेंज कंपनियों और पांच बैंकों के साथ टाई-अप।
- वित्त वर्ष 2022 के दौरान, घरेलू शाखाओं की ओर से जीपीएंडएस ने 55,467 निर्यात बिल (यूएसडी और यूरो में) और 16,500 विदेशी मुद्रा चेक संग्रह को मिलाकर कुल 14.98 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक का कारोबार किया।
- इसी अवधि के दौरान, जीपीएंडएस ने विभिन्न वैश्विक केंद्रों से प्राप्त 6.693 बिलियन अमरीकी डालर की राशि के 9.666 मिलियन ऑनलाइन आवक प्रेषण लेनदेन को संसाधित किए।
- विभिन्न संपर्ककर्ता बैंकों/विनिमय कंपनियों/एसबीआई विदेशी कार्यालयों के लिए 164 वोस्ट्रो खाते बनाए गए हैं।
- एसबीआई के लिए एसीयू/बीएफईए लेनदेन को संभालने के लिए अखिल भारतीय नोडल कार्यालय है ।

खुदरा कार्यनीति: आपका बैंक अपने विशिष्ट खुदरा और प्रेषण उत्पादों के माध्यम से दुनिया के विभिन्न हिस्सों में रहने वाले एनआरआई के लिए "भारत के लिए खिड़की" रहा है। इस वर्ष की उल्लेखनीय उपलब्धियां हैं:

योनो एसबीआई, बैंक की सबसे महत्वाकांक्षी और सुरक्षित डिजिटल उत्पादों में से एक है जो अब हमारे विदेशी कार्यालयों में ग्राहकों के लिए उपलब्ध करायी गई है। इसे यूके, कनाडा, मॉरीशस, नेपाल, मालदीव, बांग्लादेश, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका और बहरीन में सफलतापूर्वक लॉन्च किया गया है, जिसमें यूके और कनाडा में बगैर उपस्थिति के खाता खोलने की सुविधा है। हम वित्त वर्ष 2023 के दौरान सिंगापुर और यूएसए में एसबीआई योनो को लॉन्च करने की योजना बना रहे हैं। योनो के माध्यम से 83,000 से अधिक विदेशी ग्राहकों को जोड़ा गया है।

योनो एसबीआई यूके का "नमस्ते यूके" उत्पाद लॉन्च किया गया है, जो संभावित भारतीय प्रवासियों को यूके में उतरने से पहले ही, भारत से ही एसबीआई यूके के साथ खाता खोलने में सक्षम बनाता है। कनाडा के विश्वविद्यालयों में दाखिला लेने वाले भारतीय छात्रों के लिए छात्र जीआईसी खातों के लिए कनाडा में भी इसी तरह का उत्पाद लॉन्च किया गया है। हम आने वाले महीनों में सिंगापुर में भी इसी तरह का उत्पाद लॉन्च करने की योजना बना रहे हैं।

योनो ग्लोबल की "वन व्यू" सुविधा हमारे विदेशी कार्यालयों के ग्राहकों को योनो ग्लोबल ऐप के माध्यम से अपने घरेलू एसबीआई खातों को देखने की अनुमति देती है, व्यावहारिक रूप से घरेलू योनो एसबीआई की सभी पूछताछ सुविधाओं को हमारे वैश्विक संस्करण के साथ मिलाती है। 3900 से अधिक एसबीआई विदेश कार्यालय के ग्राहक पहले से ही इस सुविधा का उपयोग कर रहे हैं।

वित्तीय संस्थान समूह (एफआईजी) - संपर्की संबंध यह समूह अंतरराष्ट्रीय हितधारकों जैसे वित्तीय संस्थान (एफआई), विदेशी सरकार एजेंसियों और विकासात्मक वित्तीय संस्थान (डीएफआई), आदि के साथ बैंक के जुड़ाव की सुविधा प्रदान करता है और आईबीजी और अन्य व्यावसायिक कार्यक्षेत्र जैसे कॉरपोरेट खाता समूह, वाणिज्यिक ग्राहक समूह, खुदरा बैंकिंग समूह और वैश्विक बाजारों के बीच तालमेल की सुविधा प्रदान करता है।

एफआईजी 56 देशों में 224 बैंकों के नेटवर्क के साथ संपर्की बैंकिंग संबंधों को बनाए रखने और समीक्षा करने में एक धुरी के रूप में कार्य करता है। यह घरेलू और विदेशी दोनों कार्यालयों द्वारा स्थापित आरएमए (रिलेशनशिप मैनेजमेंट एप्लीकेशन) को भी बनाए रखता है, बैंक के पास अब तक 116 देशों में 845 बैंकों के साथ 4255 आरएमए हैं।

एफआईजी अपने एफआई सीआरएम (वित्तीय संस्थान - ग्राहक संबंध प्रबंधन) एप्लिकेशन के माध्यम से डेटा आधारित दृष्टिकोण अपनाता है, जो हमारे सहयोगी बैंकों के साथ जुड़ाव का 360-डिग्री दृश्य प्रदान करता है।

एफआईजी 30 देशों में हमारे अपने नेटवर्क द्वारा पेश की जाने वाली व्यापक उपस्थिति और उत्पाद क्षमताओं का उपयोग करके सभी भारतीय सार्वजनिक क्षेत्र और निजी क्षेत्र के बैंकों के लिए एसबीआई को पसंदीदा वैश्विक बैंकर बनाने का प्रयास करता है।

एफआईजी सीमा पार व्यापार वित्त, सिंडीकेटेड ऋण, ट्रेजरी और विदेशी मुद्रा समाधान और अन्य लेनदेन बैंकिंग गतिविधियों के क्षेत्रों में व्यापार विकास के लिए घरेलू और विदेशी वित्तीय संस्थानों के साथ संबंधों का लाभ उठाता है।

आपसी संबंध मूल्य को बैंक की निर्णय लेने की प्रक्रिया में शामिल किया जाता है जिसमें संसाधन जुटाना, नए नोस्ट्रो/वोस्ट्रो खाते खोलना और बैंकों के साथ रणनीतिक गठजोड़ व्यवस्था आदि शामिल हैं।

अंतरराष्ट्रीय बैंकिंग-घरेलू आपका बैंक घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संचालित एक व्यापक शाखा नेटवर्क के माध्यम से निर्यातकों और आयातकों को उत्पादों और सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करने के लिए अच्छी तरह से सुसज्जित है।

अंतरराष्ट्रीय बैंकिंग-घरेलू (आईबीडी) व्यापार वित्त और अंतरराष्ट्रीय बैंकिंग से संबंधित क्षेत्रों में घरेलू कार्यालयों और विदेशी कार्यालयों के बीच संपर्क के एकल बिंदु के रूप में कार्य करता है। आईबीडी का उद्देश्य घरेलू कार्यालयों और विदेशी कार्यालयों/संवाददाता बैंकों और व्यापारिक समुदाय के बीच एक मजबूत कड़ी के रूप में कार्य करके उनके बीच तालमेल और व्यापार प्रवाह में सुधार करना है।

आईबीडी शाखाओं, व्यापार निकायों और अन्य हितधारकों के साथ सक्रिय रूप से शामिल होकर निर्यात ऋण के विकास की सुविधा प्रदान करता है। परिणामस्वरूप, बैंक के निर्यात ऋण पोर्टफोलियो (बकाया ऋण) में 31 मार्च (वर्ष-दर-वर्ष) की स्थिति के अनुसार 32.98% की वृद्धि देखी गई।

व्यापार समुदाय को सुविधा उपलब्ध कराने के लिए आईबीडी द्वारा हर साल विदेशी मुद्रा सेवा शुल्कों को तर्कसंगत और बाजार के साथ समायोजित किया जा रहा है। आईबीडी एक्जिम एंटरप्राइज/स्विफ्ट में सिस्टम से संबंधित संवर्धन और अपडेट की सुविधा भी प्रदान करता है।

प्रसंस्करण के लिए केंद्रीकृत समन्वय सेल विदेशी बैंक गारंटी (सीसीसी-एफबीजी) आवक और जावक विदेशी बैंक गारंटी के विशेष रूप से आईबी-घरेलू के तत्वावधान में स्थापित किया गया है ताकि संवाददाता बैंकों/विदेशी कार्यालयों/घरेलू बैंकों/ घरेलू कार्यालयों को उनके काउंटर गारंटियों के आधार पर घरेलू/विदेशी बैंक गारंटी की मांग करने के लिए एक ही स्थान पर समाधान प्रदान किया जा सके।

आईबीडी पूरे बैंक में फेमा अनुपालन में सुधार लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। विभाग फेमा/आरबीआई दिशानिर्देशों में संशोधन के संबंध में निर्देश जारी करने के अलावा आरबीआई/फेमा से संबंधित रिटर्न समय पर प्रस्तुत करना सुनिश्चित करता है।

विदेशी कार्यालयों में प्रौद्योगिकी पहल: आपका बैंक प्रक्रियाओं को स्वचालित करने, ग्राहक अनुभव को बढ़ाने और जोखिम का प्रबंधन करने के लिए प्रौद्योगिकी समाधानों का लाभ उठा रहा है। आपका बैंक सभी भौगोलिक क्षेत्रों में हमारे ग्राहकों को ओमनी-चैनल अनुभव प्रदान करने के लिए लगातार डिजिटल चैनलों का लाभ उठा रहा है। योनो ग्लोबल ऐप खुदरा ग्राहकों को बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रमुख आधार के रूप में उभरा है। बैंकिंग सेवाओं तक पहुंचने के लिए ऐप का उपयोग करने वाले लगभग 50% ग्राहक आधार के साथ यह प्लेटफ़ॉर्म ऑनलाइन खाता खोलने, क्यूआर कोड के माध्यम से वास्तविक समय में भुगतान, बिल भुगतान आदि जैसी उन्नत सुविधाओं के साथ विकसित हुआ है।

आपके बैंक ने नवीनतम सुविधाओं और उद्योग मानकों के अनुरूप अपने ई-बैंकिंग वेब प्लेटफॉर्म के पूर्ण सुधार की शुरुआत की है। यह वर्ष के दौरान 6 भौगोलिक क्षेत्रों में पूरा किया गया है। बढ़ी हुई दक्षता के साथ-साथ लागत बचत के दोहरे उद्देश्यों को प्राप्त करने के उद्देश्य से, बैक-ऑफिस प्रक्रियाओं के समेकन ने अब 2 और भौगोलिक क्षेत्रों अर्थात कनाडा और सिंगापुर (यूके और बहरीन के अलावा) से नौकरियों के स्थानांतरण के साथ गति प्राप्त की है। आपके बैंक ने सुनिश्चित किया है कि उद्योग मानकों के अनुसार आंतरिक सेवा स्तर के समझौतों में प्रवेश करके इन सेवाओं के लिए डेटा गोपनीयता और उचित प्रशासन सहित सभी अनुपालन पहलुओं को सुनिश्चित करे।

अनुपालन को सर्वोच्च वरीयता देते हुए, आपके बैंक ने सभी भौगोलिक क्षेत्रों में निर्धारित समय सीमा के अनुसार नियामक निर्धारित आईटी विकास को आरंभ किया है। इनमें बहरीन में कार्ड टोकन और ऑनलाइन धनवापसी के कार्य शामिल है। अन्य विकासों में डेटा साझाकरण के लिए ऑनलाइन ग्राहक सहमति पंजीकरण तथा एएमएल-सीएफटी नियंत्रणों के लिए गो-एएमएल रिपोर्टिंग शामिल हैं।

यूएई एक्सपो 2020 के दौरान अध्यक्ष श्री दिनेश खारा का दुबई दौरा

श्री अश्विनी कुमार तिवारी (एमडी-आईबी, टीएंडएस) और श्री संजय डी नाइक (डीएमडी, आईबीजी) एसबीआई के सबसे पुराने विदेशी परिचालन कोलंबो शाखा में अपनी यात्रा के दौरान।

एसबीआई लंदन के शताब्दी समारोह की पूर्व संध्या के अवसर पर एलएसई मार्केट की ओपनिंग करते हुए अध्यक्ष श्री दिनेश खारा, साथ हैं श्री अश्विनी कुमार तिवारी (प्रबंध निदेशक- आईबी, टीएंडएस), श्री संजय डी नाइक (उप प्रबंध निदेशक- आईबीजी) तथा उच्चाधिकारी एल्डरमैन विन्सेंट केवेनी, लंदन शहर के लॉर्ड मेयर 2021-22 एवं लंदन स्टॉक एक्सचेंज पीएलसी की सीईओ जूलिया हॉगट।

आपके बैंक ने वर्ष के दौरान अपने विदेशी कार्यालयों/सहायक कंपनियों में एक अत्याधुनिक केंद्रीय प्रावधानित रिपोर्टिंग प्रणाली के माध्यम से नियामक रिपोर्टिंग का स्वचालन शुरू किया है और वित्तीय वर्ष 23 तक रोल-आउट पूरा करने की योजना है। आपके बैंक ने सिंगापुर में रीयल-टाइम तत्काल भुगतान प्रणाली, अर्थात् जी 3-फास्ट (FAST) के साथ ऑनलाइन एकीकरण पूरा कर लिया है। यह रीयल-टाइम के आधार पर (24x7x365) भुगतान प्रसंस्करण को सक्षम करेगा, निपटान जोखिम को कम करते हुए नवीन और व्यावसायिक रूप से आकर्षक उत्पादों को वितरित करने की क्षमता को अधिकतम करेगा।

7. वाणिज्यिक ग्राहक समूह (सीसीजी)

वाणिज्यिक ग्राहक

सीसीजी वर्टिकल मध्यम और बड़े कॉरपोरेट ग्राहकों की 50 करोड़ रुपए से अधिक के वित्त पोषण आवश्यकताओं को पूरा करता है। सीसीजी की देश भर में 51 शाखाएं फैली हुई हैं, जिनमें महाप्रबंधक की अध्यक्षता वाली 3 प्रत्यक्ष शाखाएं शामिल हैं। वर्टिकल में हीरा, सिरेमिक और पूंजी बाजार जैसे विशिष्ट उद्योगों को सेवा देने वाली विशेष शाखाएं भी शामिल हैं। इस वर्टिकल का मुख्य कार्य कॉरपोरेट ग्राहकों की संपूर्ण जरूरतों को पूरा करना, संबंधित जोखिमों का प्रबंधन करना और विकास की गति बनाए रखना है।

सीसीजी वर्टिकल का नेतृत्व उप प्रबंध निदेशक के द्वारा प्रबंध निदेशक (सीबी एवं जीबी) के संरक्षण में किया जाता है। इसके पोर्टफोलियो का प्रबंधन 5 मुख्य महाप्रबंधकों के द्वारा किया जाता है (1 मुख्य महाप्रबंधक परियोजना वित्त सहित) और 1 मुख्य महाप्रबंधक परिचालन का कार्यभार देखते हैं। सीसीजी में मुख्य महाप्रबंधक को कवरेज की गुणवत्ता में सुधार करने और पूरे समूह में जोखिम और आय के एक एकीकृत दृष्टिकोण से समन्वय के लिए समूह संबंध प्रबंधन का कार्यभार सौंपा गया है। सीसीजी का व्यवसाय मॉडल भी संबंध प्रबंधक के नेतृत्व में प्रत्येक रिलेशनशिप टीम के साथ संबंध प्रबंधन अवधारणा पर आधारित है और कुशल क्रेडिट विश्लेषकों और ऑपरेटिंग कार्यकर्ताओं द्वारा समर्थित है। इसलिए संबंध टीम ग्राहक की संपूर्णआवश्यकताओं को संभालने में सक्षम है और विभिन्न एसबीयू में उपलब्ध कुशल प्रबंधकों का इस कार्य में उपयोग करती है जिससे ग्राहक की आवश्यकताओं का संपूर्ण समाधान किया जा सके। सीसीजी ने 7 जून, 2019 के आरबीआई के दिशानिर्देशों के तहत और 200 करोड़ रुपए से अधिक के जोखिम वाले ग्राहकों के लिए अनुमोदित समाधान योजना की निगरानी तथा महामारी के कारण समाधान की आवश्यकता वाले ग्राहकों की विशेष आवश्यकताओं को संभालने के लिए केंद्रीकृत समाधान टीम का भी गठन किया है। समय पर और व्यापक हस्तक्षेप समाधान के लिए सबसे महत्वपूर्ण पहलू है।

वर्ष के दौरान निर्यात ऋण वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए कुछ प्रमुख पहल इस प्रकार हैं:

टी-बिल दर का रूपया निर्यात ऋण में विस्तार: बाहरी बेंचमार्क (टी-बिल दर) से जुड़ी ब्याज दरों को डब्ल्यूसीएल और एलसी बिल डिस्काउंटिंग सुविधाओं तक बढ़ाया जाता है ताकि टॉप-रेटेड उधारकर्ताओं को उपयोग की सीमा बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। वर्तमान प्रतिस्पर्धी बाजार को ध्यान में रखते हुए, ब्याज दरों से जुड़ी टी-बिल दर को भी रुपया निर्यात पैकिंग क्रेडिट सुविधाओं तक बढ़ा दिया गया है।

निर्यातकों की बैठकः एसबीआई द्वारा दी जाने वाली बैंकिंग सुविधाओं के बारे में निर्यातकों की जागरूकता बढ़ाने के लिए भारत भर में विभिन्न निर्यातकों की बैठकें आयोजित की जा रही हैं।

ट्रैक्स (TRRACS) सॉफ्टवेयरः आपके बैंक ने ट्रेड रेगुलेटरी रिपोर्टिंग एंड कंप्लायंस सॉल्यूशन (टीआरआरएसीएस) सॉफ्टवेयर प्रस्तुत किया है, जिससे समय के साथ लंबित ईडीपीएमएस/आईआरएम/निर्यात अग्रिम की प्रविष्टियों में कमी आई है और हम इन प्रविष्टियों को हटाने में काफी हद तक सफल हुए हैं।

इन पहलों के अलावा डिजिटल इंटरफेस ऑन प्राइसिंग एंड नॉलेज (DIPAK), एक मूल्य निर्धारण उपकरण, हमारे कॉरपोरेट ऋणों के डेटा-संचालित मूल्य निर्धारण को मजबूत करने के लिए संचालन अधिकारियों और मंजूरी समिति यों को उपलब्ध कराया गया है। यह सीसीजी की सभी शाखाओं में सक्रिय रूप से उपयोग किया गया है।

परियोजना वित्त एवं एसबीयू को संरचित करना

आपके बैंक की विशेष व्यावसायिक इकाई जिसे परियोजना वित्त एवं संरचना कार्यनीति व्यवसाय इकाई (पीएफ एंड एस एसबीयू) के रूप में जाना जाता है, बुनियादी ढांचे और अन्य क्षेत्रों जैसे बिजली, सड़क, बंदरगाह, रेलवे, हवाई अड्डे, रिफाइनरी में बड़ी परियोजनाओं के लिए धन के मूल्यांकन और व्यवस्था से संबंधित है। इसमें अन्य गैर-बुनियादी ढांचा परियोजनाओं जैसे कि धातु, उर्वरक, सीमेंट, तेल और गैस, कांच आदि को भी न्यूनतम परियोजना लागत पर निश्चित सीमा के साथ शामिल किया गया है। पीएफ एंड एस एसबीयू अन्य वर्टिकल को उनके बड़े टिकट मीयादी ऋण प्रस्तावों की जांच में भी सहायता प्रदान करता है। बुनियादी ढांचे के वित्तपोषण के लिए नीति और नियामक ढांचे को मजबूत करने

के लिए, भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और आरबीआई को नई नीतियों, आदर्श रियायत समझौतों और बुनियादी ढांचे के वित्त में व्यापक मुद्दों पर ऋणदाताओं के विचारों के संबंध में जानकारी प्रदान की जाती है।

सरकार द्वारा विभिन्न पहलों, क्षेत्रीय सुधारों और प्रोत्साहनों जैसे राष्ट्रीय अवसंरचना पाइपलाइन (एनआईपी), राष्ट्रीय मुद्रीकरण योजना (एनएमपी), निष्पादन से जुड़ी योजनाओं (पीएलआई), सार्वजनिक संस्थाओं के विनिवेश के साथ-साथ ऋण निरंतर ऋण प्रदान करना, गति शक्ति, नेशनल सिंगल विंडो सिस्टम (एनएसडब्ल्यूएस) आदि बुनियादी ढांचा क्षेत्र में निवेश में कदम बढ़ाया गया है। इसके परिणामस्वरूप विशेष रूप से शहरी गैस वितरण, मार्ग, नवीकरणीय ऊर्जा, मेट्रो रेल, ग्रीन हाइड्रोजन, गोदाम जैसे क्षेत्रों में नई परियोजनाएं शुरू हुई हैं।

आपका बैंक सरकार के मंत्रालयों, प्राधिकरणों और विशेष विपणन प्रयासों के साथ निरंतर संपर्क में है और उपरोक्त से उत्पन्न होने वाले अधिक व्यावसायिक अवसरों को प्राप्त करने और संरचना ऋण खंड में नेतृत्व करने की स्थिति बनाए रखने के लिए अच्छी तरह से तैयार है। आपका बैंक कार्यान्वयन के तहत आने वाली सभी परियोजनाओं की बारीकी से निगरानी कर रहा है और अल्प से मध्यम अवधि में कोविड-19 महामारी के प्रभाव से मुक्त हो जाने की उम्मीद करता है।

आपके बैंक ने उधार, बांड, अंतरराष्ट्रीय बैंकिंग और संरचित / मेजेनाइन फाइनेंस में महत्वपूर्ण प्रस्तावों के लिए सौदा संरचना का समर्थन करने के लिए 'स्ट्रक्चरिंग विशेषज्ञों' की एक अनुभवी टीम भी स्थापित की है।

8. तनावग्रस्त आस्ति प्रबंधन

आज, एसआरएजी आपके बैंक के सबसे महत्वपूर्ण वर्टिकलों में से एक है और आपके बैंक का जीएनपीए नीचे की ओर गतिशील है। एसआरएजी द्वारा तनावग्रस्त आस्तियों का समाधान आपके बैंक के लिए निम्नलिखित अप्रत्यक्ष आय उत्पन्न करने वाले अवसर प्रस्तुत करता है:

- एनपीए एवं एयूसीए में नकदी वसूली
- ऋण हानि के प्रावधानों में कमी
- अपने बैंक के अंतिम लाभ-हानि में योगदान
- ऋण विस्तार के लिए पूंजी को अनलॉक करना

ट्रिम्फ ऑफशोर प्रा. लिमिटेड

टोल ऑपरेट ट्रांसफर

रामागुंदम फर्टिलाईजर एंड केमिकल लिमिटेड

हिन्दुस्तान उर्वरक एंड रसायन लिमिटेड

नायरा एनर्जी प्रा. लिमिटेड

पिछले पाँच वित्तीय वर्षों के दौरान बैंक में एनपीए का रुझान तथा बट्टे खाते में वसूली:

(रु करोड़ में)

विवरण	वित्तीय वर्ष 2018	वित्तीय वर्ष 2019	वित्तीय वर्ष 2020	वित्तीय वर्ष 2021	वित्तीय वर्ष 2022
सकल एनपीए	2,23,427	1,72,750	1,49,092	1,26,389	1,12,023
सकल एनपीए %	10.91%	7.53%	6.15%	4.98%	3.97%
निवल एनपीए %	5.73%	3.01%	2.23%	1.50%	1.02%
नए स्लिपेज + बकाया में वृद्धि	1,00,287	39,740	54,510	29,332	26,776
नकदी वसूली / उन्नयन	14,530	31,512	25,781	17,632	21,437
बट्टा खाता	40,196	58,905	52,387	34,403	19,705
एयूसीए में वसूली	5,333	8,345	9,250	10,297	7,782
पीसीआर (एयूसीए सहित)	66.17%	78.73%	83.62%	87.75%	90.20%
पीसीआर (एयूसीए रहित)	50.38%	61.86%	65.21%	70.88%	75.04%

महामारी के बाद उत्पन्न चुनौतियों से बाहर आने के बाद आपका बैंक अपने उधारकर्ताओं को नई चुनौतियों का सामना करने के लिए सहायता प्रदान करके उन्हे अर्जनशील आस्तियों के रूप में बनाए रखने हेतु सभी प्रकार के पूर्व-निवारक उपाय कर रहा है। हालांकि, निम्नानुसार लगातार वसूली के प्रयासों के कारण पिछले कुछ वर्षों में एनपीए का वर्तमान स्तर काफी नीचे आ गया है।

- तनावग्रस्त आस्तियों के समाधान के लिए दिवाला और दिवालियापन संहिता (आईबीसी) 2016 ने बैंक को तनावग्रस्त आस्तियों से निपटने के लिए एक समयबद्ध, पारदर्शी और प्रभावी तंत्र प्रदान किया है। कोड के तहत एनसीएलटी को संदर्भित कुछ उच्च-मूल्य वाले एनपीए खातों में समाधान प्राप्त किए गए हैं। समाधान के लिए एनसीएलटी को भेजे गए मामलों की निगरानी एसएआरजी में एक विशेष एनसीएलटी सेल में की जाती है। 31 मार्च 2022 को एनसीएलटी को कुल 994 मामलों को (पूरे बैंक से) भेजा गया था, जिनमें से 773 मामलों को स्वीकार कर लिया गया है। इसके अलावा, 152 मामलों को हल किया गया है, जिसमें आरबीआई की पहली और दूसरी संदर्भ सूचियों से कुछ उच्च-मूल्य वाले खाते भी शामिल हैं।
- पात्र मामलों से समस्याग्रस्त ऋणों की वसूली के लिए ओटीएस/समझौता मार्ग का भी पता लगाया गया है। बैंक के बोर्ड ने विभिन्न उत्पादों के लिए गैर-विवेकाधीन एवं भेदभाव-रहित ओटीएस योजना का अनुमोदन किया है तथा अधिक से अधिक समाधान के लिए सभी योग्य उधारकर्ताओं को प्रस्ताव किया गया है।
- उच्च मूल्य की तनावग्रस्त आस्तियों के समाधान के लिए विवेकपूर्ण ढांचे पर आरबीआई के 7 जून 2019 के परिपत्र में इन खातों (एनसीएलटी प्रक्रिया से बाहर) के समयबद्ध समाधान के लिए एक नया अवसर प्रदान किया गया है। आपका बैंक सक्रिय रूप से इस मॉडल के तहत समाधान की खोज कर रहा है।
- गैर-एनसीएलटी मामलों में सरफेसी अधिनियम के तहत कार्रवाई, डीआरटी और अदालतों में वाद दायर करने के माध्यम से वसूली का प्रयास किया जाता है। आईबीए के तत्वावधान में एक समान ई-नीलामी मंच https:// ibapi.in ("ई-क्रय"- भारतीय बैंक बंधक संपत्ति नीलामी सूचना) के माध्यम से गिरवी रखी गई संपत्तियों की बिक्री का पता लगाया जाता है।

क्षेत्र विशिष्ट लक्षित दृष्टिकोण: तनावग्रस्त आस्ति समाधान समूह (एसएआरजी) ने क्षेत्र विशिष्ट दृष्टिकोण के साथ एनपीए के समाधान को प्राथमिकता प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित किया। वर्तमान में, वर्टिकल का नेतृत्व प्रबंध निदेशक द्वारा किया जाता है, जिन्हें उप प्रबंध निदेशक और तीन मुख्य महाप्रबंधक क्षेत्रवार पोर्टफोलियो की देखरेख करते हुए सहयोग करते हैं और एक मुख्य महाप्रबंधक (परिचालन) खातों के क्रेडिट पोर्टफोलियो की निगरानी करते हैं, जो रु. 50 करोड़ तक के बकाया खातों और परिसमापन के अधीन खातों के क्रेडिट पोर्टफोलियो की निगरानी करते हैं। छह महाप्रबंधकों के मार्गदर्शन में खाता प्रबंधन टीमें कार्य करती हैं। मार्च 2021 तक, एसएआरजी की देश भर में 17 दबावग्रस्त आस्ति प्रबंधन शाखाएं (एसएएमबी) और 47 दबावग्रस्त आस्ति वसूली शाखाएं (एसएआरबी) हैं, जिनमें आपके बैंक के एनपीए और एयूसीए का क्रमशः 56% और 88% हिस्सा शामिल है।

एनपीए पोर्टफोलियो का उद्योग-वार वितरण (31 मार्च, 2022 तक):



समझौता एवं एनसीएलटी: सामान्य वसूली के अलावा, एसएआरजी में वसूली का एक महत्वपूर्ण हिस्सा समझौता एवं एनसीएलटी से आता है। वर्टिकल समय-समय पर विशेष ओटीएस योजनाओं (गैर विवेकाधीन और भेदभाव रहित) को भी लागू करता रहता है। नकद एवं / अथवा सिक्युरिटी रसीदों (एसआर) के आधार पर आस्ति पुनर्निर्माण कंपनियों (एआरसी) को आस्तियों की बिक्री की देखभाल करने के लिए एक टीम का गठन किया गया है

विभिन्न माध्यमों से की गई वसूली (रु करोड़ में) एवं कुल वसूली में हिस्सेदारी प्रतिशत (31.03.2022)



तनावग्रस्त आस्तियों के समाधान में नवाचार: एसएआरजी ने विशिष्ट अभिनव तरीकों की शुरुआत की और आपके बैंक को अखिल भारतीय आधार पर बड़ी संख्या में संपत्तियों की मेगा ई-नीलामी की व्यवस्था करने जैसे क्षेत्रों में प्रथम-प्रवर्तक का लाभ मिला। इस उद्देश्य के लिए, बैंक पीएसबी के लिए उपलब्ध सामान्य लैंडिंग प्लेटफॉर्म का भी व्यापक उपयोग कर रहा है (https://ibapi.in 'ई-बी क्रय' - भारतीय बैंक बंधक संपत्ति नीलामी सूचना)।

आईबीसी के तहत समाधान एक बाजार उन्मुख तंत्र है जहां एक विशेष तनावग्रस्त कॉरपोरेट देनदार के लिए बोलीदाताओं की अधिक संख्या होने के परिणामस्वरूप उधारदाताओं के लिए बेहतर मूल्यांकन और वसूली का महत्तम मूल्यांकन होता है। इसलिए, एक व्यापक निवेशक आधार तक पहुंचने और आईबीसी समाधान से गुजरने वाली या आईबीसी से जाने वाली, दोनों प्रकार की आस्तियों से बने हमारे तनावग्रस्त आस्ति पोर्टफोलियो को प्रदर्शित करने के लिए एसएआरजी में एक विपणन टीम की स्थापना की गई है।

एनएआरसीएल को पात्र आस्तियों के अंतरण की निगरानी भी एसएआरजी में की जा रही है, जिसमें पहले से ही अपेक्षित समर्थकों को कार्यान्वित किया गया है ताकि पहचान की गई आस्तियों का निर्बाध अंतरण सुनिश्चित किया जा सके। लगभग 17,000 करोड़ रुपए के कुल एक्सपोजर वाले लगभग 22 खातों को चरण I और II में एनएआरसीएल को हस्तांतरित करने का प्रस्ताव है।

वसूली में तेजी लाने के लिए तनावग्रस्त खातों में किए गए कानूनी उपायों की बेहतर निगरानी करने के लिए एलआईटीएमएएस (मुकदमा प्रबंधन प्रणाली) सहित विभिन्न नई सूचना प्रौद्योगिकी पहलों को शुरू किया गया है। इससे प्रक्रिया की पारदर्शिता और दक्षता अधिक मजबूत होगी।

IV. सहायता और नियंत्रण परिचालन

1. मानव संसाधन और प्रशिक्षण

क. मानव संसाधन

आपके बैंक का यह मानना है कि उसके वर्तमान और भावी सभी संस्थागत लक्ष्यों को प्राप्त करने में उसके कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। एसबीआई ने कोविड महामारी के अशांत अवधि के दौरान भी बैंक के निष्पादन को और अधिक ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए कर्मचारियों के कठिन प्रयासों को माना है। आपके बैंक की मानव पूँजी ने प्रौद्योगिकी के मोर्चे पर नए युग की चुनौतियों का सामना करने के लिए उच्च प्रेरणा और भावना का प्रदर्शन किया है।

मानव संसाधन (एचआर) नीतियां लंबे समय तक आपके बैंक को कर्मचारी उन्मुख, लाभकारी एवं वृद्धिशील व्यावसायिक संगठन बनाने में केंद्रित है।

दिनांक 31 मार्च, 2022 को संक्षिप्त मानव संसाधन प्रोफाइल निम्नानुसार है :-

श्रेणी	वित्तीय वर्ष 2021	वित्तीय वर्ष 2022
अधिकारी	1,08,772	1,11,549
सहयोगी	1,00,796	99,259
अधीनस्थ स्टाफ और अन्य	36,084	33,442
कुल	**2,45,652**	**2,44,250**

उत्पादकता बढ़ाने हेतु पहल

आपका बैंक मानव संसाधन के इष्टतम उपयोग को सुनिश्चित करने हेतु जनशक्ति आयोजना के लिए शाखा-आधारित मॉडल अपनाता है। यह मॉडल शाखाओं में उत्पादकता मापदंडों जैसे परिचालन के लिए पहचान किए गए कार्य संचालकों, लेनदेन लोड कारक, अग्रिम खातों की संख्या, प्रचालन इकाइयों के फीडबैक तथा संगठनात्मक संरचना आदि पर आधारित है।

आपके बैंक ने अपनी पदोन्नति और स्थानांतरण प्रक्रिया को सुव्यवस्थित किया है और ये अब वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही में पूरी हो गई हैं। वर्ष के अधिकांश भाग के दौरान, यह शाखाओं और अन्य इकाइयों को व्यावसायिक गतिविधियों पर सक्रिय रूप से ध्यान केन्द्रित करने के लिए आवश्यक आश्वासन और स्थिरता प्रदान करता है। इस वर्ष कोविड-19 महामारी से उत्पन्न चुनौतियों के बावजूद पदोन्नति प्रक्रिया को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरा किया गया।

प्रोजेक्ट "सक्षम" के अंतर्गत आपके बैंक की कैरिअर विकास प्रणाली (सीडीएस) कर्मचारी के ऑकलन के लिए एक पारदर्शी, विश्वसनीय डेटा-समर्थित कार्य-निष्पादन मूल्यांकन प्रक्रिया सुनिश्चित करती है। यह प्रणाली पर्याप्त जवाबदेही, कार्य निष्पादन की दृश्यता और व्यक्तिगत तथा संस्थागत लक्ष्यों के बीच पर्याप्त सामंजस्य सुनिश्चित करती है।

विशाल फुटप्रिंट और विविध भूमिकाओं वाले बैंक की सफलता के लिए विशिष्ट कौशल

महत्वपूर्ण होते हैं। आपके बैंक ने कर्मचारियों के ज्ञान क्षेत्र को विस्तारित करने और उनमें निपुणता बढ़ाने के लिए सात जॉब फैमिली और कैरिअर पाथ यथा-क्रेडिट और जोखिम, विक्रय, विपणन और संचालन, मानव संसाधन, वित्त और लेखा, ट्रेजरी और विदेशी मुद्रा, आईटी और विश्लेषिकी के आधार पर स्केल-II से V तक के अपने अधिकारियों के लिए सुनिश्चित किया है।

कार्यपालक स्तर के पदों पर अबाध परिवर्तन (ट्रॉसिशन) सुनिश्चित करने के लिए आपके बैंक द्वारा सभी वरिष्ठ और महत्वपूर्ण स्तर के पदों के लिए ''उत्तराधिकारी योजना'' नीति लागू की गई है। वित्त वर्ष 2022 के दौरान सभी डीएमडी, सीजीएम और जीएम के महत्वपूर्ण प्रोफाइल के लिए उत्तराधिकार योजना का कार्य पूरा कर लिया गया है।

आपके बैंक में ''एसबीआई जेम्स'' की एक ऐसी व्यवस्था उपलब्ध है जो संस्थागत स्मृति विकसित करने को मान्यता देने, उसे बनाए रखने के लिए प्रेरित करने का कार्य करती है।

भर्ती

तेजी से बदलते व्यवसाय की जरूरतों की पूर्ति करने एवं विनियामक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए आपका बैंक संपदा प्रबंधन, सूचना प्रौद्योगिकी, सूचना सुरक्षा, जोखिम,ऋण और लेखा परीक्षा आदि क्षेत्रों में लेटरल/ संविदा आधार पर विशिष्ट प्रतिभाओं की सक्रियता से भर्ती कर रहा है।

आपका बैंक भर्ती प्रकिया में डिजिटल प्लेटफॉर्म का व्यापक उपयोग कर रहा है, जिससे विभिन्न प्रकार की योग्यता रखने वाले उम्मीदवारों को बैंक में लाया जा सके। फेसबुक और इंस्टाग्राम हैंडल पर हमारी भर्ती अधिसूचना प्रकाशित करने के साथ ही Linkedin, naukari.com, lim.jobs, आदि पर भी प्रकाशित किए जाते हैं। हमारी भर्ती प्रक्रिया में सामाजिक और डिजिटल मीडिया के प्रयोग ने बैंक को तकनीकी दक्ष (टेक्नो-सेवी) और महत्वाकांक्षी उम्मीदवारों के एक बड़े समूह तक पहुंचने में सक्षम बनाया है। विशेषज्ञ पदों की भर्ती के लिए बैंक ने आईसीएआई जैसे पेशेवर निकायों के साथ भी करार किया है, जिससे योग्य उम्मीदवार मिल सकें।

आपके बैंक ने अपने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को अनुबंध और अल्पावधि आधार पर विपणन, तनावग्रस्त आस्तियों की वसूली, डिजिटल पहल, जोखिम प्रबंधन, लेखा परीक्षा और अनुपालन, एटीएम निगरानी और चैनल प्रबंधन एवं अन्य पदो पर भर्ती के लिए एक व्यापक नीति तैयार की है। यह कौशल अंतर को भरने की सुविधा प्रदान करेगा और बैंक को अपने व्यय को आय के अनुपात में कम करने में सहायता करेगा।

लैंगिक विविधता : लैंगिक संवेदनशीलता और समावेशिता हमेशा आपके बैंक की मानव संसाधन नीति की आधारशिला रही है। कुल कार्य-बल में से महिलाओं का प्रतिनिधित्व 26.55% है । महिला कर्मचारी पदानुक्रम के स्तरों के साथ-साथ भौगोलिक विस्तार में देश भर में फैली हुई हैं।

आरक्षण और समान अवसर: आपका बैंक अनु. जा./अनु.ज.जा./अ.पि.व./इडब्ल्यूएस/दिव्यांगों के लिए आरक्षण नीति पर भारत सरकार के निर्देशों का दृढ़तापूर्वक पालन करता है। आपके बैंक के सभी संवर्गों में अनु.जा., अनु.ज.जा.,अ. पि.व. और दिव्यांगों का प्रतिनिधित्व है। भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार आपके बैंक ने 1 फरवरी, 2019 से 'सीधी भर्ती में आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों'' के लिए आरक्षण को लागू किया है ।

31 मार्च 2022 तक का प्रतिनिधित्व

संवर्ग	कुल	एससी	एसटी	ओबीसी	ईडब्ल्यूएस	डीएपी*
अधिकारी	1,11,549	20,366	9,419	25,764	246	2,415
लिपिक	99,259	15,750	7,686	25,987	693	2,475
अधीनस्थ स्टाफ	33,442	8,101	2,164	8,662	0	206
कुल	**2,44,250**	**44,217**	**19,269**	**60,413**	**939**	**5,096**

* नि:शक्तजन (दिव्यांग व्यक्ति)

औद्योगिक संबंध और कर्मचारी कल्याण: आपके बैंक का स्टाफ और अधिकारी संघों के साथ सौहार्दपूर्ण संबंध है। आपका बैंक एक स्वस्थ और खुशहाल कार्यबल को बढ़ावा देने के लिए कार्यस्थल पर एक स्वस्थ्य कार्य परिवेश, पारस्परिक सम्मान और सहानुभूति पर लगातार जोर देता आ रहा है। आपके बैंक ने वर्ष के दौरान कर्मचारी कल्याण में कई युगांतकारी पहल की हैं। ये पहल यह सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण हैं कि आपका बैंक भारतीय बैंकिंग क्षेत्र में सबसे आगे बना रहे और हमारे कर्मचारी कल की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार रहें।

कोविड-19 महामारी : वित्तीय वर्ष 2022 की शुरुआत में कोविड महामारी की दूसरी लहर ने देश पर जबरदस्त कहर बरसाया जिससे जन-जीवन को भारी क्षति हुई जिसमें एसबीआई के अनेक कर्मचारी भी शामिल हैं। हालांकि यह बैंक के प्रतिबद्ध फ्रंटलाइन कर्मचारियों की अटूट कार्य भावना को नहीं रोक सका, जिन्होंने महामारी संबंधी प्रतिबंधों तथा लॉकडाउन के कारण कर्मचारियो की कम संख्या के साथ अपने मौजूदा काम के मॉडल में बेहतर सुधार कर देश भर में निर्बाध रूप से वित्तीय सेवाएं प्रदान करना सुनिश्चित किया। आपके बैंक ने प्रतिष्ठत अस्पतालों, हेल्थ केयर प्रोवाइडरों और स्थानीय प्राधिकारियों के सहयोग से टीकाकरण शिविरों की व्यवस्था कर सभी कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों के लिए पूरे भारत में एक गहन टीकाकरण अभियान चलाया है। इस टीकाकरण अभियान के दौरान लगभग 100% पात्र कर्मचारियों का आंशिक रूप से टीकाकरण किया गया और 90% से अधिक कर्मचारियों का पूर्ण टीकाकरण किया गया। इन उपायों ने सबसे चुनौतीपूर्ण समय में निर्बाध रूप से बैंकिंग परिचालन सुनिश्चित किया है और सभी कर्मचारियों को संकट से कुशलतापूर्वक निपटने के लिए प्रेरित किया है। राष्ट्र हित के लिए बैंक के 66वें स्थापना दिवस के अवसर पर लगभग 2.50 लाख कर्मचारियों ने स्वेच्छा से आगे बढ़कर पीएम केयर्स फंड में रू. 62.62 करोड़ की राशि दान में दी। यह आपके बैंक की कोविड-19 महामारी के खिलाफ लड़ाई में देश के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह लगातार दूसरा वर्ष था जब स्टेट बैंक के कर्मचारियों ने पीएम केयर्स फंड में योगदान दिया है। गत वर्ष भी उन्होंने इसी कारण से रू.100 करोड़ का योगदान दिया था।

सेवानिवृत्त कर्मचारियों की देखभाल और सहायता : भारत सरकार और आरबीआई के निर्देशों के अनुपालन में, आपके बैंक ने बिना किसी सीमा के 30% की एक समान दर पर देय पारिवारिक पेंशन में संशोधन किया है । पेंशनभोगियों की मदद के लिए ''जीवन प्रमाण पोर्टल'' पर वीडियो जीवन प्रमाण पत्र जमा करने की चरणबद्ध प्रकिया को प्रदर्शित करने वाला एक 'ऑडियो विजुअल गाइड'' शुरू किया गया है। आपके बैंक ने एसबीआई परिवार पेंशनभोगियों को "MY HRMS" ऐप के माध्यम से ''वीडियो आधारित जीवन प्रमाणपत्र'' जमा करने की सुविधा भी प्रदान की है।

ख. प्रशिक्षणः व्यापक परिपर्तन

आपके बैंक में प्रशिक्षण का उद्देश्य सदैव बेहतर व्यावसायिक प्रदर्शन और ग्राहक अभिमुखिकरण के लिए हमेशा कार्यबल के ज्ञान, कौशल और दृष्टिकोण को बढ़ाना रहा है। भविष्य के प्रति आशावादी दृष्टिकोण के साथ-साथ नई सामाजिक-आर्थिक वास्तविकताओं के लिए प्रशिक्षण प्रणाली का पुनर्विन्यास करने की आवश्यकता के साथ बैंक की कार्यनीतिक प्रशिक्षण इकाई (एसटीयू) ने कर्मचारियों के लिए स्मार्ट और अधिक प्रभावशाली रूप से सीखने का सफर तैयार करने के लिए प्रशिक्षण पारिस्थितिकी तंत्र में महत्वपूर्ण परिवर्तन किए हैं। हमारे छह उच्च स्तरीय शीर्ष प्रशिक्षण संस्थानों (एटीआई) और

50 स्टेट बैंक ज्ञानार्जन और विकास संस्थानों (एसबीआईएलडी) द्वारा वर्ष के दौरान की गई पहल सफल रही है और इसकी बहुत सराहना की गई है।

क. अधिक प्रभावी ज्ञानार्जन के लिए अद्‌वितीय कार्यक्रम बनाना

युवा कर्मचारियों के लिए "सामर्थ्य" सक्रियता कार्यक्रम: आपके बैंक ने दिसंबर 2021 में 35 या उससे कम आयु वर्ग के सभी युवा कर्मचारियों के लिए सामर्थ्य सक्रियता कार्यक्रम को प्रारम्भ किया है । कार्यक्रम को एक अद्‌वितीय नए हाइब्रिड चैनल - "स्मार्ट क्लासरूम" के माध्यम से मिले जुले रूप से सीखने के लिए तैयार किया गया है । अधिकारी और लिपिक कर्मचारी दोनों एक समूह के रूप में कार्यक्रम में भाग लेते हैं जो दृष्टिकोण और विचारों के समृद्ध पारस्परिक संप्रेषण को बढ़ावा देता है । इस कार्यक्रम के तहत 67000+ कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया जाना है और वित्त वर्ष 2021-22 में 72% को प्रशिक्षित किया गया है। कार्यक्रम का उद्देश्य युवा कर्मचारियों को एक सकारात्मक सेवा अभिविन्यास के साथ उनसे अपेक्षित नैतिक और पेशेवर मानकों की एक स्पष्ट तस्वीर प्रदान करना है ताकि वे वास्तव में हमारे महान संगठन का प्रतीक बन सकें जो 200 से अधिक वर्षों से भारत की सेवा कर रहा है।

"नेतृत्व के पाठ": आपके बैंक ने नए पदोन्नत महाप्रबंधकों / उप महाप्रबंधकों के लिए शीर्ष प्रबंधन और प्रख्यात बाहरी दिग्गजों के द्वारा संवादात्मक, वर्चुअल ज्ञान वार्ता की श्रृंखला का आयोजन किया । इस कार्यक्रम का उद्देश्य शीर्ष प्रबंधन और प्रख्यात उद्योग/नेतृत्व विशेषज्ञों के अनुभवों और दृष्टिकोणों से सीखकर नए पदोन्नत अधिकारियों के नेतृत्व कौशल को संवारना और मजबूत करना था।

"विशेषीकृत प्रशिक्षण कार्यक्रम": आपके बैंक ने निम्नलिखित क्षेत्रों में भविष्य के नेताओं को तैयार करने के लिए अंतरराष्ट्रीय बैंकिंग और वैश्विक बाजार, मानव संसाधन और डिजिटल बैंकिंग तथा आईटी के विशेषीकृत क्षेत्रों में कार्यरत 130 शीर्ष कार्यपालक वर्ग के अधिकारियों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया ।

निर्बाध कौशल के लिए अग्रणी ज्ञानार्जन चैनल

स्मार्ट कक्षाएं: देश भर में बैंक के प्रशासनिक, क्षेत्रीय और स्थानीय प्रधान कार्यालयों में नया स्मार्ट क्लासरूम अवसंरचना बनाई गई है। महामारी के अवरोधों में काम करते हुए भी इस व्यवस्था ने नई प्रशिक्षण क्षमताओं को उजागर किया है। एक दिन में 2000 से अधिक कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान करने वाले 400 से अधिक स्मार्ट कक्षाएं हैं । स्मार्ट क्लासरूम एक ऐसी कक्षा है जहां वर्चुअल शिक्षाशास्त्र-आधारित प्रशिक्षण किसी भौगोलिक क्षेत्र में स्थित कर्मचारियों के एक छोटे समूह को प्रदान किया जाता है। एक फोकस्ड क्लासरूम जैसी स्थिति में अधिक सहभागिता एवं प्रशिक्षण प्रभावकारिता के लिए यह ऑनलाइन अधिगम एवं सहकर्मी की उपस्थिति / बातचीत जैसे तत्वों को शामिल करता है।

बैंक के शीर्ष प्रबंधन द्वारा सामर्थ्य का ई-लॉन्च

ऑडियो ज्ञानार्जन : सामान्य बैंकिंग पर 59 एपिसोड वाले "एसबीआईसीबी-ऑन-एयर" पॉडकास्ट जिसे 15000 से अधिक बार सुना गया, ऋण, जोखिम, एनपीए, आदि से संबंधित विषयों पर "गुरुकुल वाणी" जिसे 54000 से अधिक बार सुना गया, के माध्यम से पॉडकास्ट आधारित ज्ञानार्जन को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

ई-पैनल चर्चा: सामाजिक दूरी के आगमन के साथ आपके बैंक ने प्रसिद्ध उद्योग विशेषज्ञों और शीर्ष प्रबंधन की भागीदारी के साथ कर्मचारियों की समकालीन ज्ञान संबंधी आवश्यकताओं के लिए 23 ई-पैनल चर्चाएं आयोजित की हैं।



स्मार्ट क्लासरुम एक अद्‌वितीय नव हाईब्रिड लर्निंग चैनल में प्रतिभागी

थीम आधारित शुक्रवार: इस पहल के तहत प्रत्येक शुक्रवार विभिन्न डोमेन में विषयों पर डेढ़ घंटे की अवधि के थीम आधारित वेबिनार आयोजित किए जाते हैं। थीम को वर्तमान बैंकिंग परिवेश के संदर्भ में परिचालन कर्मचारियों की आवश्यकताओं के अनुरूप सर्वोत्तम रूप से तैयार किया गया है। 225 की औसत भागीदारी के साथ इस तरह के 27 वेबिनार आयोजित किए गए हैं।

वर्चुअल केस स्टडी डिस्कशन बोर्ड (सीएसडीबी) का मल्टी थीम पोर्टल: सीएसडीबी की बहु-विषयी कार्यक्षमता को इस वर्ष लॉन्च किया गया। पोर्टल पर हर पखवाड़े कई विषयों पर केस स्टडी का आयोजन किया जाता है, और कर्मचारी केस स्टडी पर आधारित प्रश्नोत्तरी को पूरा करने और सवालों के जवाब देने के लिए प्रतिस्पर्धा करते हैं। वर्चुअल "चर्चा बोर्ड" के माध्यम से पीयर लर्निंग को बढ़ावा दिया जाता है। मेजबान एटीआई भी संबंधित वर्टिकल, बाहरी वक्ताओं और संकाय के पैनलिस्टों के साथ ई-पैनल चर्चा की भी व्यवस्था करता है। 2020 में इसकी शुरुआत के बाद से, 97000 से अधिक कर्मचारियों ने इस पहल में भाग लिया है।

गहन ज्ञानार्जन के लिए गुणवत्ता पर ध्यान:

आरबीसी का पुनर्निर्माण: कहीं भी, कभी भी पहुंच के लिए 42 अनिवार्य आंतरिक भूमिका आधारित प्रमाणनों को तैयार कर शेयरपॉइंट और मोबाइल प्लेटफ़ॉर्म पर रखा गया। इन ई-रोल आधारित प्रमाणन के बाद अवधारणाओं की गहरी समझ और व्यावहारिक अनुप्रयोग के लिए पूरी तरह से केस स्टडी आधारित प्रमाणन परीक्षा आयोजित की गई है। वर्ष के दौरान पात्र अधिकारियों में से 98% और पात्र पुरस्कार कर्मचारियों में से 97% ने अपने ई-आरबीसी को पूरा किया है।

मैसिव ओपन ऑनलाइन कोर्स (एमओओसी) के समान ई-पाठ: वित्तीय वर्ष 2021-22 में कर्मचारियों के लिए उपलब्ध वैकल्पिक ई-लर्निंग सामग्री के भंडार के अलावा, प्रासंगिक विषयों पर सहभागिता एवं उपयोगकर्ताओ की रुचि को बढ़ाने हेतु नए एमओओसी प्रारूप में चार नए अनिवार्य ई-पाठ विकसित किए गए। 95% पात्र कर्मचारियों ने इन ई-पाठों को पूरा कर लिया है।

अनुसंधान: एटीआई में अनुसंधान खंड ने वित्तीय और उद्योग के रुझानों पर अध्ययन के लिए बीयू के साथ भागीदारी की और व्यावसायिक आवश्यकताओं के लिए प्रशिक्षण के संरेखण को सुनिश्चित करने के लिए सीखनेवाले की रुचि और प्रशिक्षण प्रभावकारिता पर अध्ययन भी किया है। वित्त वर्ष 2021-22 में कुल 70 अध्ययन किए गए।

बाह्य अकादमिक संबंध: आपका बैंक प्रतिष्ठित संगठनों के लिए विशेष कार्यक्रम तैयार करता है जो हमें बाहरी विकास के बारे में जानकारी रखने में मदद करते हैं, शिक्षकों के प्रशिक्षण कौशल को बेहतर बनाते हैं और विचारों के आदान-प्रदान को भी उत्प्रेरित करते हैं। यह भारतीय स्टेट बैंक के कर्मचारियों के लिए बेहतर प्रशिक्षण गुणवत्ता प्रदान करता है। हमारे ग्राहकों में नियामक निकायों तथा सरकारी विभागों से लेकर सार्वजनिक व निजी क्षेत्र के बैंकों, कॉरपोरेट्स-घरेलू और अंतरराष्ट्रीय, दोनों तथा प्रतिष्ठित बी-स्कूलों तक हैं।

उपयोगकर्ता की आवश्यकताओं के अनुरूप सामयिक सामग्री:

लैंगिग समानता: हमारे एटीआई द्वारा साम्य 2.0 हस्तक्षेपों का एक संग्रह है, जो कार्यस्थल पर लैंगिग समानता और संवेदनशीलता को सुदृढ़ करता है। वर्ष के दौरान इस पहल के मुख्य आकर्षण 10 केस-लेट आधारित क्विज़, कर्मचारियों के लिए 10 वेबिनार कार्यक्रम, स्थिति विश्लेषण पर एक ई-संग्रह और बैंक में महिला नेताओं के विचारों को सामने रखने वाली एक वार्षिक पत्रिका है।

समावेशिता: घर से काम करने वाले दृष्टिबाधित (वीआई) और श्रवणबाधित (एचआई) कर्मचारियों के लिए एसबीआई फाउंडेशन के सहयोग से एक सप्ताह का विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिससे कार्यालय में आने से छूट के बावजूद भी उनकी सक्रियता सुनिश्चित की जा सके। वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान ऐसे 23 कार्यक्रम आयोजित किए गए थे।

आकांक्षी पाठ्यक्रम: विभिन्न एटीआई द्वारा 10 आकांक्षी पाठ्यक्रम तैयार किए गए हैं, ताकि कर्मचारियों को उनके ज्ञान और कौशल भूमिका उद्देश्यों से परे अपने ज्ञान और कौशल को समृद्ध करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। इसका उद्देश्य भविष्य के कैरियर की प्रगति में कर्मचारियों को उन क्षेत्रों में ज्ञान और कौशल के साथ साथ उनके द्वारा स्वयं को अपडेट रखने में सहायक साधन देकर उनकी मदद करना है, जो उनकी वर्तमान भूमिका से संबंधित/असंबंधित हो सकते हैं।

कॉरपोरेट चिंताओं पर ध्यान देना: आपका बैंक उत्कृष्ट ग्राहक सेवा प्रदान करने और सुरक्षित कार्यस्थल बनाने पर गंभीरता से ध्यान देता है। कस्टमाइज्ड कंटेंट डिजाइन के रूप में व्यापक प्रशिक्षण सहायता, प्रभावशाली वितरण और प्रभावी कार्यक्रम वितरण के लिए फैकल्टी/मेंटर्स को प्रशिक्षण, तथा प्रयोक्ता विभाग के प्रोजेक्ट जैसे जैसे ग्राहक सेवा पर परियोजना **"उत्कर्ष"** तथा परियोजना "मैत्रेयी" के तहत युवा महिला कर्मचारियों का मार्गदर्शन करने, उनकी समस्याओं को समझने और संघर्षों को हल करने में उनकी मदद करने के लिए चिन्हित वरिष्ठ महिला अधिकारियों द्वारा मार्गदर्शन के माध्यम से प्रभावी कार्यक्रम वितरण सुनिश्चित किया जाता है।

मूलभूत तत्वों में गुणवत्ता: "मूलभूत तत्वों में गुणवत्ता" का उद्देश्य 691 पहचानी गई एक स्थायी स्वतंत्र समस्या निवारण तंत्र बनाना था, जो बैंकिंग और संचालन से संबंधित समस्याओं को हल करने के लिए क्वालिटी सर्कल (क्यूसी) अवधारणा के सिद्धांतों का लाभ उठा सके। एसबीआईएलडी संकाय परियोजनाओं के कार्यान्वयन में उनका मार्गदर्शन करता है। वित्त वर्ष 2021-22 में इसमें शामिल सभी शाखाओं के द्वारा प्रति शाखा दो परियोजनाओं को सफलतापूर्वक लागू किया है।

ऑनलाइन मूल्यांकन केंद्र: बैंक के वरिष्ठ अधिकारियों की दक्षताओं का आकलन करने के लिए, एक ऑनलाइन मूल्यांकन केंद्र/फ्रेमवर्क विकसित किया गया था, जिसके द्वारा संगठनात्मक दक्षता फ्रेमवर्क की तुलना में नेतृत्व की दक्षताओं के आकलन एवं मूल्यांकन के पश्चात व्यक्तिगत विकास योजनाओं (आईडीपी) और एक निर्देशित विकास यात्रा को साझा किया जा सके। वित्त वर्ष 2022 में, 2233 आकलन किए गए, अधिकारियों के साथ आईडीपी साझा किए आगे, और उनकी विकास यात्रा (डीजे) शुरू की गई।

सकारात्मकता को बढ़ावा देने के लिए पारिवारिक कार्यक्रम: एसबीआई विजार्ड्स, एक वार्षिक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता जिसमें कर्मचारियों के परिवार के सदस्य भी भाग लेते हैं, अपने दूसरे वर्ष में है। इस वार्षिक मेगा-इवेंट के लिए 16000 से अधिक परिवारों ने पंजीकरण कराया।

स्व-प्रेरित ज्ञानार्जन के लिए डिजिटल का लाभ उठाना: ऑनलाइन माध्यम से उपलब्ध आकर्षक सामग्री का उपयोग करके सतत सेल्फ-लर्निंग लागू किया गया; दैनिक क्विज़ पोर्टल, माई क्वेस्ट टुडे में हर महीने औसतन 10,000 कर्मचारी भाग लेते हैं। इसके अलावा, गेम लर्निंग एप-प्ले2लर्न में पंजीकृत कई उपयोगकर्ताओं ने 69,000 को पार किया और वित्त वर्ष 2022 में आपके बैंक की 92.74% शाखाओं द्वारा इन-हाउस सर्च इंजन आस्कएसबीआई का उपयोग किया गया।

विशिष्ट बाह्य पहचान बनाना:

एनएसई के साथ गठजोड़: एसबीआई के पास विभिन्न विषयों पर विशेष प्रशिक्षण देने के लिए एक मजबूत इन-हाउस प्रशिक्षण बुनियादी ढांचा, विश्वस्तरीय डिजिटल शिक्षण सामग्री और दक्षता है। इन-हाउस सामग्री/पाठ्यक्रमों के विपणन के लिए सहयोग के रास्ते तलाशने के लिए, आपके बैंक को एनएसई अकादमी द्वारा एसबीआई की ई-लर्निंग सामग्री को उनके डिजिटल प्लेटफॉर्म पर होस्ट करने के लिए आमंत्रित किया गया था। एसबीआई ने एनएसई

अकादमी के साथ जून 2021 में एनएसई नॉलेज हब पर पाठ्यक्रमों की मेजबानी के लिए एक समझौता किया है।

ईडीएक्स के साथ समझौता ज्ञापन: ईडीएक्स के साथ समझौते के एक भाग के रूप में, आपका बैंक ईडीएक्स प्लेटफ़ॉर्म पर अपने मैसिव ओपन ऑनलाइन कोर्स (एमओओसीएस) की पेशकश कर रहा है। वित्त वर्ष 2021-22 में, ईडीएक्स प्लेटफॉर्म पर विभिन्न डोमेन में 25 पाठ्यक्रमों को होस्ट किया गया था, जिससे ईडीएक्स पर एसबीआई द्वारा होस्ट किए गए फैकल्टी-विकसित पाठ्यक्रमों की कुल संख्या 29000+ शिक्षार्थियों के साथ 37 हो गई है।

प्रशिक्षुता- राष्ट्र निर्माण में योगदान: आपके बैंक ने प्रशिक्षु अधिनियम 1961 के तहत 2455 से अधिक प्रशिक्षुओं को नियुक्त किया है। अपने बुनियादी प्रशिक्षण को पूरा करने के बाद वे अब देश भर में हमारी शाखाओं में एक साल का ऑन-द-जॉब प्रशिक्षण (ओजेटी) कर रहे हैं।

निरंतर विकास करना: आपका बैंक दुनिया में सकारात्मक प्रभाव पैदा करने के लिए जिम्मेदार उपभोग में विश्वास करता है। हमारे एटीआई और एसबीआईएलडी सौर संयंत्रों का उपयोग करके स्वच्छ ऊर्जा का उपयोग करते हैं, जल संरक्षण और वर्षा जल संचयन प्रणालियों को नियोजित करते हैं; कई संस्थानों के पास पुनर्चक्रण के साथ कैप्टिव सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) हैं और बायो-डिग्रेडेबल कचरे के पुनर्चक्रण के लिए वर्मी कंपोस्टिंग हैं। हम अपने सभी एटीआई और एसबीआईएलडी को "प्लास्टिक मुक्त क्षेत्र" के रूप में भी बनाए रखते हैं जहां एकल-उपयोग प्लास्टिक का उपयोग नहीं किया जाता है। इंडियन ग्रीन बिल्डिंग काउंसिल द्वारा छह में से चार एटीआई को ग्रीन बिल्डिंग के रूप में प्रमाणित किया गया है, जिसमें तीन को प्लैटिनम और एक को स्वर्ण रेटिंग प्राप्त हैं।

उपलब्धियां एवं सम्मान

स्टेट बैंक स्टाफ कॉलेज (एसबीएससी), हैदराबाद ने अपनी हीरक जयंती मनाई: 2 दिसंबर, 1961 को हैदराबाद में स्थापित, एसबीएससी देश के सबसे शुरुआती प्रशिक्षण संस्थानों में से एक है। पिछले छह दशकों से, स्टाफ कॉलेज ने न केवल भारतीय स्टेट बैंक के भीतर, बल्कि भारत और विदेशों में अन्य बैंकों के अधिकारियों को भी प्रशिक्षित किया है। संस्थान शैक्षणिक संस्थानों और सरकारी अधिकारियों के लिए भी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करता है। भारतीय स्टेट बैंक के अधिकांश शीर्ष प्रबंधन ने वर्षों से स्टेट बैंक स्टाफ कॉलेज में अपना प्रारंभिक प्रशिक्षण प्राप्त किया है। स्टाफ कॉलेज ने हैदराबाद के बेगमपेट में अपने परिसर में आयोजित स्मारक समारोह में अपनी हीरक जयंती मनाई। इस कार्यक्रम में अध्यक्ष ने भाग लिया और इसमें एसबीआई के वरिष्ठ अधिकारियों, 17 मंडलों के मण्डल प्रबंधन, छह शीर्ष प्रशिक्षण संस्थानों और देश भर में स्थित 50 प्रशिक्षण संस्थानों के संकाय और कर्मचारियों ने भाग लिया। भारतीय स्टेट बैंक के अधिकांश शीर्ष प्रबंधन ने लंबे समय से स्टेट बैंक स्टाफ कॉलेज में अपना प्रारंभिक प्रशिक्षण प्राप्त किया है। स्टाफ कॉलेज ने हैदराबाद के बेगमपेट में अपने परिसर में आयोजित एक स्मारक समारोह में अपनी हीरक जयंती मनाई। कार्यक्रम में अध्यक्ष महोदय भी उपस्थित रहे।

आपके बैंक ने प्रतिष्ठित ईटी ह्यूमन कैपिटल अवार्ड्स में 'एक्सीलेंस इन क्रिएटिंग ए कल्चर ऑफ कंटीन्यूअस लर्निंग एंड अपस्किलिंग' श्रेणी के तहत स्वर्ण जीता है।

2. सूचना प्रौद्योगिकी

क. नेटवर्क इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार:

आपके बैंक द्वारा सुचारू संचालन और ग्राहक संतुष्टि सुनिश्चित करने के लिए वर्ष के दौरान कई पहल की गयी है। आपका बैंक ऑफ-साइट एटीएम के लिए 4 जी कनेक्टिविटी की व्यवस्था करने और एटीएम कनेक्टिविटी को अपग्रेड करने पर काम कर रहा है। आपका बैंक नेटवर्क से संबंधित अनुभव को बेहतर बनाने और शाखा स्तर पर नेटवर्क संबंधी बाधाओं को कम करने के लिए लगातार काम कर रहा है। आपके बैंक ने लिंक कनेक्टिविटी टूटने के कारण होने वाले प्रभाव को कम करने के लिए शाखाओं और कार्यालयों के लिए वैकल्पिक माध्यमिक लिंक की व्यवस्था की है। कई बिना भरोसे और उच्च-विलंबता नेटवर्क लिंक को कम-विलंबता वायर्ड और स्थलीय वायरलेस लिंक के साथ बदल दिया गया है। आपके बैंक ने गंभीर सायबर सुरक्षा की तत्काल प्रारंभिक चेतावनी और जानकारी प्राप्त करने की व्यवाथा की है। साथ ही आरबीआई के नियामकीय सायबर सिक्यूरीटी फ्रेमवर्क की आवश्यकता के अनुरूप हनीपॉट सोल्यूशन की व्यवस्था भी की गई है। आपके बैंक ने अपने नेटवर्क संचालन को बेहतर ढंग से प्रबंधित करने के अपने प्रयास में, एक उन्नत एआई / एमएल और एनालिटिक्स आधारित नेटवर्क ऑपरेटिंग सेंटर की स्थापना की है।

ख. योनो

नवंबर 2017 में लॉन्च की गई आपके बैंक की सबसे महत्वाकांक्षी, पथ-प्रदर्शक और सुरक्षित डिजिटल पेशकश योनो 111.74 मिलियन डाउनलोड को पार कर चुका है, इसके लगभग 16.62 मिलियन के औसत दैनिक लॉगिन हैं। उपयोगकर्ता के अनुकूल इंटरफेस, आकर्षक ब्रांडिंग, चौबीसों घंटे उपलब्धता और नवोन्भेषी एप फीचर के साथ योनो ने बैंक को अपनी ब्रांड छवि को नई पीढ़ी के बैंक के रूप में पुनर्स्थापित करने में मदद की है। जिसके पास प्रतियोगियों के मुकाबले कई प्रकार के विशिष्ट और आधुनिक फीचर सहित प्रतिस्पर्धा लाभ वाले उत्पाद है। योनो ग्राहकों की विविध बैंकिग वितीय एवं जीवनशैली आवश्यकताओं को एक ही स्थान पर उपलब्ध कराता है। यह सुविधा ग्राहकों को बहुउत्पाद इंटरफेल मोबाइल एप (एंड्राय एवं आईओएस दोनों) के माध्यम से दी जाती है जिससे उन्हें शानदार डिजिटल अनुभव मिलता है।

ग्राहक बगैर शाखा में गए न्यूनतम कागज़ी कारवाई के साथ पूर्व अनुमोदित ऋण सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। वे बैंक की संयुक्त उद्यम कंपनियों से विभिन्न वित्तीय उत्पादों की सुविधा भी प्राप्त कर सकते हैं जिनमें एसबीआई लाइफ, एसबीआई कैप्स, एसबीआई कार्ड्स, एसबीआई म्यूचुअल फंड और एसबीआई जनरल इंश्योरेंस शामिल हैं। योनो कैश की अद्‌वितीय सुविधा ग्राहकों को एसबीआई एटीएम और पीओएस से कार्डलेस निकासी की सुविधा देती है।

कृषि खंड के ग्राहकों के लिए योनो कृषि एक व्यापक बहुभाषी मंच है जो कृषि स्वर्ण ऋण के लिए सरलीकृत वित्त, केसीसी समीक्षा, सफल डेयरी (पूर्व-अनुमोदित कृषि ऋण), सलाहकार / बाजार आसूचना से संबंधित सेवा (मित्र), बाजार लिंकेज के माध्यम से कृषि उत्पादों के लिए ऑनलाइन मार्केट प्लेस (मंडी), बचत (किसानों के निवेश और बीमा आवश्यकताओं के लिए वित्तीय सुपर स्टोर) की सुविधा प्रदान करता है।

योनो ग्राहकों को उन्नत उपयोगकर्ता अनुभव प्रदान करने के लिए सदैव प्रतिबद्ध रहा है। यह शाखा में व्यक्तिगत रूप से जाने की आवश्यकता को दूर करता है और ग्राहकों को नए, सुरक्षित, सुविधाजनक, उत्तरदायी और अभिनव वित्तीय समाधान प्रदान करने का लगातार प्रयास करता है। वित्त वर्ष 2022 के दौरान आपके बैंक ने योनो ऐप में व्यापक परिवर्तन किए हैं, इनमें इंस्टा प्लस वीडियो केवाईसी खाता खोलना, एसबीआई ईज़ी राइड पूर्व-अनुमोदित 2-व्हीलर लोन, एनपीएस खाता खोलना, सफल डेयरी पूर्व-अनुमोदित कृषि ऋण, ऑनलाइन डीमैट और ट्रेडिंग खाता खोलना, बैंक (एनटीबी) के लिए कार लोन नया, ऐप पंजीकरण के दौरान सिम बाइंडिंग, योनो के माध्यम से सरकारी योजनाएं, एसबीआई कवच व्यक्तिगत ऋण योजना आदि और 86 अन्य न्वोन्मेषी उत्पाद शामिल हैं।

ग. चैनल्स एवं परिचालन

1. भुगतान एग्रीगेटर एवं भुगतान गेटवे (ई-भुगतान एवं पीजी)

आपका बैंक भुगतान एग्रीगेटर और भुगतान गेटवे दोनों के रूप में काम करता है जो विभिन्न प्रकार के भुगतान मोड्स के लिए व्यापार, व्यापारियों, ग्राहकों और वित्तीय संस्थानों के बीच निर्बाध ई-कॉमर्स लेनदेनों को सुविधाजनक बनाने के लिए अद्‌वितीय पीसीआईडीएसएस प्रमाणित सुरक्षित प्लेटफॉर्म है। यह प्लेटफॉर्म हमारे भुगतान एग्रीगेटर (एसबीआई ई-पे) और

पेमेंट गेटवे (एसबीआईपीजी) एप्लीकेशनों के माध्यम से प्रदान किया जाता है, जो एक तरफ हजारों व्यापारियों के साथ एकीकृत और दूसरी तरफ बैंकों, वॉलेट और कार्ड जैसे बड़ी संख्या में भुगतान चैनलों के साथ एकीकृत होता है। एसबीआईपीजी भुगतान एग्रीगेटर, एसबी कलेक्ट, एसबीआई-एमओपी और योनो के सभी डेबिट/क्रेडिट कार्ड लेनदेनों को प्रोसेस करता है। एसबीआईईपे (बैंक का भुगतान एग्रीगेटर समाधान) पीसीआईडीएसएस तथा आईएसओ 27001:2013 प्रमाणित है।

वित्त वर्ष के दौरान एसबीआई पे ने 343 नए मर्चेंट को अपने साथ जोड़ा है, जिनमें केंद्रीय विद्युत अनुसंधान संस्थान, भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, नागपुर, उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कार्पोरेशन लिमिटेड, कानपुर मेट्रो आदि जैसे प्रतिष्ठित मर्चेंट्स को शामिल किया गया है। 31-03-2022 तक, 1,502 व्यापारियों को एसबीआई पे के साथ एकीकृत किया गया था।

वर्ष के दौरान निम्नलिखित महत्वपूर्ण सुविधाएं जोड़ी गई हैं:

- एक भुगतान चैनल के रूप में UPI QR कोड जोड़ा गया है।
- शिकायतों पर नज़र रखने और निगरानी के लिए एक टिकटिंग प्रणाली शुरू की।
- व्यापारियों के लिए TXN दीक्षा एपीआई सर्वर-टू-सर्वर कॉल के माध्यम से लेनदेन शुरू किया गया जिससे MITM हमले से बचाव होगा।

SBIPG, एक PCIDSS प्रमाणित एप्लीकेशन, भुगतान एग्रीगेटर्स, एसबी कलेक्ट, एबीआई-एमओपीएस और योनो के सभी कार्ड-आधारित लेनदेन को संसाधित करता है। SBIPG ने वित्त वर्ष के दौरान 10074 उप-मर्चेंट को जोड़ा है। 31-03-2022 तक, 68,714 उप-व्यापारियों को एसबीआईपीजी के साथ एकीकृत किया गया है।

वर्ष के दौरान एसबीआई पीजी जी ने निम्नलिखित महत्वपूर्ण कार्य किए हैं:

- रूपे कार्ड के लिए एसआई और ईएमआई सुविधाओं के साथ बीईपीजी चरण 2
- एसबीआई म्यूचुअल फंड का आईपे पीडी के साथ एकीकरण

2. भुगतान प्रणाली (पीएस)

आपके बैंक का एनईएफटी धन-प्रेषण में एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। आपके बैंक ने 130.17 करोड़ लेनदेन प्रोसेस किए हैं और बाजार हिस्सेदारी 17.93% से अधिक है। भारतीय रिजर्व बैंक की भारत-नेपाल धन-प्रेषण योजना के अंतर्गत नेपाल को धन-प्रेषण की सीमा बढ़ाकर 200 लाख रुपए प्रति लेन-देन कर दी गई है।

आपका बैंक RTGS धन-प्रेषण में एक महत्वपूर्ण हिस्सेदार है और इसने 5.36 करोड़ से अधिक लेनदेन को प्रोसेस किए हैं जिसकी कुल राशि 297.87 लाख करोड़ रुपए से अधिक है।

आपका बैंक 14.92 करोड़ लेनदेन और 21.49% बाजार हिस्सेदारी के साथ सीटीएस समाशोधन में एक महत्वपूर्ण हिस्सा रखता है। 26.14% की बाजार हिस्सेदारी के साथ मूल्य-वार समाशोधन लेनदेन 16.71 लाख करोड़ रुपए है।

आपका बैंक सीमा पार वित्तीय संदेश ट्रांसमिशन के लिए SWIFT मैसेजिंग सिस्टम का उपयोग करता है। आपके बैंक ने 32.88 लाख वित्तीय संदेशों को संसाधित किया है। आपके बैंक ने SWIFT द्वारा निर्धारित सभी 22 अनिवार्य नियंत्रणों और 9 सलाहकार नियंत्रणों का पूरी तरह से अनुपालन किया है।

आपका बैंक NACH के सभी संस्करणों के NACH प्रसंस्करण के केंद्रीकरण की प्रक्रिया में है।

3. भुगतान समाधान

डेबिट कार्ड: अक्टूबर 2021 में आवर्ती लेनदेन के लिए डेबिट कार्ड पर ई-मेन्डेट की सुविधा रोल आउट की गई है, जो ग्राहकों को मैन्डेट अवधि के दौरान अपने खाते में एक निर्धारित बारंबारता पर समान मूल्य लेनदेन करने के लिए आपके बैंक को अधिकृत करने की अनुमति देता है। कॉन्टैक्टलेस फीचर के साथ एक नया "जनधन" डेबिट कार्ड रोल आउट किया गया है।

रुपया प्रीपेड कार्ड: आपका बैंक विभिन्न ग्राहकों और व्यावसायिक क्षेत्रों के ग्राहकों को गिफ्ट कार्ड, ई-जेड पे कार्ड, इम्प्रेस्ट कार्ड, और अचीवर कार्ड जैसे रुपए के नामित प्रीपेड कार्ड प्रदान करता है।

एनएवी-ईकैश कार्ड: आपके बैंक ने ऑनलाइन और ऑफलाइन लेनदेन दोनों को सुविधाजनक बनाने के लिए डुअल-चिप इंटरफ़ेस (ईएमवी और ऑफलाइन चिप) के साथ एक अभिनव एनएवी-ईकैश प्रीपेड कार्ड तैयार किया है। डुअल चिप कार्ड उन संगठनों के लिए भी उपयुक्त हैं जिन्हें इंटरनेट कनेक्टिविटी की उपलब्धता के आधार पर ऑनलाइन और ऑफलाइन लेनदेन करने की आवश्यकता होती है।

स्टेट बैंक विदेश यात्रा कार्ड (SBFTC): एसबीएफटीसी विदेशी मुद्राओं में एक EMV चिप और पिन अनुरूप प्रीपेड कार्ड है जो देश से बाहर जा रहे यात्रियों (भारत, नेपाल और भूटान को छोड़कर दुनिया भर में वैध) को सुरक्षा और सुविधा प्रदान करता है। SBFTC एकल मुद्रा और बहु मुद्रा कार्ड के रूप में उपलब्ध है। यह नौ मुद्राओं में उपलब्ध है - अमेरिकी डॉलर, ब्रिटिश पाउंड स्टर्लिंग, यूरो, कनाडाई डॉलर, ऑस्ट्रेलियाई डॉलर, जापानी येन, सऊदी अरब रियाल, सिंगापुर डॉलर और संयुक्त अरब अमीरात दिरहम।

एसबीआई फास्टैग: बैंक ने कॉरपोरेट और खुदरा ग्राहकों को 20 लाख से अधिक एसबीआई फास्टैग जारी किए हैं। एसबीआई फास्टैग के माध्यम से टोल लेनदेन 7.70 करोड़ के आंकड़े को पार कर गया है और कुल लेनदेन राशि वित्त वर्ष 2021-22 में 1,251 करोड़ रुपए के स्तर को पार कर गई है।

मेट्रो और ट्रांजिट परियोजनाएं: आपके बैंक ने माइक्रोपेमेंट को तेजी से डिजिटाइज करने के लिए विभिन्न मेट्रो और ट्रांजिट परियोजनाओं में भाग लिया है। आपके बैंक को रुपे प्लेटफॉर्म पर क्यूएसपीआरसी तकनीक को लागू करने के लिए नागपुर मेट्रो, नोएडा मेट्रो और एमएमआरडीए लाइन्स 2ए और सात मेट्रो परियोजनाओं से अनुरोध प्राप्त हुए हैं। बैंक ने मेट्रो परियोजनाओं में 1,05,000 प्रीपेड कार्ड जारी किए हैं। इस वर्ष बैंक को कार्ड जारी करने, अधिग्रहण करने और एएफसी कार्यान्वयन/एकीकरण के लिए चेन्नई मेट्रो और कानपुर मेट्रो से अनुरोध प्राप्त हुए हैं।

मर्चेंट अधिग्रहण व्यवसाय (एमएबी): कम नकदी वाली अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार के प्रयासों के अनुरूप, आपके बैंक ने 24 लाख से अधिक मर्चेंट स्वीकार्य टच पॉइंट्स लगाकर लद्दाख, जम्मू एवं कश्मीर और पूर्वोत्तर जैसे प्रगति के पथ पर अग्रसर क्षेत्रों सहित देश भर में अपनी डिजिटल उपस्थिति दर्ज कराई है। इसमें 9.24 लाख पीओएस टर्मिनल, 4.73 लाख भारत क्यूआर कोड और भीम-आधार-एसबीआई एप्लिकेशन डाउनलोड पर 10.50 लाख व्यवसायी शामिल हैं।

आपके बैंक में सॉफ्टपीओएस (योनो मर्चेंट ऐप) जैसे एसेट लाइट स्वीकृति मॉडल भी हैं, जो व्यापारियों को भुगतान स्वीकार करने के लिए ऐप पर स्व-ऑनबोर्ड करने की अनुमति देते हैं। ग्राहकों की सुविधा के लिए डीसीसी/ईएमआई, पूर्व-अनुमोदित व्यवसाय ऋण (पीएबीएल) जैसी विभिन्न मूल्यवर्धित सेवाओं पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है

आपके बैंक ने मौजूदा व्यवसाय को समेकित करने के अलावा तेल विपणन कंपनियों (ओएमसीज), रिटेल चेन, लाइफ स्टाइल स्टोर्स और हॉलिडे रिसॉर्ट्स जैसे प्रीमियम खंडों के व्यापारियों को ऑनबोर्ड करने के प्रयास जारी रखे। आपके बैंक ने अपने परिचालन को नकदी से डिजिटल मोड में परिवर्तित करने के लिए प्रमुख निगमों और सरकारी विभागों के साथ समझौता किया है।

4. शाखा परिचालन

शाखा और सीपीसी पुनर्संरचना विभाग शाखा में ग्राहक अनुभव में सुधार के लिए लगातार काम कर रहा है। साज-सज्जा और ग्राहक सेवा के दृष्टिगत शाखाओं की एकरूपता सुनिश्चित करना एक महत्वपूर्ण फोकस क्षेत्र है। ग्राहकों की प्रसन्नता के लिए उत्पाद और सेवाएं प्रदान करने के आरंभ से अंत तक डिजिटलीकरण करने के लिए कई परियोजनाएं शुरू की गई हैं।

देयता सीपीसी में छवि-आधारित प्रोसेसिंग और वीडियो केवाईसी आधारित खाता खोलने की सुविधा: अधिकांश ग्राहक श्रेणियों (व्यक्तिगत और गैर-व्यक्तिगत) में अधिक तेज़ी से और कुशलता से नए खाते खोलने के लिए, वर्ष 2021-22 में छवि-आधारित प्रोसेसिंग शुरू की गई है। वीडियो केवाईसी (अपने ग्राहक को जानो) के माध्यम से ग्राहकों को अपने घर या कार्यालय से नया खाता खोलने की सुविधा 22.04.2021 से शुरू की गई है। मार्च 2022 तक करीब 6.40 लाख खाते खोले गए हैं।

5. विदेश स्थित कार्यालय

योनो ग्लोबल मोबाइल एप्लिकेशन: सभी भौगोलिक क्षेत्रों में अपनी डिजिटल उपस्थिति बढ़ाने के लिए आपके बैंक ने एसबीआई के विदेशी कार्यालयों (एफओ) / सहायक कंपनियों में रिटेल ग्राहकों के लिए डिजिटल परिवर्तन और नए डिजिटल बैंकिंग ऑफर्स को ध्यान में रखते हुए योनो ग्लोबल लॉन्च किया है। आपके बैंक ने इस वित्त वर्ष में छह और विदेशी कार्यालयों में योनो ग्लोबल मोबाइल बैंकिंग शुरू की है। कनाडा, बहरीन, दक्षिण अफ्रीका, बांग्लादेश, श्रीलंका और नेपाल सहित इसकी संख्या 9 देशों में हो गई है।

योनो ग्लोबल वेब पोर्टल: आपके बैंक ने विदेशी कार्यालयों / सहायक कंपनियों के रिटेल ग्राहकों के लिए योनो वेब पोर्टल (इंटरनेट बैंकिंग) पेश किया है। नए पोर्टल को 6 विदेशी कार्यालयों अर्थात् यूके, मॉरीशस, मालदीव, श्रीलंका, बांग्लादेश और अमेरिका के लिए लाइव किया गया है। कॉरपोरेट ग्राहकों के लिए योनो यूएस वेब पोर्टल को एसबीआई न्यूयॉर्क और शिकागो शाखाओं के लिए रोल आउट किया गया है, जिसने स्थानीय रूप से होस्ट किए गए एसीआई वर्ल्डवाइड एप्लिकेशन को उन्नत ग्राहक अनुभव में परिवर्तित कर दिया है।

ट्रेजरी एप्लिकेशन उन्नयन: वर्ष के दौरान आपके बैंक ने ट्रेजरी एप्लिकेशन को अपने नवीनतम संस्करण में अपग्रेड किया है और कुछ नए मॉड्यूल जोड़े हैं। सभी विदेश स्थित कार्यालयों के लिए इस उन्नयन के प्रमुख लाभ निम्नानुसार हैं:

- यह मुद्रा विकल्प और फ्यूचर एवं इक्विटी ट्रेडिंग जैसे डेरिवेटिव उत्पादों का समर्थन करता है।
- **स्ट्रेस परीक्षण मॉड्यूल** जो संवेदनशीलता और परिदृश्य विश्लेषक मॉड्यूल को कवर करता है।
- **कॉलेट्रल प्रबंधन मॉड्यूल**
- **इंड-एएस और भारतीय जीएपी** के अनुसार रिपोर्टों की दो प्रतियों में जनरेशन और लेखांकन आदि के लिए भविष्य की इंड-एएस आवश्यकताओं का अनुपालन करने की क्षमता।
- कॉल/पुट विकल्प वाले पर्पेचुअल बांडों की **संशोधित अवधि की गणना**।
- **वास्तविक समय के आधार पर एनओओपी** रिपोर्ट का जनरेशन।

लिबोर से एआरआर/आरएफआर ट्रांसजिशन: लिबोर को प्रतिस्थापित करने के लिए वैकल्पिक संदर्भ दरों (ARR) की शुरूआत के साथ वैश्विक पारिस्थितिकी तंत्र के विकास के कारण, आपके बैंक ने अपने विदेशी कार्यालयों और सहायक कंपनियों में अपने कोर बैंकिंग, ट्रेजरी और व्यापार वित्त संचालन में ARR व्यवस्था (ओवर नाइट रेफरेंस रेट / टर्म रेट्स) को लागू करने की पहल की है।

आपके बैंक ने बैंक गारंटी / SBLC से संबंधित संदेशों के लिए SWIFT अपग्रेड के अनुरूप सभी विदेशी कार्यालयों और सहायक कंपनियों के लिए अपने व्यापार वित्त एप्लिकेशन को अपग्रेड किया है।

6. एटीएम

आपके बैंक का एटीएम विभाग PCIDSS अनुपालनकर्ता है, जो भुगतान कार्ड उद्योग के लिए एक बेंचमार्क सुरक्षा मानक है। 31 मार्च 2022 को 25.34 करोड़ सक्रिय डेबिट कार्ड उपयोगकर्ताओं की सेवा करना महत्वपूर्ण उपलब्धि है। वित्तीय वर्ष के दौरान निम्नलिखित नई सुविधाएं शुरू की गई हैं:

- एटीएम और नेटवर्क के बीच सुरक्षा को मजबूत करने के लिए सभी एटीएम में टीएलएस 1.2 कार्यान्वयन रिकॉर्ड समय में पूरा कर लिया गया है। मैक (संदेश प्रमाणीकरण कोड) को अंतिम उपयोग स्थल (एटीएम) और स्विच के बीच सुरक्षा बढ़ाने के लिए सफलतापूर्वक पायलट किया गया है।
- भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशों के अनुसार ग्राहकों को एटीएम या आईवीआर के माध्यम से सीमा निर्धारित करने की सुविधा।
- **आईएनएस-विक्रमादित्य** युद्धपोत पर भुगतान का डिजिटलीकरण (ऑफलाइन मोड)।
- प्रीपेड कार्ड (INR और FTC दोनों) के लिए ग्रीन पिन - किसी भी डिलीवरी चैनल, जैसे PCMS ग्राहक पोर्टल, SBI ATM और शाखाओं से सभी प्रीपेड कार्ड के पिन जनरेशन अनुरोध दर्ज किए जा सकते हैं।
- सीबीएस-एसएसओ के माध्यम से शाखा में डेबिट कार्ड पिन का जनरेशन- निरक्षर ग्राहक, जो अन्य चैनलों का उपयोग कर पिन जनरेट करने में असमर्थ हैं, के लिए शाखा के माध्यम से ग्रीन पिन जनरेट करने में सहायता करना।
- सिंगापुर के पीओएस उपकरणों पर इलेक्ट्रॉनिक अंतरण के लिए घरेलू रूपे कार्ड की स्वीकृति। डेबिट कार्ड के प्रेषण की स्थिति बैंक के आईवीआर के माध्यम से देखी जा सकती है।
- घरेलू रूपे कार्ड को नेपाल एटीएम / पीओएस उपकरणों पर उपयोग किया जा सकता है।
- टोकनयुक्त डेबिट कार्ड के साथ Jio Phone पर टैप और पे लेन-देन की सुविधा उपलब्ध कराई गई है।
- आईएनआर और एफटीसी दोनों प्रकार के प्रीपेड कार्ड पर ग्रीन पिन सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

7. इंटरनेट बैंकिंग

आपके बैंक की इंटरनेट बैंकिंग एक निर्बाध ऑनलाइन अनुभव प्रदान करती है, जो 977 लाख रिटेल उपयोगकर्ताओं और 32 लाख कॉरपोरेट उपयोगकर्ताओं को सुरक्षित और विविध बैंकिंग सेवाएं प्रदान करती है।

रिटेल ग्राहकों के लिए कई नई सेवाएं शुरू की गई हैं जैसे लॉगिन ओटीपी की शुरूआत, सकारात्मक वेतन प्रणाली - वैकल्पिक चैनलों के माध्यम से पंजीकरण, एचएनआई ग्राहकों के लिए आईएनबी में संबंध प्रबंधकों का विवरण, आरआईएनबी के माध्यम से नेपाल में धन-प्रेषण, ऑनलाइन पीपीएफ खाता खोलना, ऑनलाइन पीपीएफ विस्तार, मौजूदा पीपीएफ खातों के लिए ऑनलाइन नामांकन, अंतरराष्ट्रीय फंड ट्रांसफर FXOut सीमा को अठारह लाख तक बढ़ाना, INB में NRI ग्राहकों के लिए IMPS लेन-देन को सक्षम करना, डिजिलॉकर एकीकरण और एनपीएस पंजीकरण के लिए फोटो और हस्ताक्षर अपलोड करना।

कॉरपोरेट इंटरनेट बैंकिंग और योनो बिजनेस में कॉरपोरेट ग्राहकों के लिए कई नई सेवाएं शुरू की गई हैं। इनमें से कुछ इस प्रकार हैं - (i) सरल लेन-देन की सीमा को 10 लाख से बढ़ाकर 25 लाख करना, (ii) सभी गैर-व्यक्तिगत संस्थाओं के लिए ऑनलाइन चालू खाते खोलना, (iii) एसएमई गोल्ड लोन लीड जेनरेशन, (iv) पीएबीएल-पीओएस और एनटीपीसी के लिए डिजिटल लोकल शॉर्ट क्रेडिट सुविधा आदि।

8. एसबी एमओपीएस

स्टेट बैंक बहु-विकल्प भुगतान प्रणाली ई-कॉमर्स और अन्य व्यापारी संस्थाओं के साथ साइट से साइट एकीकरण का उपयोग करके विभिन्न तरीकों से संग्रह की सुविधा प्रदान करेगी। एमओपीएस के माध्यम से एकीकृत कुल सक्रिय प्रत्यक्ष व्यापारी 542 हैं।

लागू किए गए महत्वपूर्ण परिवर्तन हैं - मर्चेंट यूआई रिफॉर्म (एमओपीएस पेज), प्रायोजक बैंक एपीआई ईमैंडेट; ईएमआई के पुनर्भुगतान और सरकारी संस्थाओं और ई-कॉमर्स व्यापारियों के साथ विभिन्न एकीकरण के लिए ई-आदेश।

एसबीआई यूनिपे (बीबीपीएस: सभी बिल भुगतानों के लिए एक-स्टॉप समाधान) - आपके बैंक ने एनपीसीआई द्वारा होस्ट की गई बीबीपीएस सेवाओं के माध्यम से बिल भुगतान के लिए एसबीआई यूनिपे एप्लिकेशन विकसित किया है, जो जुलाई 2021 में लाइव हो गया है। एसबीआई यूनिपे प्लेटफ़ॉर्म में आपका बैंक BBPS और Non-BBPS बिल भुगतान की सुविधा प्रदान करता है।

9. योनो बिजनेस

एमएसएमई, कॉरपोरेट और सरकारी ग्राहकों के लिए आपके बैंक की योनो बिजनेस पेशकश को डिजिटल परिवर्तन के तीन आधार पर ध्यान केंद्रित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है:

- एक बैंक एक फ्लैटफॉर्म को ध्यान में रखते हुए ओमनी चैनल डिजिटल प्लेटफॉर्म जिसमें सीएमपी, कॉरपोरेट आईएनबी, ई-व्यापार, ई-विदेशी मुद्रा और एकल साइन-ऑन के तहत आपूर्ति श्रृंखला वित्त को एकीकृत करना।
- डिजिटल बैंक जो निर्बाध एंड-टू-एंड डिजीटलाइज्ड ग्राहक सुविधा प्रदान करता है।
- भविष्य की प्रौद्योगिकी जरूरतों के मद्देनजर एपीआई बैंकिंग जैसी नए दौर की बैंकिंग

यह डिजिटल रूप से सभी प्रकार की गैर-व्यक्तिगत संस्थाओं की विभिन्न बैंकिंग इंटरफेस आवश्यकताओं को पूरा करता है, जिसमें एक छोटे स्वामित्व / एमएसएमई , बड़े बहुराष्ट्रीय कॉरपोरेट्स और केंद्र और राज्य सरकारें शामिल हैं।

गैर-व्यक्तिगत ग्राहकों के लिए अन्य सुविधाओं और विशेषताओं के साथ यह निम्नलिखित सुविधाएं प्रदान करता है:

- नए डिजिटल ग्राहकों के लिए सरलीकृत और सहज ऑनबोर्डिंग।
- मौजूदा लेगेसी प्रलेखन प्रक्रिया को एक नई बहुप्रयोजन प्रक्रिया से परिवर्तित किया गया है, जिससे शाखाओं में बार-बार आने की आवश्यकता नहीं रहती। योनो बिजनेस शाखा इंटरफ़ेस के माध्यम से वॉक-इन ग्राहक के लिए डिजिटल ऑनबोर्डिंग.
- मौजूदा ग्राहकों के लिए अतिरिक्त उत्पादों की पेशकश।
- सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करने के लिए कॉरपोरेट एडमिनिस्ट्रेटर के लिए कॉरपोरेट उपयोगकर्ता प्रबंधन जो एंड-टू-एंड डिजिटल सुविधा प्रदान करता है।
- कॉरपोरेट्स के लिए डैशबोर्ड की सुविधा जिसमें समेकित रियल टाइम ए एंड एल खातों की स्थिति, अलर्ट तथा एलसी की देय तिथि जैसी नोटिफिकेशन जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है।
- शाखा में जाने की आवश्यकता के बिना 15-20 मिनट से भी कम समय में आयात एलसी यात्रा और विदेशी मुद्रा दर बुकिंग की फिर से कल्पना की गई।

घ. मोबाइल बैंकिंग

आपके बैंक का मोबाइल बैंकिंग विभाग वॉल्यूम में सबसे बड़ा वैकल्पिक चैनल है। यह **यूपीआई, योनो लाइट एसबीआई, योनो बिजनेस,** एसबीआई क्विक और एसबीआई सिक्योर ओटीपी जैसी विभिन्न महत्वपूर्ण ग्राहकोन्मुख मोबाइल एप्लीकेशन / सेवाएं प्रदान करता है। उपरोक्त ऐप्स की ग्राहकों के बीच अच्छी प्रतिष्ठा है और यह उपयोग में आसान और उत्कृष्ट उपयोगकर्ता अनुभव के लिए जाने जाते हैं।

1. एकीकृत भुगतान इंटरफ़ेस (यूपीआई):

एकल भुगतान इंटरफेस (UPI) आपके बैंक के प्रमुख एप्लीकेशनों में से एक है जो परस्पर उपयोग सुविधा के साथ एक ही मोबाइल एप्लिकेशन में कई बैंक खातों को रखने की सुविधा देता है और जिसमें कई बैंकिंग सुविधाओं, निर्बाध फंड अंतरण और एकल भुगतान प्लेटफ़ॉर्म (यानी यूपीआई) का लाभ उठाकर व्यापारी भुगतान की सुविधा एक ही प्लेटफॉर्म पर प्राप्त कर सकते हैं। वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान 31 मार्च 2022 को आपके बैंक ने यूपीआई लेनदेन की एक ही दिन में लगभग 150 मिलियन की चरम मात्रा की सफल प्रोसेसिंग की है। इस वर्ष, भीम एसबीआईपे (यूपीआई) के माध्यम से ग्राहकों के लिए निम्नलिखित महत्वपूर्ण सुविधाएं शुरू की गई हैं।

a. यूपीआई प्रीपेड वाउचर (पीपीवी) (ई ₹ यूपीआई),

माननीय प्रधानमंत्री द्वारा 02.08.2021 को कोविड-19 वैक्सीनेशन के लिए डीएफएस (भारत सरकार) की पहल लॉन्च की गई है।

- एंड्रॉइड उपयोगकर्ताओं के लिए एसबीआई भीम पे के माध्यम से एसबीआई क्रेडिट कार्ड आवेदन।
- BHIM SBI Pay मर्चेंट ऐप: एंड्राइड उपयोगकर्ताओं के लिए UPI प्लेटफ़ॉर्म पर व्यापारियों को ऑनबोर्ड करने के लिए अलग ऐप।
- एनपीसीआई दिशानिर्देशों के अनुसार, विशिष्ट श्रेणी के व्यापारियों के लिए 2 लाख रुपए की सीमा के साथ प्रति लेनदेन सीमा में वृद्धि।
- ग्राहक शिकायतों में कमी और उन्नत उपयोगकर्ता अनुभव के लिए एकीकृत विवाद और समस्या समाधान (UDIR)।

ख. योनो लाइट:

31.03.2022 तक योनो लाइट के कुल उपयोगकर्ता 1.92 करोड़ हैं। वर्ष के दौरान योनो लाइट मोबाइल बैंकिंग ऐप में निम्नलिखित सुविधाएं जोड़ी गई हैं:

- डिजिलॉकर में स्टेटमेंट अपलोड करने की सुविधा।
- सिम आधारित पंजीकरण - ग्राहक सुरक्षा बढ़ाने और एप्लिकेशन के दुरुपयोग को रोकने के लिए।
- यदि मोबाइल डिवाइस पर रिमोट एक्सेस एप्लिकेशन इंस्टाल किए गए हैं, तो योनो लाइट ऐप अस्वीकृत करने से धोखाधड़ी से बचाव होगा।
- बायोमेट्रिक सुविधा उपयोगकर्ता को फिंगरप्रिंट (एंड्रॉइड और आईओएस) और फेस आईडी (आईओएस) का उपयोग करके लॉग इन करने में सक्षम बनाती है।
- गूगल पे रिचार्ज कोड की खरीद - ग्राहक गूगल प्ले स्टोर से इन-ऐप खरीदारी के लिए इन कोड का उपयोग कर सकते हैं।
- ऑनलाइन शॉपिंग के लिए गिफ्ट वाउचर्स की खरीद।

c. एसबीआई क्विक:

मार्च 22 तक एसबीआई क्विक के कुल 2.99 करोड़ उपयोगकर्ता हैं। SBI क्विक मोबाइल बैंकिंग ऐप में निम्नलिखित विकास किए गए हैं।

- SBI क्विक के माध्यम से MOD बैलेंस।
- 2022 का बैंक हॉलिडे कैलेंडर।

ग. कार्यपालक सहायता प्रणाली

1. ग्राहक संबंध प्रबंधन (सीआरएम)

आपके बैंक का सीआरएम समाधान मौजूदा और संभावित ग्राहकों के साथ मजबूत और अच्छे संबंध बनाने और बनाए रखने में मदद करता है।

आरएम समाधान ने सभी व्यावसायिक इकाइयों और अन्य महत्वपूर्ण विभागों के लिए लीड मॉड्यूल को अनुकूलित किया है, जो अन्य स्रोतों जैसे कि OCAS, YONO, LOS, LLMS, बैंक की वेबसाइट आदि के साथ एकीकृत है। इसमें एक परिष्कृत और उन्नत मॉड्यूल, अर्थात् सीआरएम-सीएमएस भी है, जिसमें ग्राहकों की पिछली शिकायतों

और अन्य विवरणों को एप्लीकेशन में कैप्चर किया जाता है, जिससे उपयोगकर्ताओं और ग्राहकों को शिकायत दर्ज करने, ट्रैकिंग और उनके समाधान के लिए आसानी होती है।

- यह प्लैटफॉर्म बैंक पंजीकृत मोबाइल डिवाइसों पर सुरक्षित रूप से उपलब्ध कराया गया है ताकि बैंक कर्मचारियों को कहीं भी कुछ सेवाएं देने में सक्षम बनाया जा सके। वर्ष के दौरान शुरू की गई कुछ ग्राहक-केंद्रित परियोजनाएं इस प्रकार हैं;
- रिटेल के साथ-साथ कॉरपोरेट ग्राहकों / उत्पाद सिफारिशों और विश्लेषिकी आधारित आउटपुट के माध्यम से सीआरएम लीड के एक दृश्य के लिए ग्राहक 360 का संवर्धन
- सीआरएम-सीएमएस में योनो इंटरबैंक और योनो नकद अनधिकृत लेन-देन की हैंडलिंग के लिए शिकायत प्रबंधन कार्यक्षमता का निर्माण
- सीआरएम-सीएमएस में आंतरिक लोकपाल को रूटिंग और ऑटो-एस्केलेशन के लिए शिकायत मॉड्यूल का नवीकरण
- संपर्क केंद्र / उनके विक्रेताओं के परामर्श से आईवीआर और एजेंट की कार्य पद्धति को फिर से डिजाइन करना
- निर्दिष्ट केंद्रों (मुंबई मेट्रो और बेंगलुरु सर्कल) पर OCAS आवास ऋण लीड्स की SSL को असाइनमेंट के लिए कार्यक्षमता
- एसएमएस / मिस्ड कॉल चैनल के माध्यम से एसएमई लीड जनरेशन (ईज़ 3.0)
- कुछ ऑटोमोबाइल निर्माताओं के पोर्टलों के माध्यम से सीआरएम ऑनलाइन में लीड्स की सोर्सिंग

2. डेटा वेयरहाउस

बैंक के विजन को ध्यान में रखते हुए एक अत्याधुनिक डेटा आर्किटेक्चर युक्त "नेक्स्ट-जेन डेटा वेयरहाउस" स्थापित किया जा रहा है जो व्यावसायिक डेटा की बढ़ती मांग और नियामकों को रिपोर्टिंग की सुविधा डेटा गुणवत्ता और डेटा अखंडता के साथ प्रदान करेगा। यह आर्किटेक्चर अभिशासन, सुरक्षा और अनुपालन के साथ उन्नत-डेटा विश्लेषिकी के माध्यम से बैंक के लिए मूल्य संवर्धन (ऊपरी रेखा और निचली रेखा दोनों) करेगा।

3. डेटा अभिशासन

डेटा-संचालित संगठन होने के नाते, आपके बैंक ने व्यवसाय और आईटी हितधारकों के बीच साझेदारी के साथ डेटा के कुशल प्रबंधन के लिए विभिन्न कदम उठाए हैं। पहले से ही स्थापित शीर्ष-संचालित डेटा गवर्नेंस फ्रेमवर्क का लाभ उठाया जा रहा है जिसे ऑपरेटिंग स्तर तक संस्थागत रूप दिया गया है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि बैंक की डेटा ऐसेट भविष्य में नियामक दिशानिर्देशों का पालन करते हुए बैंक को अपने डिजिटल परिवर्तन में समर्थन देने के लिए तैयार है। "डेटा ट्रस्ट" के संदेश को आगे बढ़ाने और संगठन में डेटा साक्षरता को बढ़ावा देने के लिए आपका बैंक कई कार्यकलापों का संचालन कर रहा है, जिनमें प्रत्येक वर्ष 1 जून को "डेटा गवर्नेंस डे" मनाया जाना शामिल है।

4. विश्लेषिकी

आपके बैंक ने विश्लेषण, AI और ML में ठोस और अग्रणी योग्यता हासिल की है। यह ग्राहक सेवा, विपणन, जोखिम कम करने और कार्यनीति को अगली पीढ़ी की प्रौद्योगिकियों के अनुसार तैयार करने में मदद करता है। इस क्षेत्र में वित्त वर्ष 22 की कुछ मुख्य विशेषताएं इस प्रकार हैं:

डिजिटल अग्रिम: दो नए एंड-टू-एंड डिजिटल ऋण प्रक्रियाएं आरंभ की गई हैं, जिसके तहत हमारी सहायक कंपनी एसबीआई पीएसपीएल के पीओएस ग्राहकों के लिए पूर्व-अनुमोदित दोपहिया ऋण (एसबीआई ईजीराइड) और पूर्व-अनुमोदित बिजनेस लोन (पीएबीएल)। वित्त वर्ष 2022 में विश्लेषिकी-आधारित उत्पादों के माध्यम से डिजिटल रूप से 21,935 करोड़ रुपए के ऋण स्वीकृत किए गए हैं।

जोखिम कम करना: निधियों के दुरुपयोग का पता लगाने के लिए संबंधित पार्टी लेनदेन की पहचान करने के लिए एक टूल विकसित किया गया है। विसंगतियों की स्थिति में एकल अधिकारी शाखा निगरानी समाधान पायलट मोड में रोल आउट किया गया है।

परिचालन दक्षता: लागत-से-आय अनुपात टूल को उत्पाद मिश्रण और व्यय में शाखा-स्तर के परिवर्तनों को निर्धारित करने के लिए लॉन्च किया गया है ताकि लाभ को अधिकतम किया जा सके। प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली (ईडब्ल्यूएस) मॉडल को संपर्क केंद्र के साथ एकीकृत किया गया है ताकि ऋण खातों में दबाव को कम करने के लिए कॉल की सुविधा मिल सके।

उत्तरदायी एआई: आगामी कानूनों / विनियमों के लिए तैयारी सुनिश्चित करने के लिए वैश्विक मानकों के अनुरूप एक मजबूत डेटा और मॉडल गवर्नेंस फ्रेमवर्क को अपनाया गया है। निष्पक्षता, नैतिकता, जवाबदेही और पारदर्शिता (FEAT) दस्तावेज़ और समझाने योग्य AI अपनाया गया है ताकि नैतिक मॉडल तैयार किया जा सके।

प्रौद्योगिकी संबंधी: आपके बैंक ने अगली पीढ़ी की क्षमताओं को अपनाया है जैसे बोर्ड-अनुमोदित "एनालिटिक्स के रोडमैप" के अनुरूप डीप लर्निंग, क्लाउड-आधारित सेवाएं, प्रिस्क्रिप्टिव एनालिटिक्स और रियल-टाइम एनालिटिक्स। एकल, समग्र मॉडल में जोखिम, एक्टिवेशन और खर्च विश्लेषण के संयोजन के अग्रणी प्रोजेक्ट शिखर मॉडल को अपनाया गया है, जिसके परिणामस्वरूप इस कार्यक्रम के तहत आपके बैंक की सहायक कंपनी एसबीआई कार्ड्स द्वारा चार मिलियन कार्ड जारी किए गए हैं।

प्राप्त सम्मान:

- गार्टनर के वैश्विक "डेटा और विश्लेषिकी के लिए आईटी स्कोर" मूल्यांकन में एक "उच्च परिपक्वता" स्कोर हासिल किया।
- अपने क्रेडिट कार्ड क्रॉस-सेल मॉडल के लिए पीएमआई द्वारा "परियोजना प्रबंधन के लिए दक्षिण एशिया पुरस्कार" से सम्मानित किया गया।
- उद्योग इनोवेशन पुरस्कार: पूर्व-अनुमोदित व्यापार ऋण उत्पाद के लिए डेटा इंटेलिजेंस पुरस्कार।
- आईडीसी उद्योग इनोवेशन पुरस्कार: फुटफॉल युक्तिकरण मॉडल के लिए ग्रीन टेक / सस्टेनेबिलिटी अवार्ड।

च. कोर और विशेष परियोजनाएं

वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान ग्राहक सेवा के क्षेत्र में चालू वित्त वर्ष में शुरू किए गए महत्वपूर्ण विकास निम्नानुसार हैं:

हिन्दी प्रिंटिंग: ग्राहकों की अपेक्षाओं के अनुसार हिंदी भाषा में पासबुक, खातों के विवरण आदि की प्रिंटिंग को सक्षम बनाने का रोल आउट किया गया है।

एसएमएस डिलीवरी में सुधार: 13 भाषाओं में एसएमएस अलर्ट के लिए एक सुविधा आरंभ की गई है। ग्राहक अब अपनी पसंदीदा भाषा, जैसे असमिया, अंग्रेजी, बंगाली, गुजराती, हिंदी, कन्नड़, मैथली, मराठी, मलयालम, पंजाबी, तमिल, तेलुगु, उड़िया में एसएमएस अलर्ट के लिए पंजीकरण कर सकते हैं। एसएमएस डिलीवरी में विलंब को दूर करने के लिए निम्नलिखित पहल की गई हैं।

- सीबीएस से डिलीवरी प्लेटफॉर्म पर एसएमएस आउटफ्लो की मल्टी-स्ट्रीमिंग।
- एसएमएस की एक उच्च मात्रा को संभालने के लिए बुनियादी ढांचे को अपग्रेड किया गया।
- सीबीएस में एसएमएस जनरेशन और ट्रांसमिशन प्रक्रियाओं की उच्च मात्रा को संभालने के लिए संशोधित किया गया।

1. विशेष परियोजनाएं

आपके बैंक ने ग्राहकों की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए कई विशेष परियोजनाएं शुरू की हैं। उनमें से कुछ निम्नानुसार हैं

गैर-व्यक्तिगत सीआईएफ के लिए सीकेवाईसी और एफआई-लीगेसी सीआईएफ के लिए सीकेवाईसी: सभी प्रकार के सीआईएफ, अर्थात् व्यक्तिगत, गैर-व्यक्तिगत और एफआई को सीकेवाईसी के तहत कवर किया गया है।

डिजिटाइजेशन की बढ़ी हुई मात्रा को देखते हुए एक और वैकल्पिक स्कैनिंग समाधान (Signzy के अतिरिक्त), CKYC दस्तावेज़ वर्गीकरण और अपलोड (CDCU), एक बेहतर AI-आधारित स्कैनिंग समाधान, 03.08.2021 को लॉन्च किया गया है।

पेंशन: 01.11.2021 को वीडियो जीवन प्रमाण पत्र की कार्यक्षमता लॉन्च की गई है जिससे पेंशनभोगियों को अपने घर से वीडियो कॉलिंग के माध्यम से जीवन प्रमाण पत्र जमा करने में सुविधा मिलेगी।

पेंशन आवेदन के माध्यम से पारिवारिक पेंशन से संबंधित दस्तावेजों को अपलोड करने के लिए कार्यक्षमता 10.12.2021 को उपलब्ध कराई गई है। अब पारिवारिक पेंशनभोगी दस्तावेज जमा करने के लिए किसी भी शाखा से संपर्क कर सकता है।

टीआरएस: आपका बैंक RINB और TRS (TaxCPC) पोर्टलों के माध्यम से फॉर्म16 प्रदान कर रहा है। दिसंबर 2021 में बैंक ने ऐप के माध्यम से फॉर्म 16 प्रदान करने के लिए भारत सरकार के डिजिलॉकर ऐप के साथ सफलतापूर्वक एकीकृत किया है, जिसमें फॉर्म 16 को डिजि लॉकर के 'जारी किए गए दस्तावेज़' खंड में रखा जा सकता है।

जीबीएसएस - टीआईएन (कर सूचना नेटवर्क) 2.0- OLTAS: के लिए प्रतिस्थापन: प्रत्यक्ष कर संग्रह के लिए GBSS एप्लीकेशन में नया मॉड्यूल रोल आउट किया गया है, जिसका निपटान और रिपोर्टिंग के लिए TIN2.0 और PFMS और RBI के साथ रीयल टाइम एकीकरण है।

जीबीएसएस - राज्य सरकार के लेनदेन कमीशन निपटान के लिए नया एफएसएलओ कमीशन मॉड्यूल: जीबीएसएस - एफएसएलओ मॉड्यूल शुरू किया गया है, जो जीबीएसएस एप्लिकेशन में कई राज्य सरकारों के मॉड्यूल के लिए कमीशन के दावे हेतु आरबीआई को शीर्ष वार रिटर्न जमा करने की सुविधा प्रदान करेगा।

एसबीआई फास्टैग - फोनपे के माध्यम से रिचार्ज: फोन पे के माध्यम से रिचार्ज के लिए बिल डेस्क के साथ फास्टैग एप्लिकेशन का एकीकरण पूरा हो गया है। फोन पे ग्राहक अब फास्टैग रिचार्ज विकल्प में अपने वाहन नंबर दर्ज करके सीधे आवेदन से अपने एसबीआई फास्टैग को रिचार्ज कर सकते हैं।

इजीकोलेक्ट: एडविस टोकियो लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लि. के साथ इजीकोलेक्ट एप्लिकेशन एकीकरण रोल आउट किया गया है। Edelweiss Tokio पॉलिसीधारक अब इजी कोलेक्ट एप्लीकेशन का उपयोग करके एसबीआई की किसी भी शाखा के माध्यम से नवीकरण प्रीमियम भेज सकते हैं

जीसीसी - नए जीसीसी टर्मिनल के लिए एप्लिकेशन का विकास "मूव 2500":

- एप्लिकेशन को नए पेश किए गए GCC टर्मिनल डिवाइस "मूव 2500" और मौजूदा डिवाइस के बीच संगतता लाने के लिए संशोधित किया गया है।
- आईएडी के दो लेखा परीक्षा संस्करणों, अर्थात् होम कार्यालय लेखा परीक्षा और विदेशी कार्यालयों के लिए समवर्ती लेखा परीक्षा प्रणाली को स्वचालित बनाया गया है।
- एचओए: आईएडी के एफओए विभाग ने 6 जुलाई 2021 को विदेशी कार्यालयों (बैंक) की लेखा परीक्षा आयोजित की है।
- CASFO: 28 जुलाई 2021 को "विदेशी कार्यालयों के लिए समवर्ती लेखा परीक्षा के लिए वेब-आधारित समाधान" शुरू किया गया है।

2. आईटी- कॉरपोरेट और एसएमई ऋण

आपके बैंक ने ऋण जीवन चक्र प्रबंधन प्रणाली (एलएलएमएस) के माध्यम से कॉरपोरेट और एसएमई ऋण की पूरी प्रक्रिया को कैप्चर करने के लिए एक इन-हाउस एप्लिकेशन विकसित किया है। क्रेडिट प्रक्रिया का पूरा जीवन चक्र स्वचालित है, जिससे क्रेडिट प्रक्रिया का मानकीकरण, जोखिम प्रबंधन में वृद्धि और बेहतर उपयोगकर्ता अनुभव और टीएटी होता है। वित्त वर्ष 2022 के दौरान, एलएलएमएस के तहत निम्नलिखित महत्वपूर्ण नई सुविधाएं आरंभ की गई हैं:

राष्ट्रीय पोर्टल के साथ एकीकरण: एलएलएमएस को राष्ट्रीय पोर्टल के साथ एकीकृत किया गया है, जहां क्रेडिट लिंक्ड सरकारी योजनाओं की लीड्स राष्ट्रीय पोर्टल से एलएलएमएस में स्थानांतरित होती है। राष्ट्रीय पोर्टल पर संबंधित बैंकों द्वारा निर्धारित योजना-विशिष्ट नियम इंजन पैरामीटरों के आधार पर जीओ का सैद्धांतिक अनुमोदन प्रदान करता है। यह सरकार द्वारा प्रायोजित योजनाओं के टीएटी में सुधार करने के साथ पारदर्शिता को बढ़ाता है।

कॉनटेक्ट रहित अग्रिम प्लेटफॉर्म के साथ एकीकरण: LLMS को कॉनटेक्ट रहित अग्रिम प्लेटफॉर्म (CLP) के साथ एकीकृत किया गया है, जहां एसएमई ग्राहक सीएलपी वेबसाइट के माध्यम से आवेदन करते हैं, और योग्य लीड को LLMS को अग्रेषित किया जाता है। यह समय बचाता है और ग्राहक संतुष्टि में सुधार करता है।

3. आईटी खुदरा ऋण (आरएल)

आईटी खुदरा ऋण सात एप्लीकेशनों अर्थात् एलओएस (पीबी), आरएलएमएस (खुदरा ऋण प्रबंधन प्रणाली), एलओएस (एग्री), आईसीएएस (ऑनलाइन ग्राहक अधिग्रहण प्रणाली), आरएएएस (खुदरा परिसंपत्ति अधिग्रहण प्रणाली), ओपीएएस (ऑनलाइन परियोजना अनुमोदन प्रणाली) और एलएएमएस (ऋण खाता प्रबंधन प्रणाली) के माध्यम से मंजूरी पूर्व और मंजूरी बाद की एंड-टू-एंड क्रेडिट प्रक्रियाओं को पूरा करता है।

वित्त वर्ष 2021-22 में प्रमुख रोलआउट:

- होम लोन यात्रा के लिए इमेज-आधारित प्रोसेसिंग, जो बीपीआर और गैर-बीपीआर शाखाओं के लिए एक समान है।
- कोविड रोगियों को इलाज के लिए एसबीआई कवच व्यक्तिगत ऋण।
- सुरक्षा मूल्य पर मौजूदा स्वर्ण ऋण उधारकर्ताओं के लिए टॉप अप गोल्ड लोन।
- योनो प्लेटफॉर्म के माध्यम से रियल-टाइम एक्सप्रेस क्रेडिट के लिए ऑनलाइन ऋण अनुमोदन ।
- रियायती मूल्य पर कोविड योद्धाओं के लिए एक्सप्रेस क्रेडिट।
- ऑटो ऋण और शिक्षा ऋण के लिए राष्ट्रीय हंटर के साथ एकीकरण। यह हंटर के मौजूदा डेटाबेस से धोखाधड़ी की जांच करने में मदद करता है।
- गृह ऋण और शिक्षा ऋण की सब्सिडी प्रोसेसिंग के लिए राष्ट्रीय पोर्टल के साथ एकीकरण।
- अचल प्रतिभूति के ऑनलाइन पंजीकरण के लिए सीईआरएसएआई (CERSAI) के साथ एकीकरण।

ऋण खाता प्रबंधन प्रणाली (एलएएमएस): ऋण वसूली के लिए नया एप्लिकेशन अप्रैल 2021 में लॉन्च किया गया था, जहां टेली-कॉलर और बैंक अधिकारी चूककर्ता खाताधारकों को किए गए अनुवर्ती कॉल रिकॉर्ड करते हैं। चालू वर्ष के दौरान बैंक कर्मचारियों, संपर्क केंद्र और सीएसपी ने एप्लिकेशन में 2,54,89,155 फॉलोअप कॉल दर्ज किए हैं।

4. ग्राहक सेवा

आपके बैंक में एक मजबूत ऑनलाइन शिकायत प्रबंधन प्रणाली (सीएमएस) है, जहां ग्राहक बैंक की वेबसाइट www.bank.sbi के माध्यम से अपनी शिकायतें, प्रतिक्रियाएं और सुझाव ऑनलाइन दर्ज करा सकते हैं। इसके अलावा विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में स्थित संपर्क केंद्र 24*7*365/366 संचालित होते हैं, जो बैंक के ग्राहकों को हिंदी, अंग्रेजी और दस प्रमुख क्षेत्रीय भाषाओं में सेवाएं प्रदान करते हैं।

ग्राहकों की शिकायतों का समाधान करने की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए, आपके बैंक ने सभी सर्किलों में सर्किल शिकायत समाधान केंद्र (सीसीआरसी) स्थापित किए हैं। आपके बैंक ने बेहतर ग्राहक अनुभव सुनिश्चित करने के लिए बैंक के नियमित संपर्क केंद्रों के दायरे से इतर किसी भी मामले से निपटने के लिए अपने कर्मचारियों द्वारा संचालित सर्कल कॉल सेंटर भी स्थापित किए हैं। ग्राहकों की शिकायतों का उचित और समय पर समाधान आपके बैंक का उच्च फोकस क्षेत्र है। शिकायत के प्रमुख क्षेत्रों का मूल कारण विश्लेषित किए जा रहे हैं जिनके निष्कर्षों के आधार पर उत्पादों और प्रक्रियाओं में सुधार किया जा रहा है। हमने ग्राहक संतुष्टि सर्वेक्षण और जमाकर्ता संतुष्टि सर्वेक्षण भी किया है और निष्कर्षों के आधार पर ग्राहक अनुभव बेहतर करने की दिशा में काम किया जा रहा है। ग्राहकों से जुड़ने के लिए 523 केंद्रों पर देशव्यापी ई-टाउन हॉल बैठकें आयोजित की गईं हैं और उत्पादों एवं प्रक्रियाओं पर ग्राहकों की प्रतिक्रिया एकत्र की गई हैं।

फ्रंटलाइन कर्मचारियों के ज्ञान का स्तर बढ़ाने और ग्राहक अनुभव बेहतर करने के लिए आपके बैंक ने वर्ष के दौरान अपने कर्मचारियों के लिए बड़े पैमाने पर ज्ञान वृद्धि कार्यक्रम "प्रोजेक्ट उत्कर्ष" आरंभ किया है। ग्राहक सेवा के स्तर के आधार पर शाखाओं को वर्गीकृत करने के लिए "ग्राहक सेवा इंडेक्स" भी आरंभ किया गया है, जो शाखाओं के लिए एक प्रेरक के रूप में कार्य करता है।

आपका बैंक विश्लेषिकी और कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग करने के लिए CRM टूल का लाभ उठाने की प्रक्रिया में है। एसबीआई का मानना है कि ये डिजिटल टूल्स और टेक्नोलॉजी आने वाले दिनों में ग्राहक अनुभव को पूरी तरह से बदल सकती हैं। ग्राहकों की सुविधा के लिए आसानी से याद रखे जाने वाले 8 अंकों के संपर्क केंद्र टोल-फ्री नंबर (18001234 और 18002100) जारी किए गए हैं। हमने ग्राहक अनुभव में सुधार के लिए निर्बाध, सहज नेविगेशन के लिए एक सरलीकृत आईवीआर मेनू (5 * 5) भी आरंभ किया है। आपके बैंक ने संपर्क केंद्र (कुल 11 सेवाओं) से छह और पंजीकृत मोबाइल नंबर आधारित सेवाएं (दो दूरसंचार सर्किलों में पायलट आधार पर) आरंभ की हैं, जिन्होंने इन कठिन समय में ग्राहकों की मदद की है।

आपका बैंक पीएसबी डोरस्टेप बैंकिंग सेवाओं के माध्यम से ग्राहकों को सुविधाजनक बैंकिंग सेवाएं प्रदान कर रहा है। वे डीएसबी सेवाओं के माध्यम से कई डोरस्टेप सेवाओं जैसे खाता विवरण, नकद निकासी सुविधा, और जीवन प्रमाण पत्र जमा करना आदि का लाभ उठा सकते हैं।

छ. वित्तीय समावेशन और सरकारी योजनाएं (एफआई एंड जीएस)

कोविड-19 अवधि के दौरान जब बैंक शाखाओं में आवाजाही प्रतिबंधित थी, कियोस्क बैंकिंग चैनल ने सरकारी सब्सिडी के वितरण में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पीएम किसान सम्मान निधि की 9वीं और 10वीं किस्त के तहत, एसबीआई ने क्रमश: 09/08/2021 तथा 01/01/2022 को एक ही दिन में डेस्टिनेशन बैंक के रूप में क्रमशः 2.45 करोड़ और 2.50 करोड़ लेनदेन संसाधित किए हैं।

ग्राहकों की सुविधा और संतुष्टि के लिए वित्त वर्ष 2021-2022 के दौरान निम्नलिखित सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं:

- सीएसपी आउटलेट पर चेक बुक और चेक स्टॉप अनुरोध: सीएसपी आउटलेट पर नई चेक बुक जारी करने और चेक रोकने का अनुरोध देने की सुविधा प्रदान की गई है।
- सीएसपी आउटलेट पर एटीएम कार्ड ब्लॉक सुविधा: सीएसपी आउटलेट पर एटीएम कार्ड ब्लॉकिंग की सुविधा को सक्षम किया गया है, जिससे ग्राहकों को एटीएम कार्ड ब्लॉक करने का एक और प्लेटफॉर्म मिल गया है।

भारत सरकार की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं संबंधी पहल: भारत सरकार की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के तहत कवरेज बढ़ाने के लिए निम्नलिखित पहल शुरू की गई है:

- सीएसपी आउटलेट्स पर ग्राहकों और नामांकित व्यक्तियों संबंधी अतिरिक्त जानकारी प्राप्त करने के लिए संशोधित नामांकन प्रपत्र।
- कियोस्क चैनल में एक फ्लोटर स्क्रीन तैयार की गई है जो PMJJBY और PMSBY कवर से वंचित ग्राहकों को कवर प्राप्त करने के लिए सूचित करती है जिससे कवरेज में वृद्धि हो सके।
- पीएमजेजेबीवाई/पीएमएसबीवाई/एपीवाई में नामांकित होने के लिए कवर न किए गए डीबीटी/डीबीटीएल लाभार्थियों को एसएमएस से सूचना।

सीएसपी आउटलेट्स पर लेनदेन करते समय हिंदी, अंग्रेजी, तमिल और तेलुगु के अलावा कन्नड़, उड़िया, गुजराती, मराठी, बांग्ला और मलयालम में वॉयस प्रॉम्प्ट उपलब्ध कराया गया है। इसमें वह अपने खातों में किए जा रहे लेन-देन का विवरण सुन सकते हैं जिससे अनपढ़/कम साक्षर ग्राहकों का जोखिम कम करने में मदद मिलती है।

ज. व्यापार वित्त (टीएफ)

आपका बैंक हमारे ग्राहकों की e2e व्यापार वित्त आवश्यकताओं को पूरा करता है - अंतर्देशीय और क्रॉस बॉर्डर दोनों।

एग्जिम बिल एंटरप्राइज (ईई): ईई केंद्रीकृत प्रौद्योगिकी मंच है जो व्यापार वित्त लेनदेन को सुविधाजनक बनाता है, जिसमें औसत दैनिक लेनदेन 15,000 - 16,000 तक होता है।

ईडीपीएमएस आईडीपीएमएस वित्त वर्ष 2022 के अंत तक ईडीपीएमएस / आईडीपीएमएस समाधान प्रतिशत क्रमशः 96.88 और 95.41 है, जो अब तक का सबसे अच्छा है।

ग्राहक उद्यम (CE/ e-Trade): एसबीआई ई-ट्रेड, जिसे ग्राहक उद्यम (CE) के रूप में भी जाना जाता है, एक अद्वितीय डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म है। यह वन-स्टॉप, केंद्रीकृत एप्लिकेशन है, जो कॉरपोरेट ग्राहकों की घरेलू व्यापार वित्त और अंतरराष्ट्रीय व्यापार वित्त संबंधी जरूरतों को पूरा करने के लिए एक्जिम बिल एंटरप्राइज और कोर बैंकिंग सिस्टम के साथ एकीकृत है।

केंद्रीकृत स्विफ्ट इंटरफेस गेटवे (CSIG): केंद्रीकृत स्विफ्ट इंटरफेस गेटवे स्विफ्ट नेटवर्क पर सीमा पार लेनदेन के लिए एक केंद्रीकृत मैसेजिंग सिस्टम है। यह एक एकीकृत वेब-सक्षम मैसेजिंग सॉफ्टवेयर है जो केंद्रीय रूप से चलता है। इसे इंटरफ़ेस चैनलों और शाखाओं द्वारा एक्सेस किया जाता है, जो वित्तीय और गैर-वित्तीय संदेशों के इलेक्ट्रॉनिक आदान-प्रदान की सुविधा प्रदान करता है।

फिनट्रा टीएफएस (ट्रेड फाइनेंस सॉल्यूशन) परियोजना: व्यापार वित्त प्रक्रियाओं के डिजिटलीकरण और रीडिजाइनिंग के हिस्से के रूप में आपका बैंक कोलकाता और हैदराबाद में स्थि दो जीटीएफसी (ग्लोबल ट्रेड फाइनेंस सेंटर) में ट्रेड फाइनेंस की प्रोसेसिंग को केंद्रीकृत कर रहा है। परियोजना का पायलट लॉन्च नवंबर 2021 में अंतर्देशीय एलसी मॉड्यूल के साथ किया गया है और वित्त वर्ष 2022-23 तक इसके पूरा होने की उम्मीद है।

स्विफ्ट लेन-देन (TRUST) के लिए तीन-तरफ़ा समाधान सुविधा: यह एप्लिकेशन उचित नियंत्रण फ्रेमवर्क वाले जावक स्विफ्ट संदेश एग्रीगेटर और समाधान प्रणाली के रूप में कार्य करता है। यह सुनिश्चित करने के लिए जांच करता है कि भेजे गए सभी जावक SWIFT संदेशों के लिए अंतर्निहित लेखांकन खाता बहियों में मौजूद हैं। यह दैनिक स्वतंत्र समवर्ती ऑडिट की सुविधा भी प्रदान करता है ताकि जांच की जा सके कि सोर्स एप्लिकेशनों से उत्पन्न SWIFT संदेशों का सभी वित्तीय और गैर-वित्तीय संदेशों के साथ 100% समाधान किया गया है।

3. जोखिम प्रबंधन

क. जोखिम प्रबंधन परिदृश्य

आपके बैंक में जोखिम प्रबंधन में जोखिम पहचान, जोखिम मूल्यांकन, जोखिम मापन एवं जोखिम शमन शामिल हैं तथा इसका मुख्य उद्देश्य लाभप्रदता एवं पूंजी पर इसके नकारात्मक प्रभाव को कम करना है।

आपका बैंक विभिन्न प्रकार के जोखिमों का सामना करता है, जो किसी भी बैंकिंग व्यवसाय का अंतर्निहित हिस्सा है। उनमें प्रमुख जोखिम हैं - ऋण जोखिम, बाजार जोखिम, नकदी जोखिम एवं परिचालनगत जोखिम, जिसमें आईटी जोखिम भी शामिल है।

कर्तव्यों के पृथक्करण एवं जोखिम मापन, निगरानी तथा नियंत्रण कार्यों की स्वतंत्रता सुनिश्चित करने के संदर्भ में अंतरराष्ट्रीय स्तर के श्रेष्ठ सिद्धांतों के अनुरूप एक स्वतंत्र जोखिम प्रशासन संरचना लागू की गई। आपके बैंक तथा एसबीआई समूह में विभिन्न जोखिमों की निगरानी और समीक्षा कार्यपालक स्तरीय समिति यों तथा बोर्ड की जोखिम प्रबंधन समिति (आरएमसीबी) के माध्यम से की जाती है एवं इन समिति यों की बैठकें नियमित रूप से होती हैं। परिचालन इकाई तथा व्यवसाय इकाई स्तर पर जोखिम प्रबंधन समितियां भी सक्रिय हैं।

1. ऋण जोखिम कम करने के उपाय :

आपके बैंक ने ऋण जोखिमों की पहचान करने, मापन करने, निगरानी करने और नियंत्रित करने के लिए मजबूत ऋण मूल्यांकन तथा जोखिम प्रबंधन संरचना लागू की है। एक समर्पित टीम द्वारा दृष्टिकोण तथा क्रेडिट रेटिंग मापदंड तय करने हेतु पहचाने गए 38 उद्योगों एवं क्षेत्रों (खुदरा और कृषि को छोड़कर) जो आपके बैंक के कुल अग्रिमों में 73% का योगदान देते हैं, में विकास की संभावना का निर्धारण करने के लिए उद्योग क्षेत्र में माहौल का विश्लेषण तथा अनुसंधान किया जाता है। इन उद्योगों के संबंध में सरकारी नीतियों अथवा विनियामक दिशानिर्देशों में परिवर्तन, बिजली की कमी अथवा आपूर्ति श्रृंखला से संबंधित समस्या आदि घटनाओं की लगातार निगरानी की जाती है और उन पर पड़ने वाले प्रभावों पर विशेष अध्ययन किए जाते हैं, जिन्हें व्यावसायिक समूहों के साथ साझा किया जाता है, ताकि वे जागरूक ऋण निर्णय लेने में सक्षम हो सकें। बढ़ते हुए जलवायु परिवर्तन के जोखिम को ध्यान में रखते हुए आपके बैंक की उधार देने की रणनीति को अल्प-कार्बन क्षेत्रों के अनुरूप बनाने के लिए बिजली, हाइड्रोकार्बन, लोहा एवं इस्पात, निर्माण, ऑटोमोबाइल एवं कोयला उद्योग जैसे गहन उत्सर्जन वाले उद्योग पर प्रभाव का विश्लेषण किया जाता है। इसके अलावा, विभिन्न स्तरों के परिचालन कर्मचारियों की सुविधा के लिए ज्ञान साझा करने के सत्र आयोजित किए जाते हैं। इसके अतिरिक्त, शीर्ष के 15 उद्योगों को शामिल करते हुए व्यावसाय इकाइयों को मासिक एवं त्रैमासिक डैशबोर्ड प्रदान किए जाते हैं, जिनमें इन महत्वपूर्ण उद्योगों एवं क्षेत्रों में हो रहे विकास का विवरण दिया जाता है, ताकि उन्हें नवीनतम घटनाओं पर अद्यतन जानकारी मिल सके।

आपके बैंक में एक उद्योग संकेंद्रण सीमा से संबंधित ढांचा उपलब्ध है, जो संकेंद्रण जोखिम के खिलाफ काम करता है, जिसकी तिमाही आधार पर निगरानी की जाती है। इस फ्रेमवर्क को निष्पादन संबद्ध प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाओं और पर्यावरण, सामाजिक तथा अभिशासन (ईएसजी) जोखिमों सहित नकारात्मक विकास जैसी सरकारी पहलों से उत्पन्न व्यावसायिक अवसरों को प्राप्त करने के लिए अधिक मजबूत बनाया गया है।

उधारकर्ता-वार ऋण जोखिम का मूल्यांकन करने के लिए आपका बैंक विभिन्न आंतरिक ऋण जोखिम मूल्यांकन मॉडल तथा स्कोर कार्ड का प्रयोग करता है। उधारकर्ताओं की आंतरिक ऋण रेटिंग के लिए मॉडल बैंक में ही विकसित किए गए हैं। व्यापक मान्यता तथा बाहरी मान्यता/समीक्षा सहित व्यापक मान्यता एवं बैक-टेस्टिंग संरचना के चक्र के माध्यम से उनकी समीक्षा की जाती है। ईएसजी जोखिम को ध्यान में रखते हुए, बैंक ने एक पर्यावरण, सामाजिक और अभिशासन (ईएसजी) रेटिंग मॉडल को अपनाया है, जो विभिन्न उद्देश्यों के ईएसजी मानदंडों पर बड़े उधारकर्ताओं को श्रेणी प्रदान करता है।

आप के बैंक में 'आंतरिक रेटिंग की गतिशील समीक्षा' संरचना भी लागू है, जो दबाव की पूर्व पहचान करने तथा उचित शमन तंत्र सक्रिय करने की सुविधा देती है।

आपके बैंक में पूंजी पर जोखिम समायोजित प्रतिलाभ (आरएआरओसी) संरचना उपलब्ध है तथा ग्राहक स्तर पर आरएआरओसी की गणना का डिजिटलीकरण कर दिया गया है।

इसके अलावा, खुदरा उधारकर्ता के निष्पादन की निगरानी करने तथा स्कोरिंग के लिए व्यवहारगत मॉडल विकसित कर क्रेडिट रिस्क डाटा मार्ट पर होस्ट किए गए हैं।

आपका बैंक प्रत्येक छमाही में अपने क्रेडिट पोर्टफोलियो की दबावग्रस्तता का परीक्षण करता है। आरबीआई के दिशानिर्देशों, उद्योग की सर्वश्रेष्ठ प्रथाओं तथा मैक्रो इकोनोमिक वेरिएबल के अनुरूप दबावग्रस्तता परिदृश्यों का नियमित रूप से अद्यतन किया जाता है।

आरबीआई ने आपके बैंक को ऋण जोखिम के लिए प्रगत दृष्टिकोण के अंतर्गत फाउंडेशन इंटरनल रेटिंग बेस्ड (एफ़आईआरबी) के लिए पैरेलल रन प्रक्रिया में प्रतिभागिता करने की अनुमति दी है। एफ़आईआरबी के लिए पैरेलल रन के अंतर्गत आंकड़े आरबीआई को प्रस्तुत किए गए हैं। चूक की संभावना (पीडी), चूक पर हानि (एलजीडी) तथा चूक पर जोखिम (ईएडी) की गणना के मॉडल को आईआरबी पूंजी की गणना के लिए क्रेडिट रिस्क डाटा मार्ट होस्ट किया गया है।

बैंक, एक्सपोजर से जुड़े जोखिम की तुलना में प्रतिलाभ की पर्याप्तता का आकलन करने के लिए आवधिक अंतरालों पर महत्वपूर्ण पोर्टफोलियो का जोखिम-प्रतिलाभ विश्लेषण करता है। बैंक द्वारा कॉरपोरेट जोखिम से उत्पन्न जोखिम के उद्देश्यपूर्ण और निरंतर मूल्यांकन के लिए उपाय शुरू किए गए हैं। इस संबंध में, बैंक ने प्रारंभिक चेतावनी संकेत ट्रिगर्स के साथ आंतरिक रेटिंग की गतिशील समीक्षा को एकीकृत करने के लिए एक फ्रेमवर्क तैयार किया है तथा उक्त फ्रेमवर्क के लिए आईटी कार्यान्वयन को पूरा कर लिया है। इस समय वास्तविक-जीवन के परिदृश्यों के तहत इस फ्रेमवर्क का प्रयोग किया जा रहा है और वित्त वर्ष 2023 में इसे पूर्ण रूप से शुरू करने का बैंक का प्रस्ताव है।

2. बाजार जोखिम कम करने के उपाय:

आपके बैंक में बाजार जोखिम प्रबंधन के द्वारा जोखिमों, नियंत्रण उपायों, निगरानी और रिपोर्टिंग प्रणालियों की पहचान एवं मापन की जाती है। बाजार जोखिम को बोर्ड द्वारा अनुमोदित एक सुपरिभाषित निवेश नीति, व्यापार नीति एवं बाजार जोखिम प्रबंधन नीति तथा बाजार जोखिम सीमा नीति के माध्यम से प्रबंधित किया जाता है, जो निवेश निधियों के प्रभावी और विवेकपूर्ण प्रबंधन के लिए व्यापार जोखिम सीमाओं/ट्रिगर्स के माध्यम से विभिन्न ट्रेडिंग डेस्क या विभिन्न प्रतिभूतियों में जोखिम को सीमित करती है। इन जोखिम उपायों में स्थिति सीमाएं, अंतर सीमाएं अवधि प्रतिबंध शामिल हैं तथा संवेदनशीलता सीमाओं, यथा - पीवी01, संशोधित अवधि, जोखिम पर मूल्य (वीएआर) सीमा, स्टॉप लॉस ट्रिगर स्तर, एनओओपी, फॉरेक्स डेलाइट सीमा, एलएमएटी, यूएमएटी एवं ऑप्शन्स ग्रीक्स की दैनिक आधार पर निगरानी की जाती है।

मूल्य पर जोखिम (वीएआर) बैंक के ट्रेडिंग पोर्टफोलियों में जोखिम की निगरानी के लिए उपयोग में आने वाला टूल है। आपके बैंक के एंटरप्राइज स्तरीय वीएआर की गणना तथा बैक टेस्टिंग दैनिक आधार पर होती है। बाजार जोखिम के लिए दबावग्रस्त वीएआर की गणना भी दैनिक आधार पर होती है। इसके पूरक के रूप में, बोर्ड द्वारा अनुमोदित एक दबावग्रस्तता परीक्षण नीति और संरचना को लागू किया गया है, जो दबावग्रस्तता हानि को मापने और सुधारात्मक उपायों को शुरू करने के लिए विभिन्न बाजार जोखिम परिदृश्यों का अनुकरण करता है।

आपके बैंक के बाजार जोखिम पूंजीगत चार्ज की गणना मानकीकृत मापन पद्धति (एसएमएम) के प्रयोग से विनियामक कारकों को लागू करते हुए की जाती है।

आपका बैंक अपने घरेलू तथा विदेशी पोर्टफोलियों का जोखिम-समायोजित निष्पादन मूल्यांकन करता है। निर्णय लेने के लिए एक साधन के रूप में बैंक गैर - एसएलआर बॉण्ड के ऋण रेटिंग माइग्रेशन का विश्लेषण भी करता है।

बैंक ने एलआईबीओआर से वैकल्पिक संदर्भ दर (एआरआर) की ओर निर्बाध अंतरण सुनिश्चित करने के लिए उपयुक्त उपाय शुरू किए हैं। भविष्य में इससे बैंक के लिए प्रतिपक्षी एक्सपोजर राशि एवं प्रतिपक्षी ऋण जोखिम कम हो सकता है।

प्रासंगिक सूचना प्रौद्योगिकी परिवर्तनों, आरआईसीएस जैसे मॉडलों के मूल्यांकन के लिए उपकरण और नए शुरू की गई वैकल्पिक संदर्भ दरों (एआरआर) के लिए मूल्य निर्धारण के लिए वक्रों को प्रणाली में शामिल किया गया है।

नए शुरू किए गए द्विपक्षीय नेटिंग दिशानिर्देशों को बैंक के प्रचालन दिशानिर्देशों में शामिल किया गया है। आगे बढ़ते हुए, यह काउंटरपार्टी एक्सपोजर राशि और बैंक के लिए काउंटरपार्टी क्रेडिट जोखिम के लिए पूंजी की आवश्यकता को कम कर सकता है।

आपके बैंक में एक मॉडल जोखिम प्रबंधन तंत्र उपलब्ध है, जो बैंक को मॉडल जोखिम का आकलन, मापन, निगरानी करने और शमन करने में सक्षम बनाता है।

3. उद्यम जोखिम कम करने के उपाय :

संपूर्ण बैंक स्तर पर जोखिम प्रबंधन करने एवं उसे कार्यनीति के अनुरूप बनाने के लिए व्यापक संरचना तैयार करना उद्यम जोखिम प्रबंधन का उद्देश्य है। जोखिम एपिटाइट फ्रेमवर्क, जोखिम संस्कृति मूल्यांकन फ्रेमवर्क, महत्वपूर्ण जोखिम मूल्यांकन तैयार करने जैसे वैश्विक सर्वश्रेष्ठ प्रथाएँ इसमें शामिल हैं।

जोखिम की भूमिका को कार्यनीतिक कार्य के रूप में परिवर्तित करने के आपके बैंक के विजन के के तहत बोर्ड द्वारा अनुमोदित उद्यम जोखिम प्रबंधन (ईआरएम) नीति लागू की गई है।

जोखिम एपिटाइट फ्रेमवर्क के अंतर्गत निगरानी मापदंडों के साथ प्रमुख जोखिमों के लिए सीमाएं तय की जाती है। आपके बैंक में मजबूत जोखिम संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जोखिम संस्कृति मूल्यांकन फ्रेमवर्क को चरणबद्ध तरीके से परिचालित किया जा रहा है। भौतिक जोखिम मूल्यांकन फ्रेमवर्क के अंतर्गत अन्य के साथ-साथ ऋण जोखिम, बाजार जोखिम, परिचालन जोखिम तथा तरलता जोखिम के लिए जोखिम आधारित मापदंडों का आवधिक विश्लेषण उद्यम तथा समूह जोखिम प्रबंधन समिति (ईजीआरएमसी)/ केंद्रीय बोर्ड की कार्यकारी समिति (ईसीसीबी) को प्रस्तुत किया जाता है।

एकल तथा सामूहिक स्तर पर सामान्य तथा दबावग्रस्त परिस्थितियों में पूंजी की पर्याप्तता के संबंध में आपका बैंक वार्षिक आधार पर व्यापक आंतरिक पूंजी पर्याप्तता मूल्यांकन प्रक्रिया (आईसीएएपी) का आयोजन करता है।

आईसीएएपी में स्तंभ 1 जोखिमों यथा ऋण जोखिम, बाजार जोखिम तथा परिचालन जोखिम के अलावा स्तंभ 2 जोखिम यथा तरलता जोखिम, बैंकिंग बही में ब्याज दर जोखिम (आईआरआरबीबी), संकेंद्रण जोखिम तथा अन्यों का मूल्यांकन किया जाता है और आवश्यक होने पर पूंजी उपलब्ध करवाई जाती है। आईसीएएपी में नए तथा उभरते हुए जोखिमों की पहचान कर उन पर चर्चा की जाती है।

आपका बैंक अपने परिचालनों में कार्बन पदचिह्न को कम करने के लिए प्रतिबद्ध है। तदनुसार, बैंक ने जलवायु परिवर्तन जोखिम प्रबंधन नीति विकसित की है, जो कम कार्बन और जलवायु के प्रति संवेदनशील भविष्य की दिशा में अपनी यात्रा का समर्थन करने में एक दिशा-सूचक के रूप में काम करेगी।

आपका बैंक जलवायु संबंधी जोखिमों और अवसरों की पहचान तथा प्रबंधन करके जलवायु परिवर्तन की चिंताओं का समाधान करने के लिए प्रतिबद्ध है। जलवायु संबंधी जोखिम (एवं अवसर) के विचारों को दिन-प्रतिदिन के परिचालन, उधार देने के पोर्टफोलियो एवं समग्र निर्णय प्रक्रिया में एकीकृत करना इस नीति का लक्ष्य है।

बैंक में समग्र एकीकृत जोखिम अभिशासन संरचना :



4. समूह जोखिम शमन उपाय :

समूह इकाइयों में मानकीकृत जोखिम प्रबंधन प्रक्रियाएं लागू करना समूह जोखिम प्रबंधन का लक्ष्य है। समूह जोखिम प्रबंधन, समूह तरलता तथा आकस्मिक निधीयन योजना (सीएफपी), इंट्रा ग्रुप लेनदेन तथा जोखिमों से दूरी बनाए रखने संबंधी नीतियां उपलब्ध हैं। समेकित विवेकशील जोखिमों तथा समूह जोखिम तत्वों की नियमित रूप से निगरानी की जाती है। गैर-बैंकिंग इकाइयों सहित सभी सामूहिक इकाइयां, जहां एसबीआई के पास 20% या उससे अधिक की हिस्सेदारी एवं प्रबंधन नियंत्रण हो, आईसीएएपी अभ्यास का आयोजन किया जाता है। समानता सुनिश्चित करने के लिए समूह आईसीएएपी नीति विद्यमान है।

5. बासेल कार्यान्वयन :

बासेल III पूंजी विनियमनों पर आरबीआई दिशानिर्देशों को कार्यान्वित किया गया है। आपका बैंक वर्तमान आवश्यकताओं के अनुसार पर्याप्त रूप से पूंजीकृत है, जिसमें पूंजी संरक्षण बफर (सीसीबी) के आवश्यक स्तर को बनाए रखना भी शामिल है। विनियामक द्वारा आपके बैंक को डी-एसआईबी के रूप में पहचाना गया है तथा तदनुसार बैंक को 1 अप्रैल 2019 से आरडब्ल्यूए के 0.60% का अतिरिक्त कॉमन ईक्विटी टियर 1 (सीईटी 1) रखने की आवश्यकता है।

ख. आंतरिक नियंत्रण

आपके बैंक में आंतरिक लेखा परीक्षा (आईए) एक स्वतंत्र गतिविधि है और आपके बैंक के भीतर उसकी पर्याप्त प्रतिष्ठा और प्राधिकार है। उप प्रबंध निदेशक की अध्यक्षता में आंतरिक लेखा परीक्षा विभाग बोर्ड की लेखा परीक्षा समिति के मार्गदर्शन और पर्यवेक्षण के तहत काम करता है। आपके बैंक का आंतरिक लेखा परीक्षा कार्य नियंत्रणों की प्रभावशीलता का मूल्यांकन करने, नियंत्रणों के अनुपालन का आकलन करने और आंतरिक प्रक्रियाओं एवं कार्यविधियों के पालन हेतु जोखिम प्रबंधन और अनुपालन विभागों के साथ निकट समन्वय में किया जाता है। आंतरिक लेखा परीक्षा कार्य जोखिम आधारित पर्यवेक्षण संबंधी विनियामक दिशानिर्देशों के अनुरूप आपके बैंक की परिचालन इकाइयों की एक व्यापक जोखिम-आधारित लेखा परीक्षा करता है।

आपके बैंक में तेजी से हो रहे डिजिटलीकरण के साथ तालमेल रखते हुए, आंतरिक लेखा परीक्षा कार्य ने प्रणाली संचालित और एनलिटिक्स-आधारित लेखापरीक्षा के माध्यम से बढ़ी हुई दक्षता और प्रभावशीलता प्रदान करने के लिए तकनीकी का उपयोग करना प्रारंभ किया है।

कुछ प्रमुख विशेषताएं निम्नानुसार हैं -

- सूक्ष्म स्तर पर नियंत्रणों के अनुपालन का मूल्यांकन करने के लिए वेब आधारित, ऑनलाइन जोखिम केंद्रित आंतरिक लेखा परीक्षा (आरएफआईए)
- एनलिटिक्स-आधारित, विशाल डाटा के दूरस्थ मूल्यांकन के माध्यम से अनुपालन योग्य नियंत्रणों का निरंतर मूल्यांकन

- प्रणाली -चालित, एंलिटिक्स आधारित लेनदेन की ऑफ-साइट निगरानी
- अनुपालन की समसामयिक जांच सुनिश्चित करने के लिए व्यवसाय इकाइयों की समवर्ती लेखापरीक्षा
- ₹1 करोड़ और उससे अधिक के ऋणों की गुणवत्ता का आकलन करने के लिए संस्वीकृतियों की शीघ्र समीक्षा
- शाखाओं द्वारा स्व-मूल्यांकन के लिए शाखाओं द्वारा ऑनलाइन स्व-लेखापरीक्षा और नियंत्रकों द्वारा पुनरीक्षण

आरएफआईए के अंतर्गत आंतरिक लेखापरीक्षा विभाग विभिन्न लेखापरीक्षा अर्थात ऋण लेखापरीक्षा, सूचना प्रणाली लेखापरीक्षा, साइबर सुरक्षा लेखापरीक्षा, गृह कार्यालय लेखा परीक्षा (विदेशी कार्यालयों की लेखापरीक्षा), संगामी लेखापरीक्षा, फेमा लेखापरीक्षा, आपके बैंक की आउटसोर्स गतिविधियों की लेखापरीक्षा, व्यय लेखापरीक्षा और अनुपालन लेखापरीक्षा करता है।

अपनी समग्र जोखिम मूल्यांकन प्रक्रियाओं की लेखापरीक्षा को मजबूत करने के लिए आपके बैंक ने 01.04.2019 को आंतरिक लेखा परीक्षा विभाग (आईएडी) में एक नया विभाग अर्थात "कॉरपोरेट केंद्र लेखापरीक्षा (सीसीए) विभाग" बनाया है। इसके अलावा, यह कॉरपोरेट केंद्र में आरबीआई के निर्देशों एवं विनियामक दिशानिर्देशों तथा विभिन्न व्यवसाय इकाइयों एवं विभागों से आने वाली अन्य आवश्यकताओं के अनुपालन में थीमैटिक ऑडिट, वैलिडेशन ऑडिट, सत्यता जांच जैसी विभिन्न लेखापरीक्षाएँ करता है। सीसीए विभाग आरबीआई - ट्रेंच- III-डीसीटी (आंकड़ा संग्रह ट्रेंच), जोखिम मूल्यांकन रिपोर्ट (आरएआर) एवं जोखिम शमन योजना (आरएमपी) टिप्पणियों के सत्यापन में भी लगा हुआ है।

शाखा लेखापरीक्षा : आंतरिक लेखापरीक्षा विभाग जोखिम आधारित पर्यवेक्षण से संबंधित विनियामक दिशानिर्देशों के अनुरूप आपके बैंक की परिचालन इकाइयों की एक व्यापक जोखिम-आधारित लेखा परीक्षा करता है। घरेलू शाखाओं को व्यापार प्रोफ़ाइल और अग्रिम एक्सपोजर के आधार पर मोटे तौर पर चार समूहों (समूह I विशेष, समूह I, समूह II और समूह III) में विभाजित किया जाता है। आपके बैंक ने लेखा परीक्षा के लिए शाखाओं की पहचान करने हेतु एक प्रणाली संचालित प्रक्रिया शुरू की है, जिसके तहत विश्लेषणात्मक एल्गोरिदम का उपयोग पर्याप्त रूप से भिन्न व्यवहार स्वरूप प्रदर्शित करने वाली इकाइयों की पहचान करने के लिए किया जाता है। यह आपके बैंक को इन बाहरी शाखाओं में कारकों की पहचान करने के लिए प्राथमिकता के साथ लेखापरीक्षा कर शुरू में ही अंतर्निहित समस्या की पहचान कर उचित उपाय करने हेतु सक्षम बनाता है। वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान, आंतरिक लेखा परीक्षा विभाग ने 31.03.2022 तक घरेलू शाखाओं और केंद्रीय प्रसंस्करण केंद्रों (सीपीसी) की 10,614 इकाइयों का आरएफआईए पूरा कर लिया है। इसके अलावा, ट्रिगर आधारित लेखापरीक्षा (टीबीए) के तहत चयनित 3,260 शाखाओं में साक्ष्य आधारित अनुपालन परीक्षण (ईबीसीटी) पूरा किया गया।

ऋण लेखापरीक्षा : ऋण लेखापरीक्षा 'जोखिम केंद्रित आंतरिक लेखा परीक्षा' प्रणाली का एक अभिन्न अंग है। काउंटर पार्टी के व्यवसायों में निहित जोखिमों की पहचान करना और अंतर्निहित जोखिमों की निगरानी के लिए नियंत्रण प्रणाली की प्रभावशीलता का आकलन करना इसका उद्देश्य है। यह उच्च मूल्य वाले ऋण पोर्टफोलियो के लिए ऋण जोखिम को नियंत्रित करने के लिए उपचारात्मक उपायों का भी सुझाव देता है। 'ऋण लेखापरीक्षा प्रभाग' (सीएडी) बैंक के ऋण पोर्टफोलियो की गुणवत्ता पर 'प्रबंधन' और 'बोर्ड' को आश्वासन देता है। यह सालाना ₹ 20 करोड़ से अधिक के एक्सपोजर वाले बड़े अग्रिमों को संभालने वाले कर्मचारियों के लिए ऋण की गुणवत्ता, ऋण संचालन और ऋण कौशल में सुधार के लिए सुधारात्मक कार्रवाई की सिफारिश करता है।

संस्वीकृति की शीघ्र समीक्षा : ₹1 करोड़ से अधिक के कुल घरेलू ऋण जोखिम वाले सभी पात्र स्वीकृत प्रस्तावों की समीक्षा (आईबीजी के लिए यूएस $ 1 मिलियन और उससे अधिक का एक्सपोजर) 'संस्वीकृतियों की प्रारंभिक समीक्षा' (ईआरएस) के तहत की जाती है। ईआरएस प्रारंभिक चरण में ही संस्वीकृत प्रस्तावों में महत्वपूर्ण जोखिमों की पहचान कर लेता है और व्यवसाय इकाइयों को उनके शमन के लिए ऐसे महत्वपूर्ण जोखिमों से अवगत कराता है। ईआरएस सोर्सिंग, पूर्व-संस्वीकृति और मंज़ूरी प्रक्रियाओं की गुणवत्ता में सुधार करने में मदद करता है। ईआरएस गतिविधि केंद्रीकृत है और प्रस्तावों की समीक्षा आंतरिक अधिकारियों/चार्टर्ड एकाउंटेंट्स द्वारा की जाती है। संपूर्ण ईआरएस प्रक्रिया प्रणाली संचालित है और ऋण जीवन चक्र प्रबंधन समाधान (एलएलएमएस) के माध्यम से की जाती है।

फेमा लेखापरीक्षा : व्यापार वित्त केंद्रीकृत संसाधन कक्ष - टीएफसीपीसी सहित विदेशी मुद्रा का लेनदेन करने (अधिकृत डीलर) के लिए अधिकृत शाखाएं फेमा ऑडिट के अधीन हैं। सीएजी/सीसीजी/टीएफसीपीसी की सभी शाखाएं और "ए" और "बी" श्रेणी की शाखाएं जो टीएफसीपीसी से जुड़ी नहीं हैं, की वर्ष में एक बार लेखापरीक्षा की जाती है। टीएफसीपीसी से जुड़ी लगभग 20% शाखाओं की भी लिंक्ड टीएफसीपीसी के साथ-साथ उससे जुड़ी शाखाओं के विदेशी मुद्रा संचालन की जोखिम धारणा/मात्रा के आधार पर लेखापरीक्षा की जाती है। 31.03.2022 तक ऐसी 452 शाखाएं/इकाइयां फेमा लेखापरीक्षा के अधीन थीं।

सूचना प्रणाली लेखा परीक्षा, साइबर सुरक्षा लेखा परीक्षा, सूचना प्रणाली समवर्ती लेखा परीक्षा और आईटी आउटसोर्स गतिविधियों की लेखा परीक्षा: शाखा (शाखाओं) के आरएफआईए (रफिया) के अंतर्गत आईटी से संबंधित जोखिमों का आकलन करने के लिए आपके बैंक की शाखाएं सूचना प्रणाली लेखापरीक्षा ("आईएस ऑडिट") के अधीन हैं। केंद्रीकृत आईटी/कॉरपोरेट केंद्र की संस्थापनाओं का आईएस लेखापरीक्षा भी योग्य अधिकारियों की एक टीम द्वारा की जाती है, जिसमें पार्श्विक भर्ती के माध्यम से नियुक्त आईएस लेखापरीक्षक शामिल हैं।

वितीय वर्ष 2021-22 के दौरान 31.03.2022 तक निम्नलिखित कार्य किए गए:

- 116 लेखापरीक्षित इकाइयों की सूचना प्रणाली लेखा परीक्षा
बड़ी राशियों की धोखाधड़ी की निगरानी के लिए बोर्ड की विशेष समिति (एससीबीएमएफ) का गठन 29 मार्च 2004 को किया गया था। इस समिति का प्रमुख कार्य बड़ी राशि की धोखाघड़ी के मामलों की निगरानी एवं समीक्षा करना है। समीक्षा का उद्देश्य - प्रणालीगत खामियों (यदि कोई) तथा धोखाधड़ी के मामलों की सूचना में देरी के कारणों का पता लगाना, सीबीआई/पुलिस जांच कार्रवाई, वसूली स्थिती पर निगरानी रखना तथा स्टाफ की जिम्मेदारी शीघ्र तय करते हुए धोखाधड़ी की घटनाओं को दुबारा होने से रोकने के लिए सुधारात्मक कार्रवाई की प्रभावशाली ढंग से समीक्षा करते हुए उपयुक्त निवारक उपाय सुनिश्चित करना है। समिति का अंतिम पुनर्गठन 23 मार्च 2022 को किया गया और इसमें छह सदस्य हैं और इसकी अध्यक्षता एक गैर-कार्यकारी निदेशक द्वारा की जाती है। वर्ष 2021-22 में समिति की छ: बैठकें हुईं।

एससीबीएमएफ की आयोजिक बैठकों की तारीख एवं 2021-22 के दौरान निदेशकों की उपस्थिति

आयोजित बैठकों की संख्या 6

बैठकों की तारीख : 14.05.2021, 29.06.2021, 17.08.2021, 28.09.2021, 28.12.2021, 30.03.2022

निदेशक का नाम	नामांकन/चुनाव के बाद/पदधारिता के दौरान आयोजित बैठकों की संख्या	कितनी बैठकों में सहभागिता की
श्री केतन एस. विकमसी, समिति के अध्यक्ष (20.05.2021 तक समिति के अध्यक्ष एवं उसके बाद सदस्य)	06	04
डॉ. पुष्पेंद्र राय (21.05.2021 से 05.02.2022 तक समिति के अध्यक्ष)	05	05
श्री संजीव माहेश्वरी (22.03.2022 से समिति के अध्यक्ष)	06	04
श्री चल्ला श्रीनिवासुलू शेट्टी, एमडी	06	06
श्री स्वामीनाथन जे, एमडी	06	06
श्री बी वेणुगोपाल (23.03.2022 से सदस्य)	01	01
डॉ. गणेश नटराजन (07.12.2021 तक सदस्य)	04	03
श्री प्रफुल्ल पी छाजेड़ (23.03.2022 से सदस्य)	01	01

बोर्ड की सूचना प्रौद्योगिकी कार्यनीति समिति

बैक की सूचना प्रौद्योगिकी पहल की प्रगति पर नज़र रखने के लिए बैंक के केंद्रीय बोर्ड ने 26 अगस्त 2004 को बोर्ड की प्रौद्योगिकी समिति का गठन किया। प्रौद्योगिकी समिति का नाम बदलकर 24 अक्तूबर 2011 से बोर्ड की सूचना प्रौद्योगिकी कार्यनीति समिति किया गया है। समिति ने बैंक के प्रौद्योगिकी क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। समिति को निम्नलिखित भूमिकाएं और जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं:

i. सूचना प्रौद्योगिकी कार्यनीति और नीतिगत दस्तावेज़ों को मंज़ूरी देना, यह सुनिश्चित करना कि प्रबंधन ने एक प्रभावी कार्यनीतिक योजना प्रक्रिया लागू की है।

ii. यह सुनिश्चित करना कि सूचना प्रौद्योगिकी संगठनात्मक संरचना व्यापार मॉडल और इसकी दिशा का पूरक है।

iii. यह सुनिश्चित करना कि सूचना प्रौद्योगिकी निवेश जोखिमों और लाभ का संतुलन प्रस्तुत करते हैं तथा यह कि बजट स्वीकार्य हैं।

iv. सूचना प्रौद्योगिकी जोखिमों के प्रबंधन की निगरानी की प्रभावशीलता का मूल्यांकन करना और बैंक स्तर पर सूचना प्रौद्योगिकी के कुल वित्तपोषण की देखरेख करना और,

v. सूचना प्रौद्योगिकी प्रदर्शन माप और व्यवसाय के लिए सूचना प्रौद्योगिकी के योगदान की समीक्षा (अर्थात वादा किया गया मूल्य प्रदान करना)।

इस समिति का अंतिम पुनर्गठन 23 मार्च 2022 को सात सदस्यों के साथ किया गया था और इसकी अध्यक्षता गैर-कार्यकारी निदेशक द्वारा की जाती है। वर्ष 2021-22 में समिति की छः बैठकें हुईं।

आईटीएससी की आयोजिक बैठकों की तारीख एवं 2021-22 के दौरान निदेशकों की उपस्थिति

आयोजित बैठकों की संख्या: 6

बैठकों की तारीख: 28.04.2021, 22.06.2021, 13.08.2021, 06.09.2021, 30.11.2021, 15.02.2022

निदेशक का नाम	नामांकन/चुनाव के बाद/पदधारिता के दौरान आयोजित बैठकों की संख्या	कितनी बैठकों में सहभागिता की
डॉ. गणेश नटराजन, (समिति के अध्यक्ष)	06	06
श्री स्वामीनाथन जे, एमडी	06	06
श्री अश्विनी कुमार तिवारी, एमडी	06	06
श्री बी वेणुगोपाल	06	05
श्री केतन एस विकमसी (23.03.2022 से सदस्य)	00	00
श्री मृगांक एम. परांजपे	06	05
डॉ पुष्पेंद्र राय (05.02.2022 तक सदस्य)	05	04
श्री संजीव माहेश्वरी (07.12.2021 तक सदस्य)	05	02
श्री प्रफुल्ल पी छाजेड़ (23.03.2022 से सदस्य)	00	00

कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व समिति

कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व नीति के तहत बैंक द्वारा आरंभ किए गए कार्यकलापों की समीक्षा के लिए अच्छे कॉरपोरेट अभिशासन के उपाय के रूप में 24 सितंबर 2014 को कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व समिति (सीएसआरसी) का गठन किया गया था। इस समिति का अंतिम पुनर्गठन 23 मार्च 2022 को किया गया था तथा इसमें सात सदस्य हैं। सबसे वरिष्ठ प्रबंध निदेशक समिति के अध्यक्ष होते हैं। वर्ष 2021-22 के दौरान समिति की पाँच बैठकें हुईं।

सीएसआरसी की आयोजिक बैठकों की तारीख एवं 2021-22 के दौरान निदेशकों की उपस्थिति

आयोजित बैठकों की संख्या: 05

बैठकों की तारीख: 15.04.2021, 31.08.2021, 09.11.2021, 18.01.2022, 07.03.2022

निदेशक का नाम	नामांकन/चुनाव के बाद/पदधारिता के दौरान आयोजित बैठकों की संख्या	कितनी बैठकों में सहभागिता की
श्री चल्ला श्रीनिवासुलू शेट्टी, एमडी (समिति के अध्यक्ष)	05	05
श्री अश्वनी भाटिया, एमडी	05	05
श्री बी वेणुगोपाल (08.12.2021 से 22.03.2022 तक सदस्य नहीं)	03	02
डॉ. गणेश नटराजन	05	03
श्री केतन एस विकमसी	05	04
श्री मृगांक एम परांजपे	05	04
डॉ पुष्पेंद्र राय (05.02.2022 तक)	04	04
श्री प्रफुल्ल पी छाजेड़ (23.03.2022 से)	00	00

बोर्ड की नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति

भारतीय रिज़र्व बैंक ने 02 अगस्त 2019 के अपने मास्टर निर्देश एपीपीटी.संख्या 9/29.67.001 तथा भारत सरकार ने अपने पत्र फा.संख्या एफ 16/19/2019-बीओ-I दिनांक 30.08.2019 के माध्यम से बैंक को एकल नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति गठित (एनआरसी) करने का निर्देश दिया है एवं तदनुसार 25 अक्तूबर 2019 को एकल एनआरसी गठित की गई।

समिति का अंतिम पुनर्गठन 23 मार्च 2022 को किया गया था। समिति में पांच सदस्य हैं जिनमें गैर कार्यकारी निदेशक शामिल हैं। यह समिति शेयरधारकों द्वारा निदेशकों के रूप में चुनाव के लिए नामांकन दाखिल उम्मीदवारों के 'फिट एवं उपयुक्त' होने की सावधानीपूर्वक जांच करती है। इसके अलावा, एनआरसी द्वारा अन्य बातों के साथ साथ बोर्ड स्तरीय समिति यों एवं निदेशकों सहित बोर्ड के निष्पादन के मूल्यांकन हेतु मानदंड फ्रेमवर्क तैयार करती है। समिति कम से कम वर्ष में एक बार बैठक करती है। वर्ष 2021-22 में समिति की एक बैठक हुई।

एनआरसी की आयोजिक बैठकों की तारीख एवं 2021-22 के दौरान निदेशकों की उपस्थिति

आयोजित बैठकों की संख्या: 1

बैठकों की तारीख: 28.01.2022

निदेशक का नाम	नामांकन/चुनाव के बाद/पदधारिता के दौरान आयोजित बैठकों की संख्या	कितनी बैठकों में सहभागिता की
श्री बी वेणुगोपाल (समिति के अध्यक्ष)	01	01
डॉ पुष्पेंद्र राय (05.02.2022 तक सदस्य)	01	01
श्री मृगांक एम परांजपे	01	01
डॉ. गणेश नटराजन	01	01
श्री केतन एस विकमसी (08.12.2021 से 22.03.2022 तक सदस्य नहीं)	00	00
श्री संजीव माहेश्वरी (23.03.2022 से सदस्य)	01	00

वसूली की निगरानी के लिए बोर्ड समिति

भारत सरकार के सुझावों के अनुसार, केंद्रीय बोर्ड द्वारा ऋण और अग्रिमों की वसूली पर निगरानी के लिए 20 दिसंबर 2012 को हुई बैठक में वसूली की निगरानी के लिए एक बोर्ड समिति का गठन किया गया था। समिति का अंतिम पुनर्गठन 23 मार्च 2022 को किया गया था, जिसमें दस सदस्य हैं जिनमें अध्यक्ष, चार प्रबंध निदेशक एवं पांच गैर-कार्यकारी निदेशक सहित भारत सरकार द्वारा नामित निदेशक भी शामिल हैं। समिति ने वर्ष भर में चार बैठकें कीं तथा बैंक के एनपीए प्रबंधन और बड़े एनपीए खातों की समीक्षा की।

इरादतन चूककर्ता / सहयोग न करने वाले उधारकर्ताओं की पहचान हेतु समीक्षा समिति

आरबीआई के निर्देशानुसार केंद्रीय बोर्ड ने समिति का गठन किया था। प्रबंध निदेशक (जोखिम, अनुपालन एवं एसएआरजी) इसके अध्यक्ष होते हैं तथा पाँच गैर-कार्यकारी निदेशक इसके सदस्य होते हैं।

इस समिति की भूमिका इरादतन चूककर्ता/ सहयोग न करने वाले उधारकर्ताओं की पहचान करने के लिए गठित समिति (एक ऐसी समिति जिसमें बैंक के उप प्रबंध निदेशक एवं वरिष्ठ कार्यपालक होते हैं तथा जो इरादतन चूककर्ता/ सहयोग न करने वाले उधारकर्ताओं के बयान की पड़ताल एवं बयान दर्ज करती है) के आदेश की समीक्षा करके आदेश को अंतिम समझे जाने की पुष्टि करती है।

वर्ष 2021-22 में समिति की सात बैठकें हुईं।

स्थानीय बोर्ड

एसबीआई अधिनियम और सामान्य विनियम 1955 के प्रावधानों के संदर्भ में, प्रत्येक केंद्र में जहां बैंक का स्थानीय प्रधान कार्यालय (एलएचओ) है, स्थानीय बोर्ड/समितियां कार्यरत होती हैं। स्थानीय बोर्ड द्वारा केंद्रीय बोर्ड द्वारा प्रत्यायोजित शक्तियों का प्रयोग किया जाता है एवं अन्य कार्यों तथा दायित्वों का निर्वहन किया जाता है। 31 मार्च 2022 तक, दो एलएचओ के स्थानीय बोर्ड एवं शेष पंद्रह एलएचओ के स्थानीय बोर्ड की समितियां कार्यशील थीं। स्थानीय बोर्ड/ समिति यों की बैठकों के कार्यविवरण और कार्यवाही को केंद्रीय बोर्ड के समक्ष रखा जाता है।

बैठक शुल्क

भारत सरकार द्वारा समय समय पर पूर्णकालिक निदेशकों का पारिश्रमिक निर्धारित किया जाता है। बोर्ड/समिति यों की बैठकों में भाग लेने के लिए गैर-कार्यकारी निदेशकों को बोर्ड द्वारा अनुमोदित बैठक शुल्क का भुगतान किया जाता है। बोर्ड और/या इसकी समिति की बैठकों में भाग लेने के लिए गैर-कार्यकारी निदेशकों को बैठक शुल्क के अलावा अन्य कोई भुगतान नहीं किया जाता है। 25 अक्तूबर 2019 से केंद्रीय बोर्ड की बैठकों में भाग लेने के लिए 70,000 रुपए और अन्य बोर्ड स्तर की बैठकों में भाग लेने के लिए 30,000 रुपए का भुगतान किया जाता है। वर्ष 2021-22 के दौरान भुगतान की गई बैठक शुल्क का विवरण अनुलग्नक IV के रूप में संलग्न है।

बैंक की सदाचार संहिता का अनुपालन

बैंक के केंद्रीय बोर्ड और वरिष्ठ प्रबंधन के निदेशकों ने वित्त वर्ष 2021-22 के लिए बैंक की आचार संहिता के अनुपालन की पुष्टि की है। अध्यक्ष द्वारा इस्ताक्षरित इस आशय की घोषणा अनुलग्नक-V के रूप में संलग्न है। आचार संहिता को बैंक की वेबसाइट पर पोस्ट किया जाता है।

वर्ष के दौरान कार्यकलाप

1. वर्ष के दौरान निदेशकों के लिए विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों की व्यवस्था की गई थी। इसमें, अन्य बातों के साथ-साथ संगठन संरचना, बैंक के विभिन्न व्यवसाय समूहों तथा अनुषंगियों व सहयोगी कंपनियों का संक्षिप्त परिचय, सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में विकास कार्य, सूचना प्रौद्योगिकी सुरक्षा, मानव संसाधन और प्रशिक्षण आदि शामिल थे।

2. बोर्ड का निष्पादन मूल्यांकन : बोर्ड के अभिशासन में लगातार सुधार करने के उद्देश्य से, आपके बैंक ने एक प्रतिष्ठित बाहरी परामर्श संगठन को नियुक्त किया था, जिसने निदेशकों, अध्यक्ष, बोर्ड स्तर की समिति यों और केंद्रीय बोर्ड के प्रदर्शन मूल्यांकन के लिए मापदंडों को निर्धारित करने में सहायता की थी और समग्र मूल्यांकन प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने में भी सहायता की थी। मूल्यांकन के मापदंडों और समग्र प्रक्रिया को बोर्ड मूल्यांकन, 2017 पर सेबी (सूचीकरण दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 और नए सेबी मार्गदर्शन नोट के प्रावधानों के अनुरूप किया गया था। वित्त वर्ष 2021-22 के लिए निष्पादन मूल्यांकन प्रक्रिया वर्ष के दौरान पूरी कर ली गई थी।

   मूल्यांकन प्रक्रिया ने बैंक के अभिशासन मूल्यों में निदेशक मंडल के विश्वास, निदेशक मंडल के बीच मौजूद तालमेल और अध्यक्ष, बोर्ड और प्रबंधन के बीच सहयोग को मान्य किया।

3. अभिशासन के संदर्भ में बैंक के बोर्ड के समक्ष निरंतर प्रस्तुत हो रही विभिन्न मांगों तथा अभिशासन एवं अर्थव्यवस्था में हमारे बैंक की महत्वपूर्ण भूमिका को देखते हुए तथा बोर्ड सदस्यों एवं बैंक के वरिष्ठ प्रबंधन को बैंकिंग उद्योग की ताजातरीन घटनाओं से अवगत कराने एवं आगे की कार्यनीति बनाने हेतु दिनांक 03 से 05 जनवरी 2022 तक भुवनेश्वर में एक कार्यनीतिक कार्यशाला 'स्ट्रेटजी रीट्रीट-विज़न 2027' का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का सबसे प्रमुख उद्देश्य बोर्ड सदस्यों एवं वरिष्ठ प्रबंधन को विघटनकारी प्रौद्योगिकी का सामना करने एवं कोविड के बाद की चुनौतियों का सामना करने हेतु कार्यनीति पर चर्चा करने की सुविधा देना था। इस उतार-चढ़ाव भरे समय में तथा उद्योग/अर्थव्यवस्था में उभरते हुए नए चलन तथा बैंक पर प्रभाव के परिदृश्य में, एक प्रभावी कार्यनीति बहुत ही महत्व रखती है जिससे बैंक अपनी स्थिति को बनाए रखते हुए अग्रणी स्थान पर बना रह सके।

   तदनुसार, विभिन्न विषयों पर गहन चिंतनशील सत्र आयोजित किए गए जैसे प्रभावी संगठन बनाने हेतु मानव संसाधन चुनौतियां तथा अपेक्षित परिणाम प्राप्त करने हेतु समर्थन जुटाना एवं उत्कृष्ट मानव संसाधन प्रथाएं अपनाना, बैंक में प्रशिक्षण को नई दिशा देना, सुदृढ़ कॉरपोरेट असेट बुक बनाना, राजकोषीय मजबूती को बढ़ाना एवं आस्तियों से आय एवं लाभप्रदता पर ध्यान केंद्रित करते हुए तुलन पत्र का इष्टतम उपयोग करना, ग्रामीण व्यवसाय प्राप्त करने हेतु कृषि एवं संबद्ध व्यवसाय को बढ़ाने के लिए कार्यनीति एवं रोडमैप, प्रौद्योगिकी/फिनटेक का अधिकतम उपयोग करते हुए एमएसएमई सेग्मेंट पर ध्यान देना एवं एमएसएमई व्यवसाय को बढ़ाने हेतु कार्यनीति एवं दिशा, बैंक में बैंकिंग प्रौद्योगिकी की उत्कृष्ट तकनीक एवं एनालिटिक्स को बढ़ावा देना तथा बैंक में एनालिटिक्स अपनाने का रोडमैप, डिजिटल स्पेस में उभरती चुनौतियों का कार्यनीतिक उपाय, बैंक में जोखिम एवं अनुपालन संस्कृति में सुधार करना एवं बढ़ावा देना, सूचना प्रौद्योगिकी सुरक्षा, अंतरराष्ट्रीय बैंकिंग फुटप्रिंट में बढ़ोतरी की कार्यनीति, अनुषंगियों द्वारा मूल्य सृजन एवं सतत वृद्धि हेतु ग्राहक केंद्रित होना जैसे विषयों पर कार्यशाला आयोजित की गई। बोर्ड ने कार्यशाला के दौरान कुछ कार्यनीतियां बनाईं एवं व्यवसाय वृद्धि एवं प्रमुख वित्तीय मापदंड हेतु लक्ष्य निर्धारित किए तथा प्रत्येक वैयक्तिक व्यवसाय समूह को निगरानी योग्य कार्ययोजना एवं विशिष्ट लक्ष्य बनाने थे। विस्तृत कार्ययोजना एवं विशिष्ट टाइमलाइन तथा उसके बाद विभिन्न कार्यनीतिक पहल के कार्यान्वयन की स्थिति दर्शाते हुए प्रगति रिपोर्ट को आवधिक रूप से निदेशकों को प्रस्तुत करना होगा जिससे प्रगति की समीक्षा की जा सके।

   कार्यनीतिक कार्यशाला के दौरान टाटा सन्स के अध्यक्ष श्री एन चंद्रशेखरन ने 'चुनौतियों के समय में बडे संगठनों को आगे ले जाना' विषय पर प्रतिभागियों को संबोधित किया एवं प्रतिभागियों ने इसका लाभ उठाया।

4. कार्यनीतिक एवं वित्तीय महत्व के मामलों पर बोर्ड सदस्यों को अवगत कराने तथा अभिशासन और अर्थव्यवस्था में हमारे बैंक द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका के संदर्भ में बैंकों के बोर्ड में तेजी से रखी जा रही विभिन्न मांगों को देखते हुए वर्ष के दौरान बोर्ड सदस्यों के समक्ष कई प्रस्तुतियां की गईं। इसमें विशेष रूप से कोविड-19 महामारी का वैश्विक एवं भारतीय अर्थव्यवस्था पर, वित्तीय क्षेत्र में, बैंकिंग उद्योग पर तथा विशेष रूप से एसबीआई पर इसके प्रभाव के संबंध में विभिन्न उद्योग विशेषज्ञों एवं बैंक के अपने विभागों ने अपनी प्रस्तुतियां दीं। कुछ प्रमुख प्रस्तुतियों का विवरण निम्नानुसार है:

   क. दिनांक 22.09.2021 को बैंक की ईसीसीबी बैठक में भविष्य की तैयारी में जीआईटीसी की पुनर्कल्पना पर प्रस्तुति दी।

   ख. दिनांक 25.10.2021 को केंद्रीय बोर्ड बैठक में कॉन्टेक्ट सेंटर में सुधार पर प्रस्तुति दी।

   ग. दिनांक 11.01.2022 को ईसीसीबी बैठक में ग्रीन मोबिलिटी - भारत में इलेक्ट्रिक वाहन रेटिंग के संदर्भ में भविष्य के वाहन पर प्रस्तुति दी।

5. कॉरपोरेट अभिशासन, क्रेडिट डिलीवरी, सूचना सुरक्षा आदि के विषयों की बेहतर समझ एवं अद्यतन रखने तथा उभरती हुई प्रमुख चुनौतियों, पर विषय विशेषज्ञों के साथ चर्चा करने की परिपाटी को आगे बढ़ाते हुए समय समय पर निदेशकों के लिए परस्पर संवाद कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया। पेशेवर निकायों जैसे आईडीआरबीटी/सीएएफआरएएल (आरबीआई द्वारा प्रायोजित)/ भारत सरकार द्वारा आयोजित सेमीनार/बैठकों में निदेशकों को प्रतिनियुक्त किया जाता है। कृषि बैंकिंग महाविद्यालय, आरबीआई पुणे द्वारा 10.06.2021 को आयोजित वाणिज्यिक बैंकों हेतु कॉरपोरेट अभिशासन पर आयोजित कार्यक्रम में चार गैर-कार्यपालक निदेशकों को प्रतिनियुक्त किया गया, जबकि दो गैर-कार्यपालक ने 20.07.2021 को आयोजित ऐसे ही एक कार्यक्रम में सहभागिता की। बैंक द्वारा 22 सितंबर 2021 को बोर्ड सदस्यों एवं वरिष्ठ प्रबंधन हेतु एक परिचर्चा का आयोजन किया गया जिसमें श्री एम. दामोदरन, पूर्व सेबी अध्यक्ष को आमंत्रित किया गया था। आईडीआरबीटी द्वारा 3 एवं 4 जून 2021 को सूचना प्रौद्योगिकी साइबर सुरक्षा पर आयोजित कार्यक्रम में

एक कार्यपालक निदेशक ने सहभागिता की। कार्यक्रम का उद्देश्य बैंक की साइबर सुरक्षा कार्यनीति की योजना बनाने एवं कार्यान्वित करने में प्रबंधन का योगदान प्राप्त करना था। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रबंधन को बैंक की साइबर सुरक्षा कार्यनीति की योजना बनाने और निष्पादन में प्रभावी योगदान करने में सक्षम बनाना था।

कॉरपोरेट अभिशासन, जोखिम प्रबंधन, सूचना प्रौद्योगिकी, लेखा परीक्षा आदि महत्वपूर्ण विषयों पर आयोजित बोर्ड बैठकों में अक्सर बाहरी विशेषज्ञों के सहयोग से प्रस्तुति दी जाती है।

वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशकों को दिए गए वेतन एवं भत्ते (रुपए)

नाम	मूल वेतन	डीए	अन्य	कुल	टिप्पणी	अवधि
दिनेश कुमार खारा	2700000.00	742500.00		3442500.00		01.04.2021 से 31.03.2022
चल्ला श्रीनिवासुलू शेट्टी	2558100.00	704139.00		3262239.00		01.04.2021 से 31.03.2022
अश्वनी भाटिया	2520600.00	695118.00		3215718.00		01.04.2021 से 31.03.2022
स्वामीनाथन जानकीरमन	2483400.00	683586.00	7150.00	3174136.00	भारत सरकार के पत्र दिनांक 10.06.2021 के अनुसार 28.01.2021 से 27.01.2022 तक 7150.00 रुपए का व्यक्तिगत भत्ता अदा किया गया	01.04.2021 से 31.03.2022
अश्विनी कुमार तिवारी	2483400.00	683586.00		3166986.00		01.04.2021 से 31.03.2022

वार्षिक साधारण बैठक में उपस्थिति

बैंक की वार्षिक आमसभा आमतौर पर मुंबई में आयोजित की जाती है, जहाँ बैंक का कॉरपोरेट केंद्र स्थित है। भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम, 1955 के अनुसार केवल एक कार्यसूची अर्थात पिछले 31 मार्च तक तैयार किए गए तुलन पत्र एवं लाभ-हानि खाते पर चर्चा करना और उसे अपनाना होता है। साथ ही निदेशक रिपोर्ट एवं लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट वार्षिक महासभा में शेयरधारकों के समक्ष प्रस्तुत की जाती है। भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम, 1955 एवं भारतीय स्टेट बैंक सामान्य विनियम, 1955 में पोस्टल बैलेट सुविधा का प्रावधान नहीं है।

बैंक की पिछली तीन वार्षिक महासभाओं का विवरण निम्नानुसार है-

i. वर्ष 2021-22 की वार्षिक आमसभा (एजीएम) का आयोजन 25 जून 2021 को दोपहर 3 बजे मुंबई में वीसी/ओएवीएम द्वारा किया गया तथा एमसीए एवं सेबी द्वारा कोविड-19 महामारी के कारण दी गई छूट के अनुसार शेयरधारकों को ई-वोटिंग सुविधा प्रदान की गई। निम्नलिखित निदेशक बैठक में उपस्थित रहे- (i) श्री दिनेश कुमार खारा (ii) श्री चल्ला श्रीनिवासुलू शेट्टी (iii) श्री अश्वनी भाटिया (iv) श्री स्वामीनाथनजानकीरमन (v) श्री अश्विनी कुमार तिवारी (vii) डॉ. गणेश नटराजन (viii) डॉ. पुष्पेंद्र राय (ix) श्री संजीव माहेश्वरी (x) श्री अनिल कुमार शर्मा

ii. वर्ष 2019-20 की वार्षिक आमसभा (एजीएम) का आयोजन 14 जुलाई 2020 को प्रातः 11 बजे मुंबई में वीसी/ओएवीएम द्वारा किया गया तथा एमसीए एवं सेबी द्वारा कोविड-19 महामारी के कारण दी गई छूट के अनुसार शेयरधारकों को ई-वोटिंग सुविधा प्रदान की गई।

iii. वर्ष 2018-19 की वार्षिक आमसभा का आयोजन 20 जून 2019 को दोपहर 3 बजे मुंबई में किया गया।

प्रकटीकरण

1. बैंक ने अपने प्रमोटरों, निदेशकों या प्रबंधन, उनकी सहायक कंपनियों या रिश्तेदारों आदि के साथ कोई भी ऐसा भौतिक रूप से महत्वपूर्ण संबंधित पार्टी लेनदेन नहीं किया है, जो कि बड़े स्तर पर बैंक के हितों के साथ संभावित विवाद का कारण बने।

2. बैंक ने पिछले तीन वर्षों के दौरान शेयर बाजार, सेबी, आरबीआई या पूंजी बाज़ारों से संबंधित किसी अन्य सांविधिक प्राधिकरण द्वारा निर्धारित लागू नियमों और विनियमों का हमेशा पालन किया है। उनके द्वारा आरबीआई की सेक्रेटरियल लेखा परीक्षा रिपोर्ट में प्रकट जुर्माने के अलावा बैंक पर कोई दंड या जुर्माना नहीं लगाया गया है।

3. जनहित प्रकटीकरण एवं मुखबिर की सुरक्षा (पीआईडीपीआई) पर भारत सरकार के परिपत्र दिनांक 04.11.2011 के अनुसार हमारे बैंक में व्हिसल ब्लोअर पॉलिसी लागू है। उक्त पॉलिसी की समय समय पर समीक्षा की जाती है। सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 के अनुसार बैंक की आचार संहिता या सदाचार संहिता के उल्लंघन या धोखाघड़ी पर प्रबंधन को रिपोर्ट करने के लिए 'व्हिसल ब्लोअर' पॉलिसी होनी चाहिए। इस पॉलिसी को बैंक वेबसाइट www.sbi.co.in पर उपलब्ध कराया गया है। उक्त पॉलिसी के अनुसार किसी भी व्यक्ति को लेखा परीक्षा समिति के पास जाने का निषेध नहीं है।

4. संबंधित पार्टी लेनदेन के महत्व पर नीति तथा 'महत्वपूर्ण' सब्सिडियरी के निर्धारण की नीति बैंक की वेबसाइट www.sbi.co.in या bank.sbi पर https://bank.sbi/web/investor-relations/disclosure-under-regulation-46/ लिंक के तहत उपलब्ध है।

5. सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 के विनियम 25(9) के अनुसार केंद्रीय बोर्ड ने 22.04.2021 एवं 12.01.2022 को आयोजित बैठक में सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 के विनियम 25(8) के अंतर्गत स्वतंत्र निदेशकों से प्राप्त घोषणा एवं पुष्टि को रिकॉर्ड में दर्ज किया है। साथ ही यह भी दर्ज किया है कि सभी स्वतंत्र निदेशक सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 के विनियम 16(1)(बी) के अंतर्गत सभी निर्दिष्ट शर्तों को पूरा करते हैं तथा प्रबंधन से पूरी तरह अलग हैं।

6. सेबी (एलओडीआर), विनियम की अनुसूची ।। के भाग ई में निर्दिष्ट विवेकाधीन आवश्यकताएं निम्नानुसार हैं : (i) बैंक में एक कार्यपालक अध्यक्ष होता है जिसे एसबीआई अधिनियम, 1955 की धारा

19(ए) के अंतर्गत भारतीय रिज़र्व बैंक के परामर्श से भारत सरकार द्वारा नियुक्त किया जाता है। (ii) बैंक द्वारा प्रत्येक तिमाही में अपने निवेशकों/विश्लेषकों हेतु वित्तीय निष्पादन प्रस्तुत किया जाता है तथा उसकी एक प्रति निवेशक सूचना हेतु स्टॉक एक्सचेंज में जमा की जाती है तथा बैंक की अधिकृत वेबसाइट पर भी उपलब्ध रहती है। (iii) बैंक ने स्टॉक एक्सचेंज में इस आशय की घोषणा दी हुई है कि बैंक के सांविधिक लेखापरीक्षकों ने 31 मार्च 2022 को समाप्त वर्ष के वित्तीय परिणाम (एकल एवं समेकित) बिना किसी संशोधित मत के जारी किए हैं। (iv) बैंक में एक अलग आंतरिक लेखा परीक्षा विभाग है जो आवधिक रूप से अपनी रिपोर्ट सीधे ही बैंक की लेखा परीक्षा समिति को प्रस्तुत करता है।

7. बैंक ने विनियम 17 से 27 एवं विनियम 46(2) के खंड (ख) से (झ) तक एवं अनुसूची V के पैरा सी , डी एवं ई में निर्दिष्ट कॉरपोरेट अभिशासन आवश्यकताओं का पालन उस सीमा तक किया है कि खंड की आवश्यकताएं भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी निदेशों या दिशानिर्देशों तथा भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम, 1955 के प्रावधानों तथा उसके अंतर्गत बनाए गए नियम एवं विनियम का उल्लंघन नहीं करती हैं।

8. वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान बैंक की प्रतिभूतियों को ट्रेडिंग से स्थगित नहीं किया गया।

संचार का माध्यम

बैंक का दृढ़ विश्वास है कि सभी हितधारकों को हमारे कार्यकलापों और उत्पाद के बारे में पूरी जानकारी तक पहुंच होनी चाहिए। वर्ष 2021-22 के बैंक के वार्षिक, छमाही और तिमाही परिणाम देश के अग्रणी समाचार पत्रों में प्रकाशित हुए। परिणाम बैंक की वेबसाइट www.sbi.co.in या bank.sbi पर भी प्रदर्शित हुए। पूर्ण वार्षिक रिपोर्ट की सॉफ्ट प्रतियां उन सभी शेयरधारकों को भेजी जाती हैं जिन्होंने अपना ई-मेल पता बैंक के साथ या डिपॉजिटरियों के साथ पंजीकृत किया है और वार्षिक रिपोर्ट जो इसका अनुरोध करते हैं, को भेजी जाती हैं। की भौतिक प्रतियां अन्य शेयरधारकों, बैंक की वेबसाइट पर बैंक के कार्यालयीन समाचारों के साथ-साथ बैंक की वार्षिक रिपोर्ट, छमाही और तिमाही परिणाम तथा बैंक द्वारा प्रस्तुत विभिन्न उत्पादों को भी प्रदर्शित किया जाता है। प्रत्येक वर्ष वार्षिक और छमाही परिणामों की घोषणा के बाद उसी दिन पत्रकार सम्मेलन आयोजित किया जाता है, जिसमें अध्यक्ष द्वारा अपनी प्रस्तुति दी जाती है एवं मीडिया के प्रश्नों का उत्तर दिया जाता है। इसके बाद एक अन्य बैठक रखी जाती है जिसमें कई निवेश विश्लेषकों/निवेशकों को आमंत्रित किया जाता है। इस बैठक में बैंक के निष्पादन पर विश्लेषकों के साथ विचार-विमर्श किया जाता है। तिमाही परिणामों की घोषणा के बाद प्रेस अधिसूचना जारी की जाती है तथा उसकी एक प्रति स्टॉक एक्सचेंज को प्रस्तुत की जाती है जिसके साथ निवेशकों/विश्लेषकों हेतु बैंक निष्पादन पर तैयार की गई प्रस्तुतीकरण की प्रति भी होती है।

साधारण शेयरधारक सूचना

शेयरधारकों की वार्षिक साधारण बैठक	:	दिनांक : 22.06.2022, समय दोपहर 3 बजे स्थान : स्टेट बैंक ऑडिटोरियम स्टेट बैंक भवन, मैडम कामा रोड, मुंबई - 400021 तथा वीसी/एओवीएम के माध्यम से।
वित्तीय कैलेण्डर	:	01.04.2021 से 31.03.2022
डिविडेंड भुगतान तिथि	:	10.06.2022
स्टॉक एक्सचेंजों पर प्रतिभूतियों की लिस्टिंग	:	बीएसई लिमिटेड, मुंबई और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड, मुंबई। लंदन स्टॉक एक्सचेंज (एलएसई), सिंगापुर स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड (बांड) पर सूचीबद्ध जीडीआरएस। एलएसई सहित सभी स्टॉक एक्सचेंजों को सूचीकरण फीस का भुगतान किया गया है।
स्टॉक कोड/सीयूएसआईपी	:	स्टॉक कोड 500112 (बीएसई), SBIN (NSE), CUSIP US 856552203 (LSE)
शेयर ट्रांसफर सिस्टम	:	सेबी (एलओडीआर) विनियम 2015 के अनुसार 01 अप्रैल 2019 से प्रतिभूतियों का अंतरण केवल डिमैट रूप में किया जाएगा। साथ ही शेयर अंतरण के स्थान पर सेबी दिशानिर्देशों के अनुसार आरटीए द्वारा पुष्टि पत्र जारी किया जाएगा, जिसमें अंतरित शेयरों के सभी विवरण होंगे। तिमाही शेयर ट्रांसफर लेखा परीक्षा और शेयर कैपिटल लेखा परीक्षा का सामंजस्य नियमित रूप से एक स्वतंत्र कंपनी सेक्रेटरी द्वारा किया जाता है।
रजिस्ट्रार एवं ट्रांसफर एजेंट (वर्तमान)	:	मेसर्स अलंकित असाइनमेंट्स लिमिटेड
यूनिट का पता	:	205-208, अनारकली कॉम्प्लेक्स, E/7, झंडेवाला एक्सटेंशन, नई दिल्ली - 110055
फोन नंबर	:	011-42541234, 7290071335
ईमेल पता	:	sbi.igr@alankit.com
पत्राचार का पता	:	एसबीआई, शेयर्स एंड बॉण्ड्स विभाग, कॉरपोरेट केंद्र, 14वां तल, स्टेट बैंक भवन, मैडम कामा रोड, नरीमन प्वाइंट, मुंबई - 400 021.
टेलीफोन नंबर	:	(022) 2274 0841 to 2274 0848
फैक्स	:	(022) 2285 5348
ईमेल पता	:	investor.complaints@sbi.co.in / dgm.snb@sbi.co.in
पूरे संपर्क विवरण के साथ डिबेंचर ट्रस्टियों का नाम (रु में जारी केपिटल इंस्ट्रूमेंट्स)	:	आईडीबीआई ट्रस्टीशिप सर्विसेज़ लिमिटेड, एशियन बिल्डिंग, भूतल, 17, आर. कमानी मार्ग, बेलार्ड एस्टेट, मुंबई -400 001 फोन नंबर - 91-22-4080 7006 फैक्स नंबर : 91-22-6631 1776

ई-पहल: दिनांक 12 मई 2020 के सेबी परिपत्र संख्या सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएमडी1/सीआईआर/पी/2020/79, बाद के दिनांक 15 जनवरी 2021 के सेबी परिपत्र संख्या सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएमडी2/सीआईआर/पी/2021/11 तथा 13 मई 2022 के सेबी परिपत्र संख्या सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएमडी2/सीआईआर/पी/2022/62 के अनुसार एलओडीआर के विनियम 36(1)(ख) एवं विनियम 58(1)(ख) और (ग) की आवश्यकताओं को समाप्त कर दिया जाएगा तथा इसलिए वार्षिक रिपोर्ट केवल इलेक्ट्रिक मोड के माध्यम से उनके पंजीकृत मेल पर भेज दी जाएगी। इसके अलावा वार्षिक रिपोर्ट हमारी वेबसाइट https://bank.sbi/ web/investor-relations/annual-report से भी डाउनलोड की जा सकती है।

निवेशकों के लिए

निवेशकों की धारिता संबंधी विभिन्न आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए बैंक में मुंबई में शेयर एंड बॉण्ड्स नाम से एक पूरा विभाग कार्यरत है। निवेशकों की शिकायतें, चाहे सीधे प्राप्त हुई हों या रजिस्ट्रार एवं ट्रांसफर एजेंट के द्वारा, उन्हें तत्काल निपटाया जाता है एवं शीर्ष प्रबंधन स्तर पर इसकी निगरानी की जाती है।

सेबी (सूचीकरण बाध्यताएं एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम 2015 के विनियम 44(6) के अनुसार बैंक वार्षिक महासभा की कार्यवाही को एकतरफा सीधे वेबकास्ट किया जाता है। वेबकास्ट की सुविधा 22.06.2022 को दोपहर 2.30 बजे से उपलब्ध होगी तथा शेयरधारक कोविड 19 महामारी के कारण, सामाजिक दूरी का पालन करने एवं व्यक्ति के एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाने के प्रतिबंधों के कारण इसे https://evoting.kfintech.com या https://bank. sbi द्वारा अपनी उपस्थिति दर्ज करा सकते हैं। इसलिए बैंक ने वीसी/ओएसीएम द्वारा वार्षिक महासभा के आयोजन का निर्णय लिया है तथा शेयरधारकों के लिए ई-वोटिंग सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान पूंजी वृद्धि

वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान कोई इक्विटी कैपिटल नहीं बढ़ाई गई।

बकाया वैश्विक डिपॉजिटरी रसीदें (जीडीआर)

1996 में जीडीआर जारी करने के समय सरकार/आरबीआई द्वारा दो तरह की फंगबिलिटी की अनुमति नहीं दी गई थी, अर्थात जीडीआर धारक ने भारतीय कंपनी के अंतर्निहित इक्विटी शेयर प्राप्त करने की इच्छा जताई तो ऐसे जीडीआर को भारतीय कंपनी के शेयरों में परिवर्तित किया जाना था, लेकिन इसके विपरीत नहीं। बाद में, भारत सरकार/भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा एडीआर/जीडीआर की दो तरह की फंगिबिलिटी की अनुमति दी गई। बैंक ने बैंक के जीडीआर कार्यक्रम में दो तरह के फंगिबिलिटी की अनुमति दी है।

बैंक के पास 31 मार्च 2022 तक 10,360,574 जीडीआर थे जो 103,605,740 इक्विटी शेयर का प्रतिनिधित्व करते हैं।

दावारहित शेयर

शेयरधारकों की श्रेणी	शेयरधारकों की संख्या	बकाया शेयर
वर्ष के आरंभ में दावारहित उचंती खाते में पड़े बकाया शेयरों एवं शेयरधारकों की संख्या	981	2,36,860
जोड़ें - वर्ष के आरंभ में दावारहित उचंती खाते में पड़े बकाया शेयरों एवं पूर्व के एसबीबीजे शेयरधारकों की संख्या	141	16,842
योग	1,122	2,53,702
वर्ष के दौरान दावारहित उचंती खाते से शेयर अंतरण के लिए जारीकर्ता से संपर्क करने वाले शेयरधारकों की संख्या	8	2056
वर्ष के दौरान दावारहित उचंती खाते से जिन शेयरधारकों को शेयर अंतरित किए गए उनकी संख्या	8	2056
वर्ष के अंत में उचंती खाते में पड़े दावारहित बकाया शेयरों और शेयरधारकों की कुल संख्या	1,114	2,51,646

इन दावारहित शेयरों के वोटिंग अधिकार पर तब तक रोक रहेगी जब तक कि इन शेयरों के वास्तविक स्वामी दावा प्रस्तुत नहीं कर देते।

लाभांश वितरण नीति

बैंक में बोर्ड द्वारा अनुमोदित लाभांश वितरण नीति लागू है। इस नीति का विवरण बैंक की वेबसाइट में “Codes & Policies” टैब के तहत https://sbi.co.in/web/investor-relations/disclosure-underregulation-46 के अंतर्गत उपलब्ध है।

वित्त वर्ष 2021-22 में डेरिवेटिव लेनदेन पर गुणात्मक प्रकटीकरण

बैंक, इस समय, ब्याज दर एवं मुद्रा जोखिम से बचाव के लिए ओवर द काउंटर (टोटीसी) डेरिवेटिव्स में सौदे करता है। बैंक द्वारा एक्सचेंज ट्रेडेड ब्याज दर फ्यूचर्स, करेंसी फ्यूचर्स एवं करेंसी ऑप्शन्स का सौदा भी किया जाता है।

बैंक द्वारा रुपया ब्याज दर अदला-बदली (ओआईएस), विदेशी मुद्रा ब्याज दर अदला-बदली (आईआरएस), फॉरवर्ड रेट करार (एफआरए), कैप्स, फ्लोर्स एवं कॉलर्स के ब्याज दर डेरिवेटिव्स का काम किया जाता है। बैंक द्वारा किए जाने वाले करेंसी डेरिवेटिव्स व्यवसाय में मुद्रा अदला-बदली (सीआईआरएस/सीसीएस), यूएसडी/भारतीय रूपया ऑपशन्स एवं क्रॉस-करेंसी ऑपशन्स शामिल हैं। बैंक द्वारा आरबीआई की स्वीकृति के अनुरूप एनडीओ एवं एलडीएफ ट्रेड भी किया जाता है।

बैंक ग्राहकों को ये उत्पाद उनके निवेश की बचाव व्यवस्था के लिए दिए जाते हैं। इनका उपयोग बैंक बैलेंस शीट जोखिम को कम करने के लिए भी किया जाता है। जहां कहीं भी अवसर मिलता है वहां पर चुनिंदा तरीके से निर्धारित जोखिम सीमा में ट्रेडिंग/आर्बिटरेज कार्य भी किया जाता है।

बैंक द्वारा यूएसडी/आईएनआर ऑपशन बुक कार्य किया जाता है तथा प्रभावी रूप से ग्रीक लिमिट का प्रबंधन भी किया जाता है। बैंक द्वारा यूएसडी/आईएनआर स्वैप कीमत बनाने के लिए एमआईएफओआर बुक का भी उपयोग किया जाता है।

डेरिवेटिव लेनदेन में बाज़ार जोखिम होता है अर्थात, ब्याज दरों एवं/या विनिमय दरों के प्रतिकूल उतार-चढ़ाव से बैंक को होने वाली संभावित हानि। डेरिवेटिव स्थिति में ऋण जोखिम भी निहित होता है अर्थात अगर प्रति-पक्षकार अपना दायित्व पूरा नहीं कर पाते हैं तो बैंक को होने वाली संभावित हानि। बोर्ड द्वारा अनुमोदित बैंक की 'डेरिवेटिव्स नीति' में जोखिम से निपटने के उपाय का उल्लेख किया गया है। नीति में बाज़ार जोखिम मानदंडों (ग्रीक लिमिट्स, हानि की सीमा, कट-लॉस ट्रिगर्स, ओपन पोजीशन लिमिट्स, वीएआर, संशोधित अवधि, पीवी01 आदि) का स्पष्ट उल्लेख किया गया है तथा उनका सख्ती से पालन किया जाता है। ऋण जोखिम नियंत्रित करने के लिए नीति में ग्राहक/प्रति-पक्षकार पात्रता (क्रेडिट रेटिंग, संबंध की अवधि, सीईएल सीमा की उपलब्धता, ग्राहक उपयुक्तता एवं अनुकूलता (सीएएस) परीक्षण आदि) नियत की गई है जिसका सख्ती से अनुपालन किया जाता है। दायित्वों को पूरा करने की उनकी योग्यता को ध्यान में रखते हुए प्रतिपक्षकारों (काउंटरपार्टी) के लिए उपयुक्त सीमाएं निर्धारित

की जाती हैं। बैंक द्वारा कारपारेट एवं अंतर-बैंक दोनों डेरिवेटिव प्रतिपक्षकारों के साथ आईएसडीए करार निष्पादित किया जाता है।

प्रत्येक अंतर-बैंक प्रतिपक्षकार (काउंटरपार्टी) के लिए, जोखिम वर्टिकल द्वारा प्रतिपक्षकार निवेश सीमा नियत की जाती है। बैंक ने कुछ प्रतिपक्षकारों के साथ आईएसडीए मास्टर करार के अंतर्गत सीएसए निष्पादित किया है। सीएसए की शर्तों के अनुसार, 'बाज़ार भाव के भीतर' डेरिवेटिव स्थिति से उभरे ऋण जोखिम को सीमित करने के लिए कोलाटरल को स्वैप काउंटरपार्टियों के साथ अंतरित या पोस्ट किया जाता है।

बैंक की आस्ति देयता प्रबंधन समिति (एएलसीओ) द्वारा इन जोखिमों का प्रभावी प्रबंधन किया जाता है। बैंक के बाज़ार जोखिम प्रबंधन विभाग (एमआरएमडी) द्वारा डेरिवेटिव लेनदेन से जुड़े बाज़ार जोखिम की पहचान की जाती है, उपाय किया जाता है एवं निगरानी की जाती है। एमआरएमडी द्वारा इन जोखिमों के नियंत्रण एवं प्रबंधन में एएलसीओ की सहायता करता है तथा नियमित अंतराल पर पॉलिसी के दिशानिर्देशों के अनुपालन की रिपोर्ट बोर्ड की जोखिम प्रबंधन समिति (आरएमसीबी) को प्रस्तुत की जाती है।

डेरिवेटिव्स की एकाउंटिंग नीति को आरबीआई दिशानिर्देशों के अनुसार बनाया गया है, जिसका विवरण अनुसूची 17 : प्रमुख लेखा नीति (पीएपी) के तहत दिया गया है।

सेबी (एलओडीआर) (संशोधन) विनियम 2018 (सूचीकरण विनियम) के अंतर्गत प्रकटीकरण

1. बैंक के केंद्रीय बोर्ड ने अपनी दिनांक 23.03.2022 को आयोजित बैठक में सेबी (एलओडीआर) में संशोधन के अनुरूप विभिन्न बोर्ड स्तर की समिति यों जैसे लेखा परीक्षा, हितधारकों के संबंध, जोखिम प्रबंधन तथा नामांकन एवं मानदेय समिति के संदर्भ/भूमिका/पुनर्गठन की शर्तों की समीक्षा की एवं अनुमोदित किया।

2. सूचीकरण विनियमों के विनियम 24ए के संदर्भ में 31.03.2022 को समाप्त वित्त वर्ष की एक सचिवीय लेखा परीक्षा रिपोर्ट वार्षिक रिपोर्ट में संलग्न है।

3. सभी ऋण लिखतों हेतु प्राप्त क्रेडिट रेटिंग में कोई संशोधन नहीं है।

4. वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान बैंक ने अधिमानी आबंटन (प्रिफरेंशियल अलॉटमेंट) या पात्र संस्थागत प्लेसमेंट के माध्यम से पूंजी नहीं जुटाई है। इसलिए, जुटाई गई निधियों के उपयोग में विचलन/अंतर का निरंक विवरण सेबी (एलओडीआर) विनियम 2015 के विनियम 32 (1) के अधीन स्टॉक बाज़ारों में प्रस्तुत किया जाएगा।

5. बैंक ने सूचीकरण विनियम के विनियम 34 और अनुसूची V के तहत प्रमाण पत्र प्राप्त किया है और बैंक के किसी भी निदेशक को किसी भी सांविधिक प्राधिकरण द्वारा नियुक्ति से प्रतिबंधित या अयोग्य नहीं घोषित किया है। (प्रमाण-पत्र की प्रति संलग्न है)।

6. स्वतंत्र निदेशकों को प्रदान किए गए परिचय कार्यक्रमों के विवरण बैंक की वेबसाइट पर वेब लिंक https://sbi.co.in/portal/ web/corporate-governance/regulatory-disclosures पर "विनियामक प्रकटीकरण" टैब के अंतर्गत प्रकट किया गया है।

7. वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान वर्तमान सांविधिक केंद्रीय लेखा परीक्षकों (एससीए) को अनुसूची V के पैरा सी, सूचीकरण विनियम के खंड 10(के) के अनुसार भुगतान की गई कुल राशि 3,40,48,323.00 रुपए है।

शेयर कीमत में उतार-चढ़ाव

शेयर कीमत में उतार-चढ़ाव बीएसई सेंसेक्स, एनएसई निफ्टी को निम्नलिखित तालिकाओं में दिया गया है।





बाज़ार मूल्य आंकड़े

माह	बीएसई (₹)		एनएसई (₹)		एलएसई (जीडीआर) US$	
	उच्चतम	न्यूनतम	उच्चतम	न्यूनतम	उच्चतम	न्यूनतम
अप्रैल-21	370.55	328.80	370.65	328.85	50.40	43.25
मई-21	425.30	350.45	425.20	350.60	58.40	46.75
जून-21	439.65	412.80	439.65	412.90	59.70	55.40
जुलाई-21	441.75	420.40	441.55	420.40	60.00	56.30
अगस्त-21	457.05	406.95	456.95	406.70	61.50	54.90
सितंबर-21	463.65	428.95	463.70	429.10	63.80	58.40
अक्तूबर-21	519.15	451.75	519.15	451.65	70.00	60.80
नवंबर-21	530.45	460.60	530.45	460.55	71.10	60.80
दिसंबर-21	494.70	445.85	494.70	446.00	64.60	59.20
जनवरी-22	538.35	470.85	538.30	470.80	72.00	62.79
फरवरी-22	540.45	472.65	540.55	472.65	72.10	61.30
मार्च-22	501.75	440.20	501.90	440.30	66.30	56.70

नोट : उच्चतम एवं न्यूनतम मूल्य को शेयर के बंद भाव (क्लोसिंग प्राइस) से लिया गया है।
31.03.2022 को बुक मूल्य प्रति शेयर रुपए 269.48

31 मार्च 2022 को शेयरधारिता का विवरण

क्रम	विवरण	कुल शेयरों का %
1	भारत के राष्ट्रपति	56.92
2	अनिवासी (एफआईआई/ओसीबी/एनआरआई/सीडीआर)	11.31
3	म्यूचुअल फंड एवं यूटीआई	13.32
4	निजी कॉरपोरेट निकाय	0.79
5	बैंक/वित्तीय संस्थाएं/बीमा कंपनी आदि	11.21
6	अन्य (निवासी व्यक्तियों सहित)	6.45
योग		100.00

31 मार्च 2022 को 10 शीर्ष शेयरधारक

क्रम	नाम	कुल शेयरों का %
1	भारत के राष्ट्रपति	56.92
2	भारतीय जीवन बीमा निगम	8.31
3	एसबीआई-ईटीएफ सेंसेक्स	2.58
4	एचडीएफसी ट्रस्टी कंपनी लिमिटेड - खाता एचडीएफसी टॉप 100 फंड	2.36
5	प्रुडेंशियल आईसीआईसीआई ट्रस्ट लिमिटेड - सेंसेक्स प्रुडेंशियल आईसीआईसीआई एक्सचेंज ट्रेडेड फंड - सेक्यूरिटीज़	1.27
6	द बैंक ऑफ न्यूयॉर्क मेलन	1.16
7	निप्पन लाइफ इंडिया ट्रस्टी लिमिटेड - खाता निप्पन इंडिया विज़न फंड	1.04
8	एनपीएस ट्रस्ट - खाता एचडीएफसी पेंशन मेनेजमेंट कंपनी लिमिटेड स्कीम टैक्स सेवर-टियर 2	1.02
9	कोटक टैक्स सेवर स्कीम	1.00
10	मिराई असेट टैक्स सेवर फंड	0.81

शेयरों को डीमैट करना एवं तरलता (लिक्विडिटी) : बैंक के इक्विटी शेयर की ट्रेडिंग अनिवार्य रूप से इलेक्ट्रॉनिक तरीके से की जाती है। 31 मार्च 2022 को कुल इक्विटी पूंजी के 99.23% अर्थात 8,85,56,52,242 शेयर इलेक्ट्रॉनिक रूप में थे।

विवरण	शेयरधारकों की संख्या	शेयरों की संख्या	शेयर %
एनएसडीएल	17,27,343	3,49,10,46,529	39.12
सीडीएसएल	12,12,970	5,36,46,05,713	60.11
भौतिक	42,059	6,89,59,292	0.77
कुल	**29,82,372**	**8,92,46,11,534**	**100.00**

31 मार्च 2022 को वितरण शेड्यूल (प्रत्येक 1 रुपए के अंकित मूल्य के)

शेयरों की श्रृंखला संख्या	कुल धारक	कुल धारकों का %	कुल धारिता ₹ में	कुल पूंजी का %
1-5000	29,72,369	99.66	48,77,60,990	5.47
5001-10000	5,106	0.17	3,77,07,698	0.42
10001-20000	2,122	0.07	3,07,01,620	0.34
20001-30000	664	0.02	1,69,74,084	0.19
30001-40000	259	0.01	94,00,741	0.11
40001-50000	187	0.01	88,64,240	0.10
50001-100000	450	0.02	3,40,45,312	0.38
100001- से ऊपर	1,215	0.04	8,29,91,56,849	92.99
कुल	**29,82,372**	**100.00**	**8,92,46,11,534**	**100.00**

अनुलग्नक I

31 मार्च 2022 को बोर्ड के गैर-कार्यकारी निदेशकों के संबंध में संक्षिप्त जानकारी

श्री बी वेणुगोपाल

1959 में जन्मे श्री बी वेणुगोपाल को 26 जून 2020 से 25 जून 2023 तक की अवधि के लिए एसबीआई अधिनियम की धारा 19(सी) के अंतर्गत शेयरधारकों द्वारा निदेशक नियुक्त किया गया है। आप भारतीय जीवन बीमा निगम के पूर्व प्रबंध निदेशक हैं जिन्हें एलआईसी का 36 वर्षों का लंबा अनुभव है तथा उन्हें पूर्व के स्टेट बैंक ऑफ त्रावणकोर का भी 2 वर्षों का अनुभव है। केरल विश्वविद्यालय से कॉमर्स एंड कॉस्ट एकाउंटेंसी में स्नातक श्री वेणुगोपाल ने राष्ट्रीय बीमा अकादमी - पुणे, आईआईएम - अहमदाबाद एवं कोलकाता तथा आईएसबी से व्यवसाय कार्यनीति, परियोजना प्रबंधन, वित्त, विपणन, सूचना प्रौद्योगिकी आदि में गहन प्रशिक्षण प्राप्त किया है। साथ ही आपने आईएसबी-हैदराबाद, एशियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, मनीला एवं एफएएलआईए - जापान से भी प्रशिक्षण प्राप्त किया है। एलआईसी के अपने कैरियर में आपने विपणन, प्रशासन एवं सूचना प्रौद्योगिकी सहित संस्था के लगभग सभी क्षेत्रों में कार्य किया है। अन्य बातों के साथ आपने कार्यपालक निदेशक (सूचना प्रौद्योगिकी), मुख्य (आईटी/बीपीआर), क्षेत्रीय प्रबंधक (ईएंडओएस), चेन्नई तथा मदुरै एवं कोयंबतूर प्रभागों के वरिष्ठ मंडल प्रबंधक के रूप में भी कार्य किया।

प्रबंध निदेशक की जिम्मेदारी संभालने से पहले आप एलआईसी के 8 अंचलों में से सबसे बड़े पश्चिम अंचल के अंचल प्रबंधक भी रहे जिसमें गोवा, गुजरात एवं महाराष्ट्र राज्य आते हैं तथा एलआईसी की कुल प्रीमियम आय में इस अंचल का 25% योगदान रहता है। चूंकि एलआईसी अपने सभी सॉफ्टवेयर स्वयं विकसित करता है एवं उनका अनुरक्षण भी करता है, श्री वेणुगोपाल ने सूचना प्रौद्योगिकी का गहन अनुभव प्राप्त किया तथा इसके लिए वह आरंभ में प्रोग्रामर एवं सिस्टम एनालिस्ट रहे तथा बाद में सूचना प्रौद्योगिकी प्रमुख के रूप में 7 वर्षों तक कार्य किया। वह एलआईसी की उस टीम के प्रमुख रहे जिसने सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण एवं एतिहासिक पहल आरंभ की जिसमें से कुछ प्रमुख हैं - एलआईसी कोर बिजनेस सॉल्यूशन (1995-97), एलआईसी की सर्वप्रथम मेट्रो एरिया नेटवर्किंग एवं आईवीआर सिस्टम्स (1998), कॉरपोरेट एक्टिव डाटा वेयरहाउस (2005), ऑनलाइन प्रीमियम कलेक्शन (2006), इंटाप्राइज़ डॉक्यूमेंट मैनेजमेंट सिस्टम्स (2007) एवं ऑनलाइन अंडरराइटिंग इंजिन एवं पॉलिसी की ऑनलाइन बिक्री (2012) आदि का गठन करना। सूचना प्रौद्योगिकी प्रमुख के अपने कार्यकाल के दौरान एलआईसी को भारत की सभी बीमा कंपनियों के बीच एक से अधिक बार बेस्ट यूज़र ऑफ आईटी का नासकॉम अवार्ड भी प्राप्त हुआ। वर्ष 2009 से श्री वेणुगोपाल ने भारत में विदेश के कई संस्थानों के निदेशक बोर्ड में एलआईसी का प्रतिनिधित्व किया है। वह भारतीय बीमा संस्थान एवं राष्ट्रीय बीमा अकादमी के गवर्निंग बोर्ड में भारतीय जीवन बीमा निगम भविष्य निधि एवं भारतीय जीवन बीमा निगम गोल्डन जुबिली फाउंडेशन के ट्रस्टी के रूप में शामिल रहे। वर्तमान में वह भारतीय स्टेट बैंक एवं नेशनल कमोडिटी एंड डेरिवेटिव एक्सचेंज (एनसीडीईएक्स) के बोर्ड में स्वतंत्र निदेशक के रूप में कार्यरत हैं।

डॉ. गणेश नटराजन

डॉ. गणेश नटराजन को 26 जून 2020 से 25 जून 2023 तक की अवधि के लिए एसबीआई अधिनियम की धारा 19(सी) के अंतर्गत शेयरधारकों द्वारा निदेशक नियुक्त किया गया है। डॉ. नटराजन 5F वर्ल्ड के संस्थापक एवं अध्यक्ष हैं, यह एक ऐसा प्लेटफॉर्म है जो डिजिटल स्किल्स एवं डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन का वैश्विक सलाहकार है। आप पुणे सिटी कनेक्ट एवं सोशल वेंचर्स भागीदार्स इंडिया के भी अध्यक्ष हैं। आपको एनआईटीआईई एवं आईआईटी बॉम्बे का प्रतिष्ठित एल्यूमनस अवार्ड भी मिल चुका है। उनके किए गए कार्यों पर 2 केस स्टडी लिखी गई हैं एवं उन्हें आईसीबी, आईआईएम बेंगलूरु एवं हावर्ड बिज़नेस स्कूल में पढ़ाया भी जाता है।

सीए श्री केतन एस. विकमसी

श्री केतन विकमसी को 26 जून 2020 से 25 जून 2023 तक की अवधि के लिए एसबीआई अधिनियम की धारा 19(सी) के अंतर्गत शेयरधारकों द्वारा निदेशक नियुक्त किया गया है। श्री विकमसी, 1936 में स्थापित फर्म खीमजी कुंवरजी एंड कंपनी एलएलपी, चार्टर्ड एकाउंटेंट्स के वरिष्ठ भागीदार हैं। आपके पास आईसीएआई द्वारा जारी आईएफआरएस का प्रमाणीकरण भी है; आईसीएआई का डिप्लोमा इन इंफॉरमेशन सिस्टम लेखा परीक्षा एवं आईडीआरबीटी, हैदराबाद द्वारा बोर्ड सदस्यों के लिए सूचना प्रौद्योगिकी एवं साइबर सुरक्षा का प्रमाणीकरण भी है।

आपको बड़े बैंकों, निर्माण इकाईयों, निवेश बैंकों, बीमा कंपनियों एवं म्यूचुअल फंड के लेखापरीक्षण का 30 वर्ष का लंबा एवं गहन अनुभव है। आप आईसीएआई की विभिन्न क्षेत्रीय परिषदों, उसकी शाखाओं एवं स्टडी सर्किल, आरबीआई, नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (सीएजी) एवं विभिन्न अन्य संस्थानों द्वारा आयोजित विभिन्न सेमीनार, बैठकों, लेक्चर आदि में प्रमुख वक्ता/अध्यक्षता कर चुके हैं। आप विपासना रिसर्च इंस्टीट्यूट, इगतपुरी एवं मुंबई में अत्याधुनिक सुविधाओं वाले हॉस्टल- श्री वी एल विद्यार्थीगृह एनजीओ के ट्रस्टी हैं। आप जंगलीजीव एवं प्रकृति प्रेमी हैं, जिन्हें पेशेवर फोटोग्राफी का शौक है तथा आपके घूमने एवं नए स्थानों पर जाने के शौक को पूरा करने हेतु आपने कई विदेश यात्राएं की हैं।

श्री मृगांक एम. परांजपे

श्री परांजपे को 26 जून 2020 से 25 जून 2023 तक की अवधि के लिए एसबीआई अधिनियम की धारा 19(सी) के अंतर्गत शेयरधारकों द्वारा निदेशक नियुक्त किया गया है। आप भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मुंबई से स्नातक हैं एवं भारतीय प्रबंध संस्थान, अहमदाबाद से प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा प्राप्त हैं। आपको बैंकिंग, कैपिटल मार्केट्स, असेट मैनेजमेंट एवं स्टॉक ब्रोकिंग में विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों का 30 वर्ष का अनुभव है। आप वर्तमान में एनसीडीईएक्स ई-मार्केट्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी हैं। इससे पूर्व आप मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी थे। उससे पहले आप भारत एवं सिंगापुर में ड्यूश बैंक में वरिष्ठ प्रबंधन के पदों पर रहे। इससे पूर्व आप आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एएमसी, इंडिया इंफोलाइन, आईएनजी बेरिंग्स एवं सिटी बैंक में काम कर चुके हैं।

सीए श्री संजीव माहेश्वरी

श्री संजीव माहेश्वरी को 20 दिसंबर 2019 से एसबीआई अधिनियम की धारा 19(डी) के अंतर्गत केंद्र सरकार द्वारा 3 वर्षों के लिए निदेशक नामित किया गया है। श्री माहेश्वरी पेशे से चार्टर्ड एकाउंटेंट हैं और दिवालिया समाधान पेशेवर हैं तथा उन्हें लेखा परीक्षा, कराधान एवं प्रबंधन परामर्शक का 33 वर्षों का लंबा अनुभव है। आप इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की केंद्रीय समिति के 09 वर्षों तक सदस्य रह चुके हैं और आईसीएआई के एकाउंटिंग स्टैंडर्ड्स बोर्ड के 3 वर्षों तक अध्यक्ष रहे हैं जिस दौरान इंड एएस (भारतीय लेखा मानक) के निर्माण में आपकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। आपने आईसीएआई के अध्यक्ष या सदस्य के रूप में अधिकांश तकनीकी समिति यों को सेवाएं प्रदान की हैं। कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय द्वारा स्थापित गुणवत्ता समीक्षा बोर्ड के सदस्य तथा साउथ एशिया फेडरेशन ऑफ अकाउंटेंट्स के सदस्य के रूप में आपने अपनी सेवाएं प्रदान की हैं।

सीए श्री प्रफुल्ल पी छाजेड़

सीए श्री प्रफुल्ल पी छाजेड़ को 21 दिसंबर 2021 से एसबीआई अधिनियम की धारा 19(डी) के अंतर्गत केंद्र सरकार द्वारा 3 वर्षों के लिए निदेशक नामित किया गया है। आप इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया के फैलो एवं सक्रिय सदस्य हैं। आप वर्ष 2019-20 में इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया के अध्यक्ष रह चुके हैं। आप वर्तमान में पिछले 9 वर्षों से केंद्रीय परिषद के सदस्य हैं। आप आईसीएआई की विभिन्न समिति यों के अध्यक्ष एवं सदस्य रह चुके हैं जैसे कि एकाउंटिंग स्टैंडर्डस बोर्ड, सस्टेनिबिलिटी रिपोर्टिंग स्टैंडर्डस बोर्ड, प्रोफेशनल डेवलवमेंट कमेटी, एथिकल स्टैंडर्डस बोर्ड, वुमेन मेम्बर्स एम्पावरमेंट कमेटी, बोर्ड ऑफ स्टडीज़, कमेटी फॉर मेम्बर्स इन इंडस्ट्री आदि। आप आईसीएआई के पश्चिम भारत क्षेत्रीय परिषद (डब्लूआईआरसी) के सदस्य एवं वर्ष 2007-08 में इसके अध्यक्ष रह चुके हैं। आप इंटरनेशल फेडरेशन ऑफ एकाउंटेंट्स द्वारा गठित एक्जिक्यूटिव कमेटी ऑफ वर्ल्ड कॉंग्रेस ऑफ एकाउंटेंट्स 2022 के ग्लोबल चेयरमेन भी हैं। वर्ल्ड कॉंग्रेस ऑफ एकाउंटेंट्स आईएफएसी का बहुत ही प्रतिष्ठित कार्यक्रम होता है। आप कॉन्फेडरेशन ऑफ एशियन एंड पेसिफिक एकाउंटेंट्स (सीएपीए) के उपाध्यक्ष भी हैं, जिसका मुख्यालय कुआलालम्पूर में है। आपने कई राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय संगठनों जैसे एसएएफए, आईएफएसी एसएमपी समिति , सीए वर्ल्डवाइड, इंटीग्रेटेड रिपोर्टिंग काउंसिल आदि में सेवाएं दी हैं। वर्तमान में श्री छाजेड़ मुम्बई स्कूल ऑफ एकॉनॉमिक्स एंड पब्लिक पॉलिसी (मुंबई विश्वविद्यालय) के बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट के सदस्य हैं, सीआईआई नेशनल कमेटी ऑन फाइनेंशियल प्लानिंग के सदस्य, आईसीएआई रजिस्टर्ड वेल्यूर्स ऑर्गेनाइजेशन के निदेशक, आईएफएसी प्रोफेशनल एकाउंटेंसी ऑर्गेनाइजेशन डेवलपमेंट एंड एडवाइज़री ग्रुप (2021-23) न्यूयॉर्क के सदस्य हैं। इससे पहले आप एसबीआई म्यूचुअल फंड ट्रस्टी कंपनी प्राइवेट लिमिटेड, जीआईसी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ इंसॉल्वेंसी प्रोफेशनल्स ऑफ आईसीएआई, बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (आईआरडीए), एक्सटेनशिबल बिज़नेस रिपोर्टिंग लेंग्वेज (एक्सबीआरएल) इंडिया एवं आईडीबीआई कैपिटल मार्केट सर्विसेज़ लिमिटेड के निदेशक बोर्ड में रह चुके हैं। आप सेबी के प्राथमिक बाज़ार सलाहकार समिति तथा आईएमसी चैम्बर ऑफ कॉमर्स की बैंकिंग एवं वित्तीय समिति के सदस्य भी रह चुके हैं।

श्री संजय मल्होत्रा, आईएएस

श्री संजय मल्होत्रा को 16 फरवरी 2022 से एसबीआई अधिनियम की धारा 19(ई) के अंतर्गत केंद्र सरकार द्वारा अगले आदेश तक के लिए निदेशक नामित किया गया है। श्री मल्होत्रा राजस्थान कैडर के 1990 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी हैं। वित्त मंत्रालय, वित्तीय सेवाएं विभाग के सचिव से पूर्व देश की एक अग्रणी इंफ्रास्ट्रक्चर वित्तीय कंपनी आरईसी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक थे। आप भारतीय प्रोद्योगिकी संस्थान, कानपुर से कंप्यूटर साइंस में इंजीनियरिंग स्नातक हैं तथा प्रिंसटन यूनिवर्सिटी से पब्लिक पॉलिसी में स्नातकोत्तर हैं। अपने 31 वर्ष के उत्कृष्ट कैरियर में आपने विविध क्षेत्रों जैसे वित्त एवं कर, पावर, उद्योग, सूचना प्रौद्योगिकी आदि क्षेत्रों में बेहतरीन नेतृत्व कौशल का प्रदर्शन किया है।

श्री अनिल कुमार शर्मा

श्री अनिल कुमार शर्मा को 13 अप्रैल 2021 से एसबीआई अधिनियम की धारा 19(एफ) के अंतर्गत केंद्र सरकार द्वारा अगले आदेश तक के लिए निदेशक नामित किया गया है।

श्री शर्मा वर्तमान में भारतीय रिज़र्व बैंक के कार्यपालक निदेशक हैं। कार्यपालक निदेशक का कार्यभार संभालने से पहले श्री शर्मा भारतीय रिज़र्व बैंक के प्रवर्तन विभाग में मुख्य महाप्रबंधक के पद पर थे। आपने दोआबा कॉलेज जालंधर, पंजाब से अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर किया तथा 1986 में आरबीआई में आने से पहले आप गोखले इंस्टीट्यूट ऑफ पॉलिटिक्स एंड एकॉनॉमिक्स, पुणे में सदस्य थे। आपके पास ट्रेज़री एवं जोखिम प्रबंधन का डिप्लोमा है तथा भारतीय बैंकर्स संघ के प्रमाणित सदस्य हैं। आपको बैंक में पर्यवेक्षण, मुद्रा प्रबंधन एवं बैंकिंग, ग्रामीण ऋण एवं वित्तीय समावेशन क्षेत्र का बढ़िया अनुभव है। आपने आरबीआई के कृषि बैंकिंग कॉलेज, पुणे में संकाय सदस्य के रूप में भी कार्य किया है।

अनुलग्नक II

सेबी (सूचीकरण दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के विनियम 26(1) के उचित अनुपालन में 31.03.2022 को सूचीबद्ध कंपनियों के निदेशकों और बैंकों/अन्य सूचीबद्ध कंपनियों के निदेशकों सहित लेखा परीक्षा/हितधारक समिति (यों) में धारित अध्यक्षता/सदस्यता का विवरण

क्रम सं.	निदेशक का नाम	व्यवसाय एवं पता	बोर्ड में नियुक्ति/ सेवा समाप्ति की तारीख	सूचीबद्ध कंपनियों के निदेशकों और बैंकों/अन्य सूचीबद्ध कंपनियों के निदेशकों सहित लेखा परीक्षा/हितधारक समिति (यों) में धारित अध्यक्षता/सदस्यता
1.	श्री दिनेश कुमार खारा	अध्यक्ष	07.10.2020 / 06.10.2023	निदेशक (अध्यक्ष): 03 समिति सदस्य : 00
2.	श्री चल्ला श्रीनिवासुलू शेट्टी	प्रबंध निदेशक	20.01.2020 / 19.01.2023	निदेशक: 01 समिति सदस्य: 01
3.	श्री अश्वनी भाटिया	प्रबंध निदेशक	24.08.2020 / 31.05.2022	निदेशक: 01 समिति सदस्य: 00
4.	श्री स्वामीनाथन जे.	प्रबंध निदेशक	28.01.2021 / 27.01.2024	निदेशक: 01 समिति सदस्य: 01
5.	श्री अश्विनी कुमार तिवारी	प्रबंध निदेशक	28.01.2021 / 27.01.2024	निदेशक: 03 समिति सदस्य: 05
6.	श्री बी. वेणुगोपाल	गैर-कार्यपालक निदेशक	26.06.2020 / 25.06.2023	निदेशक: 01 समिति सदस्य: 03 समिति अध्यक्ष : 01
7.	डॉ. गणेश नटराजन	गैर-कार्यपालक निदेशक	26.06.2020 / 25.06.2023	निदेशक: 03 समिति सदस्य:06 समिति अध्यक्ष :01
8.	श्री केतन एस. विकमसी	गैर-कार्यपालक निदेशक	26.06.2020 / 25.06.2023	निदेशक: 01 समिति सदस्य: 02 समिति अध्यक्ष :01
9.	श्री मृगांक एम. परांजपे	गैर-कार्यपालक निदेशक	26.06.2020 / 25.06.2023	निदेशक: 01 समिति सदस्य: 01
10.	श्री संजीव माहेश्वरी	गैर-कार्यपालक निदेशक	20.12.2019 / 19.12.2022	निदेशक: 01 समिति सदस्य: 02
11.	श्री प्रफुल्ल पी छाजेड़	गैर-कार्यपालक निदेशक	21.12.2021 / 20.12.2024	निदेशक: 01 समिति सदस्य: 01
12.	श्री संजय मल्होत्रा	गैर-कार्यपालक निदेशक	16.02.2022 / अगले आदेश तक	निदेशक: 01 समिति सदस्य : 00
13.	श्री अनिल कुमार शर्मा	गैर-कार्यपालक निदेशक	13.04.2021 / अगले आदेश तक	निदेशक: 01 समिति सदस्य : 00

अनुलग्नक ।। ए

31.03.2022 को बैंक/अन्य कंपनियों के बोर्ड/बोर्ड स्तर की समिति यों में निदेशकों द्वारा धारित सदस्यता/अध्यक्षता की कुल संख्याः

1. श्री दिनेश कुमार खारा

क्रम सं	कंपनी/संस्था/सोसायटी का नाम	अध्यक्ष/ निदेशक/सदस्य	समिति अध्यक्ष/सदस्य का नाम
1.	भारतीय स्टेट बैंक	अध्यक्ष	केंद्रीय बोर्ड की कार्यकारिणी समिति - अध्यक्ष वसूली निगरानी की बोर्ड समिति - अध्यक्ष
2.	एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड	अध्यक्ष	--
3.	एसबीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड	अध्यक्ष	--
4.	एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड	अध्यक्ष	--
5.	एसबीआई कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड	अध्यक्ष	--
6.	एसबीआई कार्ड्स एंड पेमेंट सर्विसेज़ लिमिटेड	अध्यक्ष	--
7.	एसबीआई फाउंडेशन	अध्यक्ष	--
8.	एसबीआईकैप वेंचर्स लिमिटेड	निदेशक	--
9.	एसबीआईकैप (सिंगापुर) लिमिटेड	निदेशक	--
10.	भारतीय आयात-निर्यात बैंक	निदेशक	--
11.	इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकिंग एंड फाइनेंस	निदेशक	--

2. श्री चल्ला श्रीनिवासुलु शेट्टी

क्रम सं	कंपनी/संस्था/सोसायटी का नाम	अध्यक्ष/ निदेशक/सदस्य	समिति अध्यक्ष/सदस्य का नाम
1.	भारतीय स्टेट बैंक	प्रबंध निदेशक	केंद्रीय बोर्ड की कार्यकारिणी समिति - सदस्य बोर्ड की हितधारक संबंध समिति सह ग्राहक सेवा समिति - सदस्य बोर्ड की सेवा समिति - सदस्य बोर्ड की वसूली निगरानी समिति - सदस्य उच्च मूल्य की धोखाधड़ियों की निगरानी के लिए बोर्ड की विशेष समिति - सदस्य कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व समिति - अध्यक्ष
2.	एसबीआई फाउंडेशन	निदेशक	--
3.	एसबीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड		बैंकएश्योरेंस समिति - अध्यक्ष

3. श्री अश्वनी भाटिया

क्रम सं	कंपनी/संस्था/सोसायटी का नाम	अध्यक्ष/ निदेशक/सदस्य	समिति अध्यक्ष/सदस्य का नाम
1.	भारतीय स्टेट बैंक	निदेशक	केंद्रीय बोर्ड की कार्यकारिणी समिति - सदस्य बोर्ड की वसूली निगरानी समिति - सदस्य बोर्ड की जोखिम प्रबंधन समिति - सदस्य कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व समिति - सदस्य
2.	एसबीआईकैप वेंचर्स लिमिटेड	निदेशक	--

4. श्री स्वामीनाथन जे.

क्रम सं	कंपनी/संस्था/सोसायटी का नाम	अध्यक्ष/ निदेशक/सदस्य	समिति अध्यक्ष/सदस्य का नाम
1.	भारतीय स्टेट बैंक	प्रबंध निदेशक	केंद्रीय बोर्ड की कार्यकारिणी समिति - सदस्य बोर्ड की जोखिम प्रबंधन समिति - सदस्य बोर्ड की सूचना प्रौद्योगिकी कार्यनीति समिति - सदस्य उच्च मूल्य की धोखाधड़ियों की निगरानी के लिए बोर्ड की विशेष समिति - सदस्य बोर्ड की हितधारक संबंध समिति सह ग्राहक सेवा समिति - सदस्य बोर्ड की वसूली निगरानी समिति - सदस्य इरादतन चूककर्ता/सहयोग न करने वाले लेनदारों की पहचान के लिए समीक्षा समिति - अध्यक्ष

5. श्री अश्विनी कुमार तिवारी

क्रम सं	कंपनी/संस्था/सोसायटी का नाम	अध्यक्ष/ निदेशक/ सदस्य	समिति अध्यक्ष/सदस्य का नाम
1.	भारतीय स्टेट बैंक	प्रबंध निदेशक	केंद्रीय बोर्ड की कार्यकारिणी समिति - सदस्य बोर्ड की सूचना प्रौद्योगिकी कार्यनीति समिति - सदस्य बोर्ड की वसूली निगरानी समिति - सदस्य
2.	एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड	निदेशक	लेखा परीक्षा समिति - सदस्य निवेश समिति - सदस्य जोखिम प्रबंधन समिति - सदस्य पॉलिसीधारक सुरक्षा समिति - सदस्य नामांकन एवं मानदेय समिति - सदस्य कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व समिति - सदस्य हितधारक संबंध समिति - सदस्य
3.	एसबीआई कार्ड्स एंड पेमेंट सर्विसेज़ लिमिटेड	निदेशक	नामांकन एवं मानदेय समिति - सदस्य कार्यकारिणी समिति - अध्यक्ष
4.	एसबीआई कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड	निदेशक	निदेशकों की समिति - अध्यक्ष जोखिम प्रबंधन समिति - सदस्य सीएसआर समिति - सदस्य नामांकन एवं मानदेय समिति - सदस्य लेखा परीक्षा समिति - सदस्य सूचना प्रौद्योगिकी कार्यनीति समिति - सदस्य
5.	एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट लिमिटेड	निदेशक	शेयर आबंटन समिति - सदस्य नामांकन एवं मानदेय समिति - सदस्य आईपीओ समिति - सदस्य
6.	एसबीआई जनरल इंश्योरेंस कं लि.	निदेशक	जोखिम प्रबंधन समिति - अध्यक्ष पॉलिसीधारक संरक्षण समिति - अध्यक्ष निवेश समिति - अध्यक्ष नामांकन एवं मानदेय समिति - सदस्य कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व समिति - सदस्य प्रौद्योगिकी समिति - सदस्य बैंकएश्योरेंस समिति - सदस्य लेखा परीक्षा समिति - सदस्य
7.	एसबीआई पेंशन फंड्स प्राइवेट लिमिटेड	निदेशक	--
8.	एसबीआई डीएफएचआई लिमिटेड	निदेशक	नामांकन एवं मानदेय समिति - सदस्य
एसबीआई ग्लोबल फ़ैक्टर्स लिमिटेड	नियमों के अनुसार, मूल बैंक को पूंजी अंतरित करने का एकमात्र तरीका लाभांश या वापसी-खरीद शेयरों का भुगतान करना है। मूल बैंक सहित शेयरधारकों को किए जाने वाले भुगतान से बैंक की पूंजी कम करने पर विनियामक प्रतिबंध हैं। पूंजी में कोई भी कमी या तो लाभांश के भुगतान के माध्यम से अथवा बैंकिंग अधिनियम व कंपनी अधिनियम में बताए गए माध्यम से की जा सकती है। भुगतान की जाने वाली राशि विनियामक आवश्यकताओं के अनुसार पर्याप्त पूंजी और तरलता अनुपात बनाए रखने के अधीन है। क. एक कंपनी एनबीएफसी-फैक्टर्स लाइसेंस नहीं रख सकती है, यदि वह निवल स्वाधिकृत निधि के रूप में भुगतान की गई राशि को बनाए नहीं रखती और बनाए रखना जारी नहीं रखती है। ख. प्रत्येक एनबीएफसी तुलन पत्र पर अपनी कुल जोखिम भारित आस्तियों (टियर I और टियर II पूंजी, टियर I पूंजी 10% से कम नहीं होनी चाहिए) का कम से कम 15% की पूंजी, अथवा केंद्रीय बैंक द्वारा निर्धारित उच्च अनुपात, और तुलनपत्रेतर मदों के जोखिम समायोजित मूल्य को बनाए रखेगा। ग. एनबीएफसी-फैक्टर्स के रूप में पंजीकृत प्रत्येक कंपनी फैक्टरिंग विनियम अधिनियम 2011 के अनुसार न्यूनतम 5 करोड़ रुपए की निवल स्वाधिकृत निधि (एनओएफ) बनाए रखेगी। घ. कंपनी अधिनियम में शेयरों की वापसी-खरीद या लाभांश के रूप में वितरण के माध्यम से पूंजी के अंतरण के लिए भी कुछ शर्तें निर्धारित की गई हैं। कंपनी के संस्था के अंतर्नियम (एओए) में निधि या विनियामक पूंजी के अंतरण पर कोई विशिष्ट प्रतिबंध नहीं है। विनियामक न्यूनतम आवश्यकता से अधिक पूंजी का भुगतान बोर्ड और नियामक के अनुमोदन के साथ मूल बैंक (लाभांश अथवा कम की गई पूंजी के माध्यम से) को वापस किया जा सकता है। यह अनुमानित वृद्धि योजनाओं और इसकी पूंजी आवश्यकताओं पर आधारित होगा।
एसबीआई-एसजी ग्लोबल सेक्यूरिटीज़ सर्विसेस लिमिटेड	पूंजी का अंतरण सेबी द्वारा निर्धारित 500 मिलियन रुपए के न्यूनतम विनियामक निवल मालियत के संधारण के अधीन होगा। इसके अतिरिक्त, कंपनी को बोर्ड के अनुसार परिचालन जोखिम, जिसकी गणना बेसल II के मानकीकृत दृष्टिकोण के अनुसार की जाती है, के लिए 200 मिलियन रुपए (31.03.2022 की स्थिति के अनुसार) की पूंजी पर प्रभार बनाए रखने की आवश्यकता है। अंतरण नए शेयरों के इश्यू (अधिकारों के आधार पर अथवा अनुवर्ती प्लेसमेंट के रूप में में जारी किए गए शेयरों के अलावा), विकल्प या वारंट का निर्माण, शेयरों के नए वर्गों का निर्माण, वापसी-खरीद/मोचन/पुनर्खरीद, विभाजन, संपरिवर्तनीय ऋण जारी कर, बोनस, ग्रहणाधिकार या ऋण-भार अथवा इक्विटी में संपरिवर्तन को शामिल करने वाले ऋण पुन:संरचना के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है जो पक्षों के लिए और/अथवा इक्विटी शेयरधारकों के रूप में उनके अधिकारों और कंपनी द्वारा लाभांश की घोषणा के लिए गैर-विलयनीय होगा।

अनुषंगियाँ	प्रतिबंध
एसबीआई डीएफ़एचआई लिमिटेड	कंपनी लाभांश/ शेयरों की वापसी-खरीद के माध्यम से मूल कंपनी को अधिशेष /पूंजी अंतरित कर सकती है। लाभांश के भुगतान के संबंध में एकल प्राइमरी डीलरों (एसपीडी) को भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देश निम्नानुसार हैं- 1. एसपीडी के शेयरधारिता स्वरूप/पूंजी संरचना में किसी भी बदलाव के लिए आरबीआई के पूर्व अनुमोदन की आवश्यकता होगी। 2. एसपीडी को निरंतर आधार पर न्यूनतम 15 प्रतिशत सीआरएआर बनाए रखने की आवश्यकता है। 3. लाभांश वितरण की घोषणा करते समय एसपीडी निम्नलिखित दिशानिर्देशों का पालन करेंगे: अ. एसपीडी ने सांविधिक भंडारों को लाभ के अंतरण संबंधी विनियमों और प्रतिभूतियों के प्रावधान और मूल्यांकन आदि से संबंधित विनियामक दिशानिर्देशों का अनुपालन किया होगा। आ. पिछली चार तिमाहियों में से किसी में भी 15 प्रतिशत के विनियामक न्यूनतम से कम सीआरएआर वाले एसपीडी किसी भी लाभांश की घोषणा नहीं करेंगे। इ. पिछले वर्ष की सभी चार तिमाहियों के दौरान 15 प्रतिशत के नियामक न्यूनतम के बराबर या उससे अधिक, लेकिन चार तिमाहियों में से किसी एक में भी 20 प्रतिशत से कम सीआरएआर वाले एसपीडी के लिए, लाभांश भुगतान अनुपात (डीपीआर) 33.3 प्रतिशत से अधिक नहीं होगा। ई. पिछले वर्ष की सभी चार तिमाहियों के दौरान 20 प्रतिशत या उससे अधिक की दर से सीआरएआर वाले एसपीडी के लिए, डीपीआर 60 प्रतिशत से अधिक नहीं होगी। उ. डीपीआर की गणना एक वर्ष में देय लाभांश (लाभांश कर को छोड़कर) से वर्ष के दौरान शुद्ध लाभ के लिए के प्रतिशत के रूप में की जाएगी। ऊ. प्रस्तावित लाभांश चालू वर्ष के लाभ में से देय होगा। यदि प्रासंगिक अवधि के लिए लाभ में कोई असाधारण आय शामिल है, तो लाभ-भुगतान अनुपात की गणना विवेकपूर्ण लाभ-भुगतान अनुपात सीमा के अनुपालन के लिए ऐसी असाधारण मदों को छोड़कर की जाएगी। ऋ. उस वित्तीय वर्ष से संबंधित वित्तीय विवरण जिसके लिए एसपीडी लाभांश की घोषणा कर रहा है, सांविधिक लेखा परीक्षकों द्वारा किसी भी अर्हता से मुक्त होगा, जिसका उस वर्ष के दौरान लाभ पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उस प्रभाव के लिए किसी भी अर्हता के मामले में, डीपीआर की गणना करते समय शुद्ध लाभ को उपयुक्त रूप से नीचे की ओर समायोजित किया जाएगा।
एसबीआई पेंशन फंड्स प्राइवेट लिमिटेड	पीएफआरडीए/कंपनी अधिनियम, 2013 में लाभांश के माध्यम से मूल बैंक को पूंजी के हस्तांतरण अथवा मूल बैंक को शेयर की वापसी-खरीद अथवा पूंजी प्रत्यावर्तन के लिए कोई विनियामक प्रतिबंध नहीं हैं। एकमात्र मानदंड यह है कि कंपनी को 50 करोड़ रुपए के न्यूनतम निवल मालियत को बनाए रखना चाहिए और पेंशन फंड के न्यूनतम पात्रता मानदंडों को पूरा करना चाहिए अर्थात विनियम 8 (डी) प्रायोजक के पास पिछले पांच वित्तीय वर्षों में से कम से कम तीन में कर पश्चात लाभ होना चाहिए। इसके अलावा पिछले पांच वर्षों में कोई नकदी हानि नहीं होना चाहिए। इसके अलावा, विनियम जे के अनुसार, किसी वित्तीय वर्ष में पेंशन निधि के प्रायोजक के प्रबंधन, स्वामित्व, शेयरधारिता स्वरूप या नियंत्रण में एक प्रतिशत से अधिक लेकिन प्रायोजक या पेंशन फंड की चुकता पूंजी के पांच प्रतिशत से कम का परिवर्तन होने पर, इसकी सूचना, ऐसे परिवर्तन की घटना के पंद्रह दिनों के भीतर प्राधिकरण को दी जाएगी। बशर्ते कि किसी भी वित्तीय वर्ष में प्रायोजक या पेंशन निधि की चुकता पूंजी में पांच प्रतिशत या उससे अधिक में कोई परिवर्तन प्राधिकरण के पूर्व अनुमोदन के बिना नहीं किया जाएगा। पूंजी का भुगतान बोर्ड और शेयरधारकों के अनुमोदन और पीएफआरडीए विनियमों और कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों को पूरा करने के साथ मूल बैंक को किया जा सकता है।
जियो पेमेंट्स बैंक लिमिटेड	31.03.2022 की स्थिति के अनुसार, एसबीआई द्वारा आयोजित जियो पेमेंट्स बैंक लिमिटेड के शेयरों में कोई लॉक-इन नहीं है।
एसबीआई पेमेंट सर्विसेज़ प्राइवेट लिमिटेड	संयुक्त उद्यम करार के अनुसार निधियों अथवा विनियामक पूंजी के अंतरण पर कोई प्रतिबंध या बाधाएं नहीं हैं। निधियों का अंतरण एसबीआई पेमेंट बोर्ड और जेवी भागीदारों के अनुमोदन के अधीन है।

डीएफ़- 2 - पूंजी पर्याप्तता

31.03.2022 की स्थिति के अनुसार

गुणात्मक प्रकटीकरण

(क) वर्तमान और भविष्य की गतिविधियों का समर्थन करने के लिए अपनी पूंजी पर्याप्तता की स्थिति के आकलन के लिए बैंक के दृष्टिकोण की संक्षिप्त चर्चा

- बैंक और इसकी बैंकिंग सहायक कंपनियां भारतीय रिजर्व बैंक के नए पूंजी पर्याप्तता संरचना (एनसीएएफ) दिशानिर्देशों के अनुरूप वार्षिक आधार पर आंतरिक पूंजी पर्याप्तता निर्धारण प्रक्रिया (आईसीएएपी) अपनाती हैं। इस आईसीएएपी में पूंजी योजना प्रक्रिया का विवरण दिया जाता है और निम्नलिखित जोखिमों के मापन, निगरानी, आंतरिक नियंत्रण, रिपोर्टिंग, पूंजी आवश्यकता तथा तनाव परीक्षण को कवर करते हुए मूल्यांकन किया जाता है:

  - ➢ ऋण जोखिम
  - ➢ परिचालन जोखिम
  - ➢ चलनिधि जोखिम
  - ➢ अनुपालन जोखिम
  - ➢ पेंशन निधि दायित्व जोखिम
  - ➢ प्रतिष्ठा जोखिम
  - ➢ ऋण जोखिम न्यूनीकरण से शेष जोखिम
  - ➢ प्रतिभा जोखिम
  - ➢ उपरोक्त के अतिरिक्त अन्य जोखिम
  - ➢ बाजार जोखिम
  - ➢ ऋण संकेंद्रण जोखिम
  - ➢ बैंकिंग बही में ब्याज दर जोखिम
  - ➢ देश जोखिम
  - ➢ कार्यनीतिक जोखिम
  - ➢ मॉडल जोखिम
  - ➢ संक्रामक जोखिम
  - ➢ साइबर जोखिम
  - ➢ अंडरराइटिंग जोखिम

- भारतीय स्टेट बैंक द्वारा अनुषंगियों/संयुक्त उद्यमों में अनुमानित निवेश तथा भारतीय स्टेट बैंक एवं इसकी सहायक कंपनियों (घरेलू/विदेशी) के अग्रिमों में वृद्धि पर विचार करते हुए 3 से 5 वर्षों की मध्यम अवधि में पूंजी पर्याप्तता अनुपात (सीएआर) में कमी या बढ़ोत्तरी पर प्रतिवर्ष अथवा आवश्यकतानुसार संवेदनशीलता विश्लेषण किया जाता है। यह विश्लेषण एसबीआई और एसबीआई समूह के लिए अलग-अलग किया जाता है।
- 3 से 5 वर्षों की मध्यम अवधि में बैंक तथा समग्र समूह के सीआरएआर विनियामक सीएआर से काफी अधिक रहने का अनुमान है। तथापि, पर्याप्त पूंजी बनाए रखने के लिए, बैंक के पास इक्विटी के अतिरिक्त आवश्यकतानुसार अधीनस्थ ऋण, स्थायी संचयी अधिमानी शेयर (पीसीपीएस), मोचनीय गैर-संचयी अधिमानी शेयर (आरएनसीपीएस), मोचनीय संचयी अधिमानी शेयर (आरसीपीएस), स्थायी ऋण लिखत (पीडीआई) और स्थायी गैर-संचयी अधिमानी शेयर (पीएनसीपीएस) को बढ़ाकर अपने पूंजीगत संसाधनों को बढ़ाने के विकल्प हैं।
- विदेशी अनुषंगियों के लिए कार्यनीतिक पूंजी योजना में आस्तियों की वृद्धि के लिए आवश्यक पूंजी निर्धारण तथा विभिन्न स्थानीय विनियामक आवश्यकताओं एवं विवेकपूर्ण मानदंडों का अनुपालन करने के लिए आवश्यक पूंजी का आकलन शामिल है। आस्तियों के बढ़े हुए स्तर का समर्थन करने तथा पूंजी पर्याप्तता अनुपात (सीएआर) को बनाए रखने के लिए सीईटी 1/एटी 1/ टियर 2 पूंजी जुटाने के लिए एकल अनुषंगी की क्षमता के बारे में संतुष्ट हो जाने के बाद मूल बैंक द्वारा संवृद्धि योजना को अनुमोदित किया जाता है।

मात्रात्मक प्रकटीकरण

(ख) ऋण जोखिम के लिए पूंजी आवश्यकताएं:

- मानकीकृत दृष्टिकोण के अधीन पोर्टफोलियो → रु 2,45,004.33 करोड़
- प्रतिभूतिकरण एक्सपोज़र → शून्य

....

कुल रुपए 2,45,004.33 करोड़

(ग) बाजार जोखिम के लिए पूंजी आवश्यकताएं

- मानक अवधि दृष्टिकोण;
  - ब्याज दर जोखिम → रु 14,552.67 करोड़
  - विदेशी मुद्रा विनिमय जोखिम (स्वर्ण सहित) → रु 902.64 करोड़
  - इक्विटी जोखिम → रु 10,194.22 करोड़

....

कुल रुपए 25,649.53 करोड़

(घ)	परिचालन जोखिम के लिए पूंजी आवश्यकताएं • बुनियादी संकेतक दृष्टिकोण • मानक दृष्टिकोण (यदि लागू हो))	→ रु 21,077.98 करोड़ लागू नहीं .... **कुल रुपए 21,077.98 करोड़**

(ङ) सामान्य इक्विटी टियर 1, टियर 1 तथा कुल पूंजी अनुपात

- शीर्ष समेकित समूह के लिए; तथा
- महत्वपूर्ण बैंक अनुषंगियों के लिए (फ्रेमवर्क लागू करने के तरीके के आधार पर एकल अथवा उप-समेकित)

31.03.2022 की स्थिति के अनुसार पूंजी पर्याप्तता अनुपात

	सीईटी 1 (%)	टियर 1 (%)	कुल (%)
एसबीआई समूह	10.26	11.68	14.03
भारतीय स्टेट बैंक	9.94	11.42	13.83
एसबीआई (मॉरिशस) लिमिटेड	18.64	18.64	19.64
भारतीय स्टेट बैंक (कनाडा)	13.44	13.44	15.06
भारतीय स्टेट बैंक (कैलिफ़ोर्निया)	14.51	14.51	15.70
वाणिज्यिक इंडो बैंक एलएलसी, मॉस्को	35.21	35.21	35.21
बैंक एसबीआई इंडोनेशिया	67.74	67.74	68.68
नेपाल एसबीआई बैंक लिमिटेड	13.30	13.30	16.39
एसबीआई (यूके) लिमिटेड	16.86	16.86	17.15

डीएफ़- 3: ऋण जोखिम: सामान्य प्रकटीकरण

31.03.2022 की स्थिति के अनुसार

सामान्य प्रकटीकरण

अ. गुणात्मक प्रकटीकरण

- **पिछले बकाया और ह्रासित आस्तियों की परिभाषाएं (लेखांकन उद्देश्यों के लिए)**

अनर्जक आस्तियां

जब कोई आस्ति बैंक के लिए आय अर्जन बंद कर देती है, तो वह अनर्जक आस्ति बन जाती है। 31 मार्च 2006 से, उस आस्ति को अनर्जक आस्ति (एनपीए) माना जाता है, जो

(i) सावधि ऋण के मामले में ब्याज और/या यदि मूल राशि की किस्त 90 दिनों से अधिक की अवधि के लिए 'अतिदेय' रहती है।

(ii) ओवरड्राफ्ट/ नकदी ऋण (ओडी/सीसी) खाता यदि 90 दिनों से अधिक की अवधि के लिए 'अनियमित रहता है।

(iii) खरीदे और भुनाए गए बिलों के मामले में यदि बिल 90 दिनों से अधिक की अवधि के लिए 'अतिदेय' रहता है।

(iv) अन्य खातों के मामले में यदि प्राप्त होने वाली कोई भी राशि 90 दिनों से अधिक की अवधि के लिए 'अतिदेय' रहती है।

(v) अल्प अवधि फसलों के लिए दिए गए ऋण को तब एनपीए माना जाता है जब मूल राशि या ब्याज की किस्त दो फसली मौसमों तक अतिदेय रहती है तथा दीर्घ अवधि फसलों के लिए दिए गए ऋण को तब एनपीए माना जाता है जब मूल राशि की किस्त या ब्याज एक फसली मौसम के लिए अतिदेय रहता है।

(vi) किसी खाते को तब एनपीए के रूप में वर्गीकृत किया जाएगा जब किसी तिमाही के दौरान लगाए गए ब्याज का भुगतान तिमाही समाप्ति के 90 दिनों के भीतर पूरी तरह से न किया गया हो।

(vii) प्रतिभूतिकरण पर 1 फरवरी, 2006 के आरबीआई के दिशानिर्देशों के अनुसार प्रतिभूतिकरण लेनदेन के संबंध में, यदि चलनिधि सुविधा की राशि 90 दिनों से अधिक तक बकाया हो।

(viii) डेरिवेटिव लेनदेन के मामले में, डेरिवेटिव संविदा के बाजार मूल्य में सकारात्मक चिह्न वाले अतिदेय प्राप्य राशियां, यदि निर्दिष्ट देय तिथि से 90 दिनों की अवधि के लिए अप्रदत्त हैं।

'अनियमित' स्थिति

यदि किसी खाते में बकाया राशि लगातार संस्वीकृत/आहरण सीमा से अधिक रहती है, तो उस खाते को 'अनियमित' माना जाता है।

ऐसे मामलों में जहां मूल परिचालन खाते में बकाया शेष राशि संस्वीकृत/आहरण सीमा शक्ति से कम है, लेकिन बैंक के तुलन-पत्र की तारीख तक लगातार 90 दिनों तक कोई क्रेडिट प्राप्त नहीं होता है, अथवा इसी अवधि के दौरान खाते में डेबिट किए गए ब्याज को कवर करने के लिए क्रेडिट पर्याप्त नहीं होते हैं, ऐसे खातों को 'अनियमित' माना जाता है।

'अतिदेय''

किसी भी ऋण सुविधा के तहत बैंक को देय किसी भी राशि की चुकौती यदि बैंक द्वारा निर्धारित देय तिथि पर नहीं की जाती है तो उसे 'अतिदेय' माना जाता है।

दबावग्रस्त आस्तियों का समाधान

दबाव की प्रारंभिक पहचान और रिपोर्टिंग:

निम्नलिखित श्रेणियों के अनुसार चूक* होने की स्थिति में विशेष उल्लिखित खातों (एसएमए) के रूप में दबावग्रस्त आस्तियों को वर्गीकृत करके ऋण खातों में प्रारंभिक दबाव की पहचान:

एसएमए उप श्रेणियाँ	वर्गीकरण का आधार- मूलधन अथवा ब्याज भुगतान अथवा अन्य कोई राशि इस अवधि के दौरान पूर्ण अथवा आंशिक रूप से अतिदेय हो
एसएमए -0	1-30 दिन
एसएमए -1	31-60 दिन
एसएमए -2	61-90 दिन

* चूक का अर्थ है, जब पूरी राशि या उसका कोई भाग अथवा ऋण की किस्त बकाया एवं देय हो गई हो तथा ऋणकर्ता अथवा कॉरपोरेट ऋणकर्ता द्वारा उसकी चुकौती न की गई हो। नकदी ऋण जैसी परिक्रामी ऋण सुविधाओं के मामले में उपर्युक्त पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना चूक का अर्थ यह भी होगा कि बकाया शेष राशि 30 दिनों से अधिक अवधि के लिए स्वीकृत सीमा या आहरण शक्ति, जो भी कम हो, लगातार से अधिक बनी रहती है।

- **बैंक की ऋण जोखिम प्रबंधन नीति पर चर्चा**

बैंक में एक एकीकृत ऋण जोखिम प्रबंधन, ऋण जोखिम न्यूनीकरण तथा संपार्श्विक प्रबंधन नीति है, जिसकी समीक्षा वार्षिक आधार पर की जाती है। वर्ष-दर-वर्ष, इस संबंध में नई उभरती अवधारणाओं और वास्तविक अनुभव के आधार पर नीति और कार्यप्रणालियों में सुधार किया जाता रहा है। नीति तथा कार्यप्रणालियों को बेसल-II और भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों में निर्धारित दृष्टिकोण के अनुरूप ढाला गया है।

ऋण जोखिम प्रबंधन के तहत एक्सपोज़र में ऋण जोखिम की पहचान, मूल्यांकन, मापन, निगरानी और नियंत्रण शामिल हैं।

ऋण जोखिम की पहचान और मूल्यांकन की प्रक्रियाओं में निम्नलिखित कार्य किए जाते हैं:

(i) व्यापक रूप से वित्तीय, व्यावसायिक, औद्योगिक तथा प्रबंधन जोखिमों में वर्गीकृत विभिन्न जोखिमों को ध्यान में रखते हुए प्रतिपक्ष जोखिम का आकलन करने के लिए ऋण जोखिम मूल्यांकन (सीआरए) मॉडलों/स्कोरिंग मॉडलों को विकसित व परिष्कृत करना, इनमें से प्रत्येक जोखिम को अलग-अलग स्कोर दिया जाता है।

(ii) समय-समय पर उद्योगों/क्षेत्रों के लिए सामान्य दृष्टिकोण पर परामर्श जारी करना, बड़े/महत्वपूर्ण उद्योगों में पोर्टफोलियो को संभालने के लिए विशिष्ट नीतिगत सुझाव देना व मात्रात्मक एक्सपोज़र मानदंड निर्धारित करने के लिए औद्योगिक शोध करना।

ऋण जोखिम के मापन में ऋण जोखिम घटकों जैसे चूक की संभावना (पीडी), चूक से हुई हानि (एलजीडी) तथा चूक पर एक्सपोज़र (ईएडी) की गणना शामिल है।

ऋण जोखिम की निगरानी और नियंत्रण में एकल ऋणकर्ता, समूह ऋणकर्ता तथा उद्योगों जैसे आयामों में एक अच्छा विविध पोर्टफोलियो बनाने के लिए एक्सपोज़र सीमाएं निर्धारित करना शामिल है। बेहतर जोखिम प्रबंधन और ऋण जोखिमों के संकेन्द्रण से बचने के लिए, एकल कंपनियों, समूह कंपनियों, बैंकों, व्यक्तिगत ऋणकर्ताओं, गैर-कॉरपोरेट संस्थाओं, पूंजी बाजार, भू-संपत्ति, संवेदनशील वस्तुओं आदि जैसे संवेदनशील क्षेत्रों के संबंध में विवेकपूर्ण जोखिम मानदंडों पर आंतरिक दिशानिर्देश विद्यमान हैं। जहां भी आवश्यक हो, सुधारात्मक कार्रवाई शुरू करने के लिए संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान करने के लिए छमाही अंतराल पर क्रेडिट जोखिम तनाव परीक्षण आयोजित किए जाते हैं।

बैंक में एक ऋण नीति विद्यमान है, जिसका उद्देश्य लचीलेपन और नवोन्मेष के लिए पर्याप्त संभावना रखते हुए ऋण की मूल बातों, मूल्यांकन कौशल, प्रलेखन मानकों तथा संस्थागत चिंताओं एवं कार्यनीतियों के बारे में जागरूकता के संबंध में एकसमान दृष्टिकोण विकसित कर पोर्टफोलियो स्तर पर आस्तियों की समग्र गुणवत्ता में निरंतर सुधार करना है।

ऋण जोखिम प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं जैसे मूल्यांकन, मूल्य निर्धारण, ऋण अनुमोदन प्राधिकार, प्रलेखन, रिपोर्टिंग एवं निगरानी, ऋण सुविधाओं की समीक्षा व नवीनीकरण, समस्या ऋणों का प्रबंधन, ऋण निगरानी इत्यादि के संबंध में बैंक की प्रक्रियाएं और नियंत्रण विद्यमान हैं। बैंक की एक ऋण लेखापरीक्षा प्रणाली भी है जिसका उद्देश्य 20 करोड़ रुपए और उससे अधिक राशि के एक्सपोज़र वाले ऋण पोर्टफोलियो की गुणवत्ता में निरंतर सुधार करना है। ऋण लेखापरीक्षा में विभिन्न स्तरों पर लिए गए ऋण संस्वीकृति निर्णयों की लेखा परीक्षा शामिल है। ऋण लेखापरीक्षा प्रणाली के एक भाग के रूप में पूर्व-स्वीकृति प्रक्रिया और संस्वीकृति पश्चात स्थिति, दोनों की जांच की जाती है। ऋण लेखापरीक्षा में पहचाने गए जोखिमों की भी जांच की जाती है और जोखिम न्यूनीकरण के उपाय सुझाए जाते हैं।

डीएफ़- 3: 31.03.2022 की स्थिति के अनुसार मात्रात्मक प्रकटीकरण

(बीमा संस्थाओं, संयुक्त उद्यमों और गैर-वित्तीय संस्थाओं को बाहर रखा गया)

सामान्य प्रकटीकरण:				रुपए करोड़ में
मात्रात्मक प्रकटीकरण		**निधि आधारित**	**गैर-निधि आधारित**	**कुल**
बी.	कुल सकल ऋण जोखिम एक्सपोज़र	2879141.43	534011.40	3413152.83
सी.	एक्सपोज़र का भौगोलिक संवितरण: निधि आधारित/ गैर-निधि आधारित			
	विदेश में	448646.97	84801.33	533448.30
	देश में	2430494.46	449210.07	2879704.53
डी.	उद्योग प्रकार एक्सपोज़र संवितरण निधि आधारित / गैर-निधि आधारित अलग-अलग		कृपया तालिका “ए” देखें	
ई.	आस्तियों का अवशिष्ट संविदात्मक परिपक्वता ब्रेकडाउन		कृपया तालिका “बी” देखें	
एफ़.	एनपीए की राशि (सकल) अर्थात (i से v) का योग			112785.09
	i. अवमानक			15520.48
	ii. संदिग्ध 1			16203.22
	iii. संदिग्ध 2			25512.60
	iv. संदिग्ध 3			27485.35
	v. हानि			28063.44
जी.	निवल एनपीए			28002.85
एच.	एनपीए अनुपात			
	i) सकल अग्रिमों की तुलना में सकल एनपीए			3.92%
	ii) निवल अग्रिमों की तुलना में निवल एनपीए			1.00%
आई.	एनपीए (सकल) में कमी/वृद्धि			
	i) प्रारंभिक शेष			128168.54
	ii) वृद्धि			26812.87
	iii) कमी			42196.32
	iv) अंतिम शेष			112785.09
जे.	एनपीए हेतु प्रावधानों में कमी/वृद्धि			
	i) प्रारंभिक शेष			91049.44
	ii) अवधि के दौरान किए गए प्रावधान			15937.70
	(iii) अपलेखन/अतिरिक्त प्रावधानों का प्रतिलेखन			22204.90
	iv) अंतिम शेष			84782.24
के.	अनर्जक निवेशों की राशि			2465.22
एल.	अनर्जक निवेशों के लिए किए गए प्रावधान की राशि			1708.13
एम.	निवेश पर मूल्यह्रास के लिए प्रावधानों वृद्धि/कमी			
	प्रारंभिक शेष			9198.25
	अवधि के दौरान किए गए प्रावधान			3330.11
	अपलेखन			1510.04
	अतिरिक्त प्रावधानों का प्रतिलेखन			193.09
	अंतिम शेष			10825.23
एन.	प्रमुख उद्योग या प्रतिपक्ष प्रकार के अनुसार			
	एनपीए की राशि और यदि उपलब्ध हो, पिछले देय ऋण, अलग से प्रावधान किए गए			54118.03
	निर्दिष्ट व सामान्य प्रावधान; तथा			-
	वर्तमान अवधि के दौरान विशिष्ट प्रावधान और अपलेखन			-
ओ.	महत्वपूर्ण भौगोलिक क्षेत्रों द्वारा विशिष्ट और सामान्य प्रावधानों सहित अलग से प्रदान किए गए पिछले देय ऋणों और एनपीए की राशि			-
	प्रावधान			-

तालिका- ए: डीएफ़-3 (घ) 31.03.2022 की स्थिति के अनुसार उद्योग-प्रकार के एक्सपोज़र का संवितरण

(रुपए करोड़ में)

कोड	उद्योग	निधि आधारित [शेष राशियाँ]			गैर-निधि आधारित (शेष राशियाँ)
		मानक	एनपीए	कुल	
1	कोयला	11521.40	210.14	11731.54	7817.45
2	खनन	8418.71	107.37	8526.07	3195.88
3	लोहा और इस्पात	54777.25	2326.85	57104.10	49105.33
4	धातु उत्पाद	30723.31	771.10	31494.41	13797.42
5	सभी इंजीनियरिंग	40564.09	4397.25	44961.34	63931.65
5.1	इनमें से इलेक्ट्रॉनिक्स	4682.94	97.17	4780.11	7158.75
6	बिजली	6646.95	0.04	6646.99	0.00
7	सूती वस्त्र	24692.24	1362.86	26055.11	1896.49
8	जूट वस्त्र	1142.84	45.40	1188.23	37.07
9	अन्य वस्त्र	13384.93	989.60	14374.53	3304.46
10	चीनी	6824.09	367.02	7191.11	957.49
11	चाय	1196.09	58.84	1254.93	27.92
12	खाद्य प्रसंस्करण	52881.45	4723.70	57605.14	3044.05
13	वनस्पति तेल और वनस्पति	5213.18	537.80	5750.97	3412.37
14	तम्बाकू/तम्बाकू उत्पाद	160.62	15.04	175.66	117.46
15	कागज/कागज उत्पाद	5486.49	383.25	5869.74	1220.58
16	रबड़/रबड़ उत्पाद	9970.24	848.72	10818.96	2182.12
17	रसायन/रंग/पेंट आदि	94543.70	2510.15	97053.85	80921.50
17.1	इनमें से उर्वरक	17982.66	680.30	18662.96	14142.84
17.2	इनमें से पेट्रोकेमिकल्स	49477.18	139.44	49616.62	53166.26
17.3	इनमें से दवा व फार्मा	13597.57	411.63	14009.20	2174.93
18	सीमेंट	8789.66	683.18	9472.84	4495.74
19	चमड़ा और चमड़े के उत्पाद	3196.74	295.87	3492.62	422.43
20	रत्न और आभूषण	11684.33	1613.02	13297.35	290.91
21	विनिर्माण	43212.50	1353.17	44565.68	17742.86
22	पेट्रोलियम	49193.63	308.52	49502.15	33461.29
23	ऑटोमोबाइल व ट्रक	17687.44	979.77	18667.20	7147.44
24	कंप्यूटर सॉफ़्टवेयर	7450.64	9.18	7459.82	1692.82
25	आधारभूत ढांचा	373165.53	28407.24	401572.78	85085.73
25.1	इनमें से बिजली	190495.03	8549.60	199344.63	32594.85
25.2	इनमें से दूरसंचार	34464.21	5912.44	40376.65	6232.15
25.3	इनमें से सड़क और बंदरगाह	82345.63	7650.59	89996.22	20481.15
26	अन्य उद्योग	275979.41	30197.88	306177.29	71749.19
27	एनबीएफ़सी व ट्रेडिंग	422772.07	14124.56	436896.63	41789.83
28	अवशिष्ट अग्रिम	1185076.81	15157.56	1200234.37	31163.95
	कुल	**2766356.34**	**112785.09**	**2879141.43**	**534011.40**

तालिका- बी डीएफ-3 (ई) भारतीय स्टेट बैंक (समेकित) 31.03.2022* की स्थिति के अनुसार आस्तियों की शेष संविदागत परिपक्वता का विवरण

(रुपए करोड़ में)

	अंतःप्रवाह	1 दिन	2-7 दिन	8-14 दिन	15-30 दिन	31 दिन से 2 माह तक	2 माह से अधिक और 3 माह तक	3 माह से अधिक और 6 माह तक	6 माह से अधिक और 1 वर्ष तक	1 वर्ष से अधिक और 3 वर्ष तक	3 वर्ष से अधिक और 5 वर्ष तक	5 वर्ष से अधिक	कुल
1	नकदी	21894.41	3.18	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	21897.59
2	भारतीय रिज़र्व बैंक के पास जमा शेष	66224.07	3496.34	2240.07	3098.86	3537.13	3026.15	7627.70	39876.22	38882.96	19088.19	49019.69	236117.38
3	अन्य बैंकों के पास जमा शेष	68400.65	64189.91	436.74	600.99	2267.66	1248.41	2424.84	516.39	3271.24	432.80	1769.08	145558.71
4	निवेश	11482.17	1278.44	4737.51	4264.39	11101.44	22297.91	60584.05	99191.45	395338.02	257357.78	643264.40	1510897.56
5	अग्रिम	37546.30	21809.59	25772.59	51529.69	64134.94	64373.76	160767.00	226595.31	976129.00	367143.81	808095.08	2803897.07
6	अचल आस्तियां	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.38	0.00	72.04	348.69	23.18	38511.46	38955.75
7	अन्य आस्तियां	13411.43	36196.26	38966.68	23873.87	20889.75	16983.11	27062.06	39739.43	20011.86	32545.14	74874.83	344554.42
	कुल	218959.03	126973.72	72153.59	83367.80	101930.92	107929.72	258465.65	405990.84	1433981.77	676590.90	1615534.54	5101878.48

* टिप्पणियां:

i) बीमा संस्थाएं, गैर-वित्तीय संस्थाएं, संयुक्त उद्यमों, विशेष प्रयोजन माध्यम तथा अंतःसमूह समायोजन को शामिल नहीं किया गया है।

ii) निवेशों में अनर्जक निवेश शामिल हैं और अग्रिमों में अनर्जक अग्रिम शामिल हैं।

iii) 23 मार्च, 2016 के आरबीआई दिशानिर्देशों के आधार पर बकेटिंग संरचना को संशोधित किया गया है।

डीएफ़- 4: ऋण जोखिम: मानकीकृत दृष्टिकोण के अनुसार पोर्टफोलियो का प्रकटीकरण

31.03.2022 की स्थिति के अनुसार

मानकीकृत दृष्टिकोण पद्धति के अनुसार पोर्टफोलियो का प्रकटीकरण

गुणात्मक प्रकटीकरण

- उपयोग की गई क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों के नाम, साथ ही किसी भी परिवर्तन का कारण

  (क) भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार, बैंक ने घरेलू और विदेशी एक्सपोज़र की रेटिंग के उद्देश्य से क्रमश: केयर, क्रिसिल, इक्रा, इंडिया रेटिंग, ब्रिकवर्क, एक्यूट रेटिंग्स एंड रिसर्च तथा इन्फोमेरिक्स (घरेलू क्रेडिट रेटिंग एजेंसियां) और फिच, मूडीज और एसएंडपी (अंतरराष्ट्रीय रेटिंग एजेंसियां) की पहचान अनुमोदित रेटिंग एजेंसियों के रूप में की है, जिनकी रेटिंग का उपयोग जोखिम-भारित आस्तियों और पूंजीगत प्रभार की गणना के उद्देश्य से किया जाता है।

- एक्सपोज़र के प्रकार जिनके लिए प्रत्येक एजेंसी का उपयोग किया जाता है

  (i) एक वर्ष या उससे कम की संविदात्मक परिपक्वता वाले एक्सपोज़र (कैश क्रेडिट, ओवरड्राफ्ट तथा अन्य परिक्रामी ऋण को छोड़कर) के लिए, अनुमोदित रेटिंग एजेंसियों द्वारा दी गई अल्पकालिक रेटिंग का उपयोग किया जाता है।

  (ii) कैश क्रेडिट, ओवरड्राफ्ट और अन्य परिक्रामी क्रेडिट (अवधि चाहे कुछ भी हो) तथा 1 वर्ष से अधिक अवधि के सावधिक ऋण एक्सपोज़र के लिए, दीर्घकालिक रेटिंग का उपयोग किया जाता है।

- **पब्लिक इश्यू रेटिंग को बैंकिंग बही में तुलनीय आस्तियों के रूप में अंतरित करने हेतु उपयोग की जाने वाली प्रक्रिया का विवरण**

  बैंक के बाह्य रेटिंग संरचना के प्रमुख पहलू इस प्रकार हैं:

  - क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों द्वारा विशेष रूप से बैंक के दीर्घावधि तथा लघु अवधि एक्सपोज़र को दी गई दीर्घकालिक और अल्पकालिक रेटिंग को बैंक द्वारा प्रत्येक मामले में विशिष्ट रेटिंग के रूप में माना जाता है।
  - विदेशी सरकारी और विदेशी बैंक एक्सपोज़र, उन्हें दी गई जारीकर्ता रेटिंग के आधार पर जोखिम-भारित होते हैं।
  - बैंक सुनिश्चित करता है कि सुविधा/ऋणकर्ता की बाह्य रेटिंग की समीक्षा विगत 15 महीनों में कम से कम एक बार ईसीएआई द्वारा की गई है और उपयोग करने की तिथि को यह मान्य है।
  - जब एक इकाई को विभिन्न क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों द्वारा विविध जारीकर्ता रेटिंग दी जाती है, इस संदर्भ में, जहां दो रेटिंग होती हैं वहाँ निम्नतर रेटिंग और जहां तीन या अधिक रेटिंग दी होती हैं, वहाँ दूसरी सबसे कम रेटिंग का उपयोग निर्धारित सुविधा के लिए किया जाता है।

  दीर्घावधि इश्यू विशिष्ट रेटिंग (बैंक के स्वयं के एक्सपोज़र या उसी ऋणकर्ता-ग्राहक/प्रतिपक्ष द्वारा जारी अन्य ऋण के लिए) अथवा जारीकर्ता (ऋणकर्ता-ग्राहक/प्रतिपक्ष) रेटिंग का उपयोग उसी ऋणकर्ता-ग्राहक/प्रतिपक्ष के अन्य गैर-रेटेड एक्सपोज़र के लिए निम्नलिखित मामलों में किया जाता है:

  - यदि इश्यू विशिष्ट रेटिंग या जारीकर्ता रेटिंग गैर-रेटेड एक्सपोज़र के बराबर या उससे अधिक जोखिम भार के अनुरूप है, तो उस प्रतिपक्ष के किसी भी अन्य गैर-रेटेड एक्सपोज़र को वही जोखिम भार दिया जाएगा, यदि एक्सपोज़र सभी प्रकार से रेटेड एक्सपोज़र के सममात्रा में या उससे कम है।
  - ऐसे मामलों में जहां ऋणकर्ता-ग्राहक/प्रतिपक्ष ने ऋण जारी किया है (जो बैंक से लिया गया ऋण नहीं है), तो यदि बैंक का एक्सपोज़र सभी प्रकार से विशिष्ट रूप से रेटेड ऋण के समान या उससे अधिक है तथा बैंक के गैर-रेटेड एक्सपोज़र की परिपक्वता रेटेड ऋण की परिपक्वता के बाद की नहीं है तो उस ऋण को दी गई रेटिंग बैंक के गैर-रेटेड एक्सपोज़र पर लागू होती है।

31.03.2022 को मात्रात्मक प्रकटीकरण

(करोड़ रुपए में)

(ख) एक्सपोज़र राशियों के लिए जोखिम न्यूनीकरण के बाद मानकीकृत दृष्टिकोण के अंतर्गत, प्रत्येक जोखिम बकेट में समूह की बकाया राशि (रेटेड और गैर-रेटेड) के साथ-साथ घटाई गई राशियाँ		राशि
	100% से कम जोखिम भार	22,76,943.77
	100% जोखिम भार	8,48,873.23
	100% से अधिक जोखिम भार	2,87,335.83
	कटौती	0.00
	कुल	**34,13,152.83**

डीएफ़- 5: ऋण जोखिम न्यूनीकरण: मानकीकृत दृष्टिकोण पद्धति के अनुसार प्रकटीकरण

31.03.2022 की स्थिति के अनुसार

ऋण जोखिम न्यूनीकरण: मानकीकृत दृष्टिकोण पद्धति के अनुसार प्रकटीकरण

(क) गुणात्मक प्रकटीकरण

- **तुलन पत्र में शामिल तथा शामिल न की गई निवलीकरण नीतियां व प्रक्रियाएं तथा बैंक इनका किस सीमा तक उपयोग करता है**

  तुलन पत्र की निवलीकरण मदें केवल ऐसे ऋणों/अग्रिमों तक सीमित हैं, जिनके संबंध में बैंक के पास विधिक रूप से प्रवर्तनीय अधिकार, दस्तावेजी प्रमाण सहित विशिष्ट ग्रहणाधिकार उपलब्ध है। बैंक निम्नलिखित शर्तों के अधीन निवल ऋण जोखिम के आधार पर पूंजी आवश्यकताओं का आकलन करता है:

  जहां बैंक,

  अ. यह निष्कर्ष निकालने के लिए कि प्रतिपक्ष के दिवालिया हो जाने पर या दिवालिया न होने पर भी प्रत्येक प्रासंगिक क्षेत्राधिकार में लागू करने योग्य निवलीकरण या ऑफसेटिंग समझौते का एक सुस्थापित कानूनी आधार उपलब्ध है;

  आ. किसी भी किसी भी समय उसी प्रतिपक्ष के ऋण/अग्रिम तथा जमाराशियों को निवलीकरण समझौते के अंतर्गत निर्धारित कर सकता है; तथा

  इ. निवलीकरण के आधार पर संबंधित एक्सपोज़र की निगरानी तथा नियंत्रण करता है, बैंक ऋणों/अग्रिमों तथा जमाराशियों के निवल एक्सपोज़र को अपने पूंजी पर्याप्तता के आकलन के लिए आधार के रूप में प्रयोग कर सकता है। ऋणो/अग्रिमों को एक्सपोज़र तथा जमाराशियों को संपार्श्विक माना जाता है।

- **संपार्श्विक मूल्यांकन एवं प्रबंधन के लिए नीतियाँ एवं प्रक्रियां**

  बैंक में एक एकीकृत ऋण जोखिम प्रबंधन, ऋण जोखिम न्यूनीकरण तथा संपार्श्विक प्रबंधन नीति विद्‌यमान है, जिसकी समीक्षा वार्षिक आधार पर की जाती है। इस नीति का भाग बी ऋण जोखिम न्यूनीकरण तथा संपार्श्विक प्रबंधन से संबंधित है, जो पूंजी गणना के लिए उपयोग में लाए जाने वाले ऋण जोखिम न्यूनीकरण के प्रति बैंक के दृष्टिकोण को स्पष्ट करता है।

  इस नीति का उद्देश्य ऋण जोखिम न्यूनीकरण का वर्गीकरण तथा आकलन इस तरह से करना है कि विनियामक पूंजी समायोजन किया जा सके।

  i. ऋण जोखिम न्यूनीकरणों का वर्गीकरण

  ii. स्वीकार्य ऋण जोखिम-न्यूनीकरण

  iii. ऋण जोखिम न्यूनीकरण मदों के लिए आवश्यक प्रलेखीकरण एवं विधिक प्रक्रियाएँ

  iv. संपार्श्विक प्रतिभूति का मूल्यांकन

  v. मार्जिन एवं संतुलन आवश्यकताएँ

  vi. बाह्य रेटिंग

  vii. संपाश्विक प्रतिभूति की अभिरक्षा

  viii. बीमा

  ix. ऋण जोखिम न्यूनीकरण मदों की निगरानी

  x. सामान्य दिशानिदेश

  बैंक द्वारा ली गई प्रमुख प्रकार की प्रतिभूतियों का विवरण

  मानकीकृत दृष्टिकोण के अंतर्गत समान्यतः निम्नलिखित प्रतिभूतियों को ऋण जोखिम न्यूनीकरण के रूप में माना जाता है:

  नकदी या नकदी के समान (बैंक जमा/राष्ट्रीय बचत पत्र/ किसान विकास पत्र/ एलआईसी पॉलिसी, इत्यादि)

  स्वर्ण

  केंद्र/राज्य सरकार द्वारा जारी प्रतिभूतियों

  अल्पावधि ऋण लिखतों के लिए बीबीबी- अथवा बेहतर/PR3/P3/F3/A3 रेट की गई ऋण प्रतिभूतियाँ

- **मुख्य प्रकार के गारंटर पक्षकार और उनकी ऋण पात्रता**

  भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार, बैंक निम्नलिखित संस्थाओं को पात्र गारंटर के रूप में स्वीकार करता है:

- सरकार, सरकारी संस्थाएँ [बैंक फॉर इंटरनेशनल सेटलमेंट्स (बीआईएस), अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ), यूरोपीय सेंट्रल बैंक एवं यूरोपीय समुदाय के साथ-साथ बहुपक्षीय विकास बैंक, निर्यात ऋण एवं गारंटी निगम (ईसीजीसी) और सूक्ष्म व लघु उदयमों के लिए क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट (सीजीटीएमएसई)], सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम (पीएसई), बैंक तथा प्राथमिक डीलर जिनका जोखिम भार प्रतिपक्षकार से कम हो।
- एए या बेहतर की बाह्य रेटिंग वाले अन्य गारंटर। यदि गारंटर मूल कंपनी, संबद्ध या सहायक कंपनी है, तो बैंक द्वारा गारंटीकर्ता के रूप में स्वीकार करने के लिए उनका जोखिम भार ऋणकर्ता से कम होना चाहिए। गारंटर की रेटिंग एक इकाई की रेटिंग के रूप में होनी चाहिए. जिसमें इकाई की सभी देनदारियों तथा प्रतिबद्धताएँ (गारंटियों सहित) शामिल हों।

  जोखिम न्यूनीकरण मदों के भीतर (बाजार या क्रेडिट) जोखिम संकेंद्रण के बारे में जानकारी:

  बैंक के पास विभिन्न प्रकार के संपार्श्विकों से प्रतिभूतिकृत आस्तियों का एक विस्तृत पोर्टफोलियो है, जैसे: -

- ऊपर सूचीबद्ध पात्र वित्तीय संपार्श्विक प्रतिभूतियाँ
- सरकारों तथा अच्छी रेटिंग कंपनियों द्वारा दी गई गारंटियाँ,
- प्रतिपक्षकार की अचल आस्तियां तथा चालू आस्तियां

31.03.2022 को मात्रात्मक प्रकटीकरण

(करोड़ रुपए में)

(ख)	अलग से प्रकट किए गए प्रत्येक ऋण जोखिम पोर्टफोलियो का कुल एक्सपोज़र (जहां लागू हो, तुलन पत्र अथवा तुलन पत्र इतर में शामिल ऋण जोखिम घटाने के बाद) जिसे निर्धारित कटौती लागू करने के बाद पात्र वित्तीय संपार्श्विक प्रतिभूति द्वारा सुरक्षित किया गया है।	1,90,182.34
(ग)	अलग से प्रकट किए गए प्रत्येक पोर्टफोलियो के लिए कुल एक्सपोज़र (जहां लागू हो, तुलन पत्र अथवा तुलन पत्र इतर में शामिल ऋण जोखिम घटाने के बाद) जिसे गारंटी/क्रेडिट डेरिवेटिव द्वारा सुरक्षित किया जाता है (जहाँ विशेष रूप से आरबीआई द्वारा अनुमति दी गई है)।	1,14,851.76

डीएफ़- 6: प्रतिभूतिकरण एक्सपोज़र: मानकीकृत दृष्टिकोण पद्धति के अनुसार प्रकटीकरण

31.03.2022 की स्थिति के अनुसार

गुणात्मक प्रकटीकरण		
(क)	गुणात्मक प्रकटीकरण प्रतिभूतिकरण के संबंध में सामान्य गुणात्मक प्रकटीकरण आवश्यकता जिसमें यह चर्चा शामिल है:	
	प्रतिभूतिकरण गतिविधि के संबंध में बैंक के उद्देश्य, जिसमें इन गतिविधियों से बैंक द्वारा अंतर्निहित प्रतिभूतिकृत एक्सपोज़र के ऋण जोखिम को अन्य संस्थाओं को अंतरित करना भी शामिल हैं।	शून्य
	प्रतिभूतिकृत आस्तियों में अंतर्निहित अन्य जोखिमों का स्वरूप (उदाहरण के लिए चलनिधि जोखिम)	लागू नहीं है
	प्रतिभूतिकरण प्रक्रिया में बैंक द्वारा निभाई गई विभिन्न भूमिकाएँ (उदाहरण के लिए: प्रवर्तक, निवेशक, सेवा प्रदाता, ऋण वृद्धि प्रदाता, चलनिधि प्रदाता, स्वैप प्रदाता@, संरक्षण प्रदाता#) तथा प्रत्येक में बैंक की भागीदारी की सीमा @ यदि विनियामक नियमों के अधीन अनुमति हो तो अंतर्निहित आस्तियों की ब्याज दर/मुद्रा जोखिम न्यूनीकरण के लिए किसी ब्याज दर स्वैप अथवा मुद्रा स्वैप के रूप में धारित सीमा में प्रतिभूतिकरण संरचना में किसी बैंक द्वारा सहायता प्रदान की जा सकती है। # यदि विनियामक नियमों के अनुसार अनुमति हो तो बैंक गारंटी, ऋण डेरिवेटिव्स अथवा इसी प्रकार के किसी अन्य उत्पाद के माध्यम से किसी प्रतिभूतिकरण लेनदेन के लिए ऋण सुरक्षा प्रदान की जा सकती है।	लागू नहीं है
	प्रतिभूतिकरण एक्सपोज़र के ऋण तथा बाजार जोखिम में परिवर्तन की मॉनिटरिंग के लिए प्रक्रियाओं का विवरण (उदाहरण के लिए, अंतर्निहित आस्तियों के मूल्य में उतार-चढ़ाव प्रतिभूति एक्सपोज़र को कैसे प्रभावित करता है, जैसाकि एनसीएएफ पर 1 जुलाई 2012 के मास्टर परिपत्र के पैरा 5.16.1 में परिभाषित किया गया है)।	लागू नहीं है
	प्रतिभूतिकरण एक्सपोजर्स के माध्यम से बने जोखिमों के न्यूनीकरण के लिए ऋण जोखिम न्यूनीकरण के उपयोग को नियंत्रित करने के लिए बैंक की नीति का विवरण;	लागू नहीं है
(ख)	प्रतिभूतिकरण गतिविधियों के लिए बैंक की लेखा नीतियों का सारांश, जिसमें शामिल हैं:	
	क्या लेनदेनों को बिक्री या वित्तपोषण माना गया है;	लागू नहीं है

गुणात्मक प्रकटीकरण		
	बनाए रखी गई या खरीदी गई स्थिति के मूल्यांकन हेतु लागू की गई पद्धतियाँ व प्रमुख पूर्वानुमान (इनपुट सहित);	लागू नहीं है
	पिछली अवधि से पद्धतियों तथा प्रमुख अवधारणाओं में परिवर्तन व उन परिवर्तनों का प्रभाव;	लागू नहीं है
	उन व्यवस्थाओं के लिए जिनके लिए बैंक को जिन प्रतिभूतिकृत आस्तियों के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने की आवश्यकता हो सकती है, उनके लिए तुलनपत्र में देनदारियों को पहचानने की नीतियाँ।	लागू नहीं है
(ग)	बैंकिंग बही में, प्रतिभूतिकरण के लिए उपयोग किए गए ईसीएआई के नाम तथा प्रतिभूतिकरण एक्सपोज़र के प्रकार जिनके लिए प्रत्येक एजेंसी का उपयोग किया गया है।	लागू नहीं है
मात्रात्मक प्रकटीकरण: बैंकिंग बही		
(घ)	बैंक द्वारा प्रतिभूतिकृत एक्सपोज़र की कुल राशि	शून्य
(ङ)	वर्तमान अवधि के दौरान बैंक द्वारा लेखे में शामिल की गई प्रतिभूतिकृत हानियों, एक्सपोज़र के प्रकार (जैसे क्रेडिट कार्ड, आवास ऋण, वाहन ऋण इत्यादि का अंतर्निहित प्रतिभूति सहित विस्तृत विवरण) वर्गीकृत किया गया है।)	शून्य
(च)	एक वर्ष के भीतर प्रतिभूतिकरण के लिए संभावित आस्तियों की राशि	शून्य
(छ)	(एफ़) में से, प्रतिभूतिकरण से पहले एक वर्ष के भीतर प्रवर्तित आस्तियों की राशि।	लागू नहीं है
(ज)	प्रतिभूतिकृत एक्सपोज़र की कुल राशि (एक्सपोज़र प्रकार के अनुसार) तथा उस एक्सपोज़र प्रकार के अनुसार बिक्री पर लाभ या हानि जिसे लेखे में शामिल नहीं किया गया है।	शून्य
(झ)	निम्नलिखित की कुल राशि:	
	तुलन पत्र में बनाए रखे गए या खरीदे गए प्रतिभूतिकरण एक्सपोज़र का उसके प्रकार के अनुसार विवरण तथा	शून्य
	तुलन पत्र में शामिल न किया गया प्रतिभूतिकरण एक्सपोज़र का उसके प्रकार के अनुसार	शून्य
(त्र)	बनाए रखे गए या खरीदे गए प्रतिभूतिकरण एक्सपोज़र और उससे संबंधित पूंजी खर्च की कुल राशि, एक्सपोज़र के अनुसार अलग-अलग तथा आगे विनियामक द्वारा अलग-अलग जोखिम के लिए निर्धारित भार बैंड के अनुरूप अलग-अलग जोखिम भार का उल्लेख	शून्य
	पूरी तरह से टियर 1 पूंजी से घटाए गए एक्सपोज़र, कुल पूंजी से घटाए गए ऋण बढ़ाने वाले आई/ओ तथा कुल पूंजी से घटाए गए अन्य एक्सपोज़र हैं (एक्सपोज़र प्रकार के अनुसार)	शून्य
मात्रात्मक प्रकटीकरण: ट्रेडिंग बही		
(ट)	बैंक द्वारा प्रतिभूतिकृत एक्सपोज़र की कुल राशि जिसके लिए बैंक ने कुछ एक्सपोज़र यथावत बनाए रखा है तथा जिसका आकलन बाजार जोखिम पद्धति दृष्टिकोण के अनुसार किया गया है, एक्सपोज़र प्रकार के अनुसार विवरण	शून्य
(ठ)	निम्नलिखित की कुल राशि:	
	तुलन पत्र में यथावत बनाए रखे गए या खरीदे गए प्रतिभूतिकरण एक्सपोज़र का विवरण, एक्सपोज़र प्रकार के अनुसार; तथा	शून्य
	तुलन पत्र में शामिल न किए गए प्रतिभूतिकरण एक्सपोज़र का विवरण; एक्सपोज़र प्रकार के अनुसार	शून्य
(ड)	निम्नलिखित के लिए यथावत बनाए रखे गए या खरीदे गए प्रतिभूतिकरण एक्सपोज़र की कुल राशि:	शून्य
	विशिष्ट जोखिम के लिए संपूर्ण व्यापक जोखिम उपाय के अधीन बनाए रखा गया या खरीदा गया प्रतिभूतिकृत एक्सपोज़र, तथा	शून्य
	अलग-अलग जोखिम भार श्रेणियों में विभाजित विशिष्ट जोखिम के लिए प्रतिभूतिकरण संरचना के अंतर्गत प्रतिभूतिकरण एक्सपोज़र।	शून्य
(ढ)	निम्नलिखित की कुल राशि:	
	विभिन्न जोखिम भार श्रेणियों में विभाजित प्रतिभूतिकरण संरचना के अधीन, प्रतिभूतिकरण एक्सपोज़र के लिए पूंजी आवश्यकताएँ।	शून्य
	पूरी तरह से टियर 1 पूंजी से घटाए गए प्रतिभूतिकरण एक्सपोज़र, कुल पूंजी से घटाए गए ऋण संवर्धन वाले आई/ओ तथा कुल पूंजी से घटाए गए अन्य एक्सपोज़र (एक्सपोज़र प्रकार अनुसार)	शून्य

डीएफ़- 7: ट्रेडिंग बही में बाजार जोखिम

31.03.2022 की स्थिति के अनुसार

क) गुणात्मक प्रकटीकरण:

(1) बैंक बाजार जोखिम के लिए पूंजी आवश्यकता की गणना करने के लिए मानकीकृत मापन पद्धति (एसएमएम) का अनुसरण करता है।

(2) बैंक के बोर्ड द्वारा अनुमोदित अभिशासन संरचना के अनुसार बैंक के जोखिम प्रबंधन विभाग के अंतर्गत बाज़ार जोखिम प्रबंधन विभाग (एमआरएमडी) कार्य कर रहा है।

(3) एमआरएमडी ट्रेजरी परिचालनों से जुड़े बाजार जोखिम की पहचान, उनके आकलन, निगरानी तथा रिपोर्टिंग के लिए जिम्मेदार है।

(4) प्रत्येक आस्ति वर्ग के लिए बोर्ड द्वारा अनुमोदित, सुपरिभाषित बाजार जोखिम प्रबंधन मानकों सहित निम्नलिखित नीतियां लागू की हैं:

क) बाजार जोखिम प्रबंधन नीति

ख) बाजार जोखिम सीमाएं

ग) निवेश नीति

घ) ट्रेडिंग नीति

ङ) बाजार जोखिम के लिए दबाव जांच नीति

(5) जोखिम निगरानी एक निरंतर जारी रहने वाली प्रक्रिया है तथा इसमें जोखिम की स्थिति का विश्लेषण किया जाता है तथा बैंक के शीर्ष प्रबंधन, बाजार जोखिम प्रबंधन समिति व बोर्ड की जोखिम प्रबंधन समिति को सूचित किया जाता है।

(6) जोखिम प्रबंधन तथा उसकी रिपोर्टिंग वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं के अनुरूप आशोधित अवधि, पीवी01, ऑप्शन ग्रीक, अधिकतम अनुमत एक्सपोज़र, जोखिम मूल्य सीमा, संकेंद्रण जोखिम सीमा, निम्न व ऊपरी प्रबंधन कार्रवाई ट्रिगर जैसे मापदंडों पर आधारित हैं।

(7) बोर्ड द्वारा अनुमोदित विदेशी मुद्रा खुली स्थिति सीमा (दैनिक/एकदिवसीय), हानि रोध सीमा, सकल अंतराल सीमा (एजीएल), एकल अंतराल सीमा (आईजीएल) की निगरानी की जाती है और यदि कोई अपवाद हो, तो इसकी सूचना बैंक के शीर्ष प्रबंधन, बाजार जोखिम प्रबंधन समिति तथा बोर्ड की जोखिम प्रबंधन समिति को दी जाती है।

(8) जोखिम पर मूल्य (वीएआर) की गणना दैनिक आधार पर की जाती है। वीएआर संख्या की बैक-टेस्टिंग प्रतिदिन की जाती है। मूल्य जोखिम के पूरक के रूप में त्रैमासिक अंतराल पर दबाव परीक्षण किया जाता है। इसके परिणाम बैंक के शीर्ष प्रबंधन, बाजार जोखिम प्रबंधन समिति और बोर्ड की जोखिम प्रबंधन समिति को सूचित किए जाते हैं।

(9) विदेश स्थित संबंधित कार्यालय स्थानीय विनियामक और भारतीय रिजर्व बैंक की शर्तों के अनुसार अपने निवेश पोर्टफोलियो के जोखिम की निगरानी करते हैं। एकल निवेश के लिए हानि रोध सीमा तथा कतिपय पोर्टफोलियो के लिए एक्सपोज़र सीमा निर्धारित की गई है।

(10) बैंक ने बाजार जोखिम हेतु पूंजी प्रभार की गणना के लिए उन्नत दृष्टिकोण पद्धति अर्थात आंतरिक मॉडल दृष्टिकोण पद्धति अपनाने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक को आशय पत्र (एलओआई) प्रस्तुत किया है।

ख) मात्रात्मक प्रकटीकरण:

बाजार जोखिम पर पूंजी प्रभार

बैंक मानकीकृत माप पद्धति के अंतर्गत बाजार जोखिम के लिए पूंजी प्रभार को निम्नानुसार बनाए रखता है।

(करोड़ रुपए में)

	31.03.2022
ब्याज दर जोखिम (डेरिवेटिव सहित)	14,552.67
इक्विटी स्थिति जोखिम	10,194.22
विदेशी मुद्रा विनिमय जोखिम	902.64
कुल	**25,649.53**

डीएफ़- 8: परिचालन जोखिम

31.03.2022 की स्थिति के अनुसार

गुणात्मक प्रकटीकरण

क) परिचालन जोखिम प्रबंधन कार्य की संरचना और संगठन

- भारतीय स्टेट बैंक में परिचालन जोखिम प्रबंधन विभाग, बैंक की एकीकृत जोखिम अभिशासन संरचना के अंतर्गत संबंधित मुख्य जोखिम अधिकारी के नियंत्रण में कार्य करता है। भारतीय स्टेट बैंक में, मुख्य जोखिम अधिकारी बोर्ड की जोखिम प्रबंधन समिति (आरएमसीबी) को रिपोर्ट करते हैं।
- समूह की अन्य इकाइयों में परिचालन जोखिम संबंधी मुद्दों को संबंधित इकाइयों के मुख्य जोखिम अधिकारियों के समग्र नियंत्रण में उनके व्यवसाय मॉडल तथा विनियामकों की आवश्यकताओं अनुसार निपटाया जा रहा है।

ख) भारतीय स्टेट बैंक में परिचालन जोखिम पर नियंत्रण एवं न्यूनीकरण नीतियां

देशीय बैंकिंग संस्थाएं (एसबीआई)

एसबीआई में निम्नलिखित नीतियां, रूपरेखा दस्तावेज़ और मैनुअल लागू हैं:

नीतियाँ और रूपरेखा दस्तावेज़

- परिचालन जोखिम प्रबंधन नीति में, व्यवस्थित और अतिसक्रिय पहचान, आकलन, मापन, निगरानी, न्यूनीकरण तथा परिचालन जोखिमों की रिपोर्टिंग के लिए परिचालन जोखिम प्रबंधन तंत्र शामिल है।
- लॉस डेटा प्रबंधन नीति;
- बाह्य लॉस डेटा प्रबंधन नीति;
- सूचना सुरक्षा नीति और मानक;
- आईटी नीति;
- साइबर सुरक्षा नीति
- समूह साइबर सुरक्षा नीति
- व्यवसाय निरंतरता एवं परिचालन आघात-सहनीयता (बीसीएंडओआर) नीति;
- व्यवसाय निरंतरता प्रबंधन प्रणाली (बीसीएमएस) नीति;
- अपने ग्राहक को जानिए (केवाईसी) मानक तथा धन शोधन निवारण (एएमएल)/ आतंकवाद वित्तपोषण निवारक उपायों संबंधी नीति;
- धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन नीति;
- बैंक की आउटसोर्सिंग नीति;
- बीमा पर नीति;

नियम पुस्तिका (मैनुअल)

- परिचालन जोखिम प्रबंधन मैनुअल
- लॉस डेटा प्रबंधन मैनुअल
- व्यापार निरंतरता और परिचालन आघात-सहनीयता (बीसीएंडओआर) मैनुअल
- व्यवसाय निरंतरता प्रबंधन प्रणाली (बीसीएमएस) योजना
- बाह्य लॉस डेटा मैनुअल

देशीय गैर-बैंकिंग और विदेशी बैंकिंग इकाइयां

गैर-बैंकिंग संस्थाओं के लिए उनके व्यवसायिक मॉडल से संबंधित तथा विदेश स्थित बैंकिंग अनुषंगियों के संबंध में विदेशी विनियामकों की आवश्यकताओं के अनुरूप नीतियां व मैनुअल विद्यमान हैं। कुछ विद्यमान नीतियां इस प्रकार हैं- आपदा प्रबंधन योजना/व्यापार निरंतरता योजना, घटना रिपोर्टिंग तंत्र, नियर मिस इवेंट रिपोर्टिंग तंत्र, आउटसोर्सिंग नीति इत्यादि।

ग) रणनीतियाँ और प्रक्रियाएँ

देशीय बैंकिंग संस्थाएं (एसबीआई)

- जोखिम संस्कृति और परिचालन जोखिम प्रबंधन को सफलतापूर्वक स्थापित करने के लिए परिचालन जोखिम प्रबंधन समिति (ओआरएमसी) और बोर्ड की जोखिम प्रबंधन समिति (आरएमसीबी) के अलावा बैंक में विभिन्न स्तरों पर जोखिम प्रबंधन समितियां जैसे मंडलों में आरएमसीएओ, आरएमसीसी तथा व्यवसाय एवं सहायता समूहों (आरएमसी-आर एंड डीबी, आरएमसी-आईबीजी, आरएमसी-जीएमयू, आरएमसी-सीएजी, आरएमसी-सीसीजी, आरएमसी-एसएआरजी और आरएमसी-आईटी) में आरएमसी स्थापित की गई हैं।
- बेसल परिभाषित 8 बिजनेस लाइन और 7 लॉस इवेंट टाइप अनुसार परिचालन जोखिमों के कारण आंतरिक और बाह्य हानि का एक व्यापक डेटाबेस बनाने की प्रक्रिया मौजूद है। इसके अलावा, जोखिम प्रबंधन प्रथाओं को बेहतर बनाने के लिए नियर मिस इवेंट तथा बाह्य हानि को भी कैप्चर किया जाता है।
- जोखिम तथा नियंत्रण स्व-मूल्यांकन (आरसीएसए) वर्तमान नियंत्रणों में यदि कोई कमी हो तो उनकी पहचान के लिए कार्यशाला-आधारित एक अति-सक्रिय अभ्यास कार्य है। इसमें जोखिम न्यूनीकरण के लिए सिस्टम और नियंत्रण में सुधार के लिए सुझाव आमंत्रित किए जाते हैं। आरसीएसए से स्टाफ सदस्यों में जोखिम के प्रति जागरूकता पैदा करने में भी सहायता मिलती है। आरसीएसए अभ्यास वार्षिक आधार पर बैंक शाखाओं, सीपीसी और कार्यालयों में किया जाता है। बैंक उत्पादों /प्रक्रियाओं के लिए थीम आधारित आरसीएसए भी आयोजित करता है। वित्त वर्ष 22 के दौरान, बैंक ने 16 थीम-आधारित आरसीएसए अभ्यास आयोजित किए हैं और 44 उत्पादों/प्रक्रियाओं के लॉन्च/समीक्षा के समय आरसीएसए अभ्यास (साइन ऑफ) आयोजित किए गए, जोखिम न्यूनीकरण योजनाएँ बनाई गईं तथा उच्च एवं महत्वपूर्ण जोखिमों के लिए कार्यान्वयित की गईं। आरसीएसए अभ्यास के दौरान, बैंक प्रणाली एवं नियंत्रण में अधिक सुधार के लिए प्राप्त सुझावों पर व्यवसाय धारकों द्वारा व्यवहार्यता अध्ययन किया जाता है।
- आरंभिक एवं निगरानी प्रणाली से सभी व्यवसाय एवं सहायता समूह में प्रमुख प्रमुख संकेतक (केआई) की पहचान की गई है। आरएमसी, ओआरएमसी और आरएमसीबी द्वारा तिमाही अंतराल पर केआई की निगरानी की जा रही है। वर्तमान वित्त वर्ष के दौरान गहन अनुवर्ती कार्रवाई के लिए 10 शीर्ष केआई की पहचान की गई है।
- बेसल-II दिशानिर्देशों के अंतर्गत अपेक्षित परिचालन जोखिम की मात्रा निर्धारित करने और उसकी निगरानी के लिए आंतरिक प्रणालियों का विकास किया गया है।

अन्य

देशीय बैंकिंग संस्थाओं में परिचालन जोखिमों को नियंत्रित करने और उनके न्यूनीकरण के लिए निम्नलिखित उपाय किए जा रहे हैं:

- "अनुदेश पुस्तिका" (सामान्य अनुदेशों पर मैनुअल, ऋण और अग्रिमों पर मैनुअल) जारी की है हैं, जिनमें विभिन्न बैंकिंग लेनदेनों की प्रक्रियाओं के लिए विस्तृत प्रक्रियात्मक दिशानिर्देश दिए गए हैं। इन दिशानिर्देशों में आशोधन तथा नियमित रूप से ई-परिपत्रों/मास्टर परिपत्रों के माध्यम से उन्हें अद्यतन किया जा रहा है। दिशानिदेशों तथा अनुदेशों को ई-परिपत्रों, ई-लर्निंग पाठ, प्रशिक्षण कार्यक्रमों आदि के माध्यम से भी प्रचारित किया जाता है।
- व्यवसाय प्रक्रिया पुनः निर्धारण (बीपीआर) इकाइयों से संबंधित अद्यतन नियमावली तथा परिचालन अनुदेश।
- वित्तीय अधिकारों का प्रत्यायोजन, जिसमें विभिन्न प्रकार के वित्तीय तथा गैर-वित्तीय लेनदेनों के लिए विभिन्न स्तर के अधिकारियों के संस्वीकृति अधिकारों का विवरण दिया गया है।
- स्टाफ प्रशिक्षण- बैंक के शीर्ष प्रशिक्षण संस्थानों और स्टेट बैंक ज्ञानार्जन एवं विकास संस्थानों में विभिन्न श्रेणियों के कार्मिकों के लिए आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों में जोखिम प्रबंधन मॉड्यूल के एक भाग के रूप में परिचालन जोखिम पर जानकारी को शामिल किया गया है।
- बीमा पर बैंक की नीति के अनुसार धोखाधड़ी को छोड़कर अधिकांश संभावित परिचालन जोखिमों के लिए बीमा कवर प्राप्त किया जाता है।
- आंतरिक लेखा परीक्षक नियंत्रण प्रणालियों की उपयुक्तता तथा प्रभावशीलता की जांच एवं मूल्यांकन तथा कतिपय नियंत्रण प्रक्रियाओं की कार्यशीलता के लिए उत्तरदायी हैं। वे विधिक तथा विनियामक आवश्यकताओं, आचार संहिताओं एवं नीतियों और प्रक्रियाओं के कार्यान्वयन के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए वर्तमान प्रणालियों की समीक्षा भी करते हैं।
- किसी आपदा के बाद व्यवसाय निरंतरता महत्वपूर्ण व्यावसायिक प्रक्रियाओं की बहाली और पुनर्प्राप्ति के लिए एक सुदृढ़ व्यवसाय निरंतरता प्रबंधन नीति तथा मैनुअल बैंक में मौजूद हैं।
- अवकाश नीति का सख्ती से अनुपालन।
- जिन शाखाओं में आरसीएसए प्रस्तावित नहीं है, वहाँ आरसीएसए-संक्षिप्त का संचालन।

देशीय गैर-बैंकिंग और विदेशी बैंकिंग इकाइयां

देशीय गैर-बैंकिंग और विदेशी बैंकिंग इकाइयों में प्रणालियों व प्रक्रियाओं तथा रिपोर्टिंग के माध्यम से पर्याप्त उपाय किए गए हैं।

घ) **जोखिम रिपोर्टिंग एवं मापन प्रणालियों का दायरा व स्वरूप**

- समूह की सभी इकाइयों में धोखाधड़ी के संबंध में रिपोर्टों को शीघ्र प्रस्तुत करने की एक प्रणाली विद्यमान है।
- समूह की सभी इकाइयों में निवारक सतर्कता और व्हिसल ब्लोइंग की एक व्यापक प्रणाली स्थापित है।
- सभी शाखाओं के आरसीएसए/आरसीएसए-संक्षिप्त अभ्यास से सामने आए महत्वपूर्ण जोखिमों के लिए परिदृश्य विश्लेषण तथा लॉस डेटा/एनएमई विश्लेषण के संबंध में नियमित अंतराल पर शीर्ष प्रबंधन को सूचित किया जाता है और निरंतर सुधारात्मक कार्रवाई की जाती है।
- 31 मार्च 2022 को समाप्त वर्ष के लिए परिचालन जोखिम हेतु विगत 3 वर्षों की औसत सकल आय के 15% के पूंजीगत भार के साथ मौलिक संकेतक दृष्टिकोण पद्धति लागू की गई है, बीमा कंपनियों को छोड़ दिया गया है।

डीएफ़- 9: बैंकिंग बही में ब्याज दर जोखिम (आईआरआरबीबी)

31.03.2022 की स्थिति के अनुसार

1. गुणात्मक प्रकटीकरण

बैंकिंग बही में ब्याज दर जोखिम (आईआरआरबीबी)

आंतरिक एवं बाह्य कारकों के कारण बैंक की ब्याज दर में होने वाले उतार-चढ़ाव से निवल ब्याज आय तथा आस्तियों एवं देयताओं के मूल्य पर पड़ने वाले प्रभाव को ब्याज दर जोखिम कहा जाता है। आंतरिक कारकों में बैंक की आस्ति एवं देयताओं की संरचना, गुणवत्ता, परिपक्वता, वर्तमान ब्याज दर तथा जमाराशियों, उधार, ऋण एवं निवेशन की पुनर्मूल्यन अवधि शामिल हैं। बाह्य कारकों में सामान्य आर्थिक स्थितियों आती हैं। बैंक पर बढ़ती या घटती ब्याज दरों का प्रभाव इस बात पर निर्भर करता है कि तुलनपत्र आस्ति संवेदनशील है या देयता संवेदनशील। बैंक अपने तुलनपत्र में शामिल तथा तुलनपत्र-इतर एक्सपोज़र पर बदलती ब्याज दरों से जुड़े अंतर्निहित जोखिमों की पहचान अल्पकालिक और दीर्घकालिक दोनों दृष्टिकोणों से करता है।

1.1 संरचना और संगठन

आस्ति-देयता प्रबंधन समिति (एएलसीओ) तुलनपत्र जोखिमों की लगातार पहचान एवं विश्लेषण तथा बैंक की एएलएम नीति के माध्यम से इन जोखिमों के कुशल प्रबंधन हेतु मानकों को निर्धारित करने के लिए उपयुक्त प्रणालियों और प्रक्रियाओं को विकसित करने के लिए जिम्मेदार है। इसलिए, एएलसीओ समय-समय पर जोखिम और प्रतिलाभों, निधियों एवं विनियोजन, बैंक के ऋण व जमाराशियों पर ब्याज दर निर्धारण तथा निवेश संबंधी गतिविधियों के संबंध में निदेश देने आदि की निगरानी व नियंत्रण करती है। निदेशक मंडल की जोखिम प्रबंधन समिति (आरएमसीबी) एएलएम 2 प्रणाली के कार्यान्वयन को देखती है तथा समय-समय पर इसके कामकाज की समीक्षा करती है और दिशानिर्देश देती है। यह, ब्याज दर जोखिम प्रबंधन के लिए एएलसीओ द्वारा लिए गए निर्णयों की समीक्षा करता है।

1.2 जोखिम रिपोर्टिंग और मापन प्रणालियों का क्षेत्र तथा स्वरूप

भारतीय रिजर्व बैंक ने पारंपरिक अंतराल विश्लेषण (आईआरएस-टीजीए) के अंतर्गत ब्याज दर संवेदनशीलता के विवरण के माध्यम से मासिक अंतराल पर ब्याज दर जोखिम की निगरानी निर्धारित की है। तदनुसार, एएलसीओ मासिक आधार पर आईआरएस-टीजीए की समीक्षा करती है और जोखिम पर आय (ईएआर) की मॉनिटरिंग करती है। आस्तियों व देयताओं पर ब्याज दर में समानांतर परिवर्तन के कारण बैंक की शुद्ध ब्याज आय में परिवर्तन का आकलन करती है।

भारतीय रिजर्व बैंक ने बैंक की आस्तियों और देयताओं के आर्थिक मूल्य पर अवधि अंतर विश्लेषण के अंतर्गत ब्याज दर संवेदनशीलता के माध्यम से ब्याज दर परिवर्तन के प्रभाव का अनुमान करने का भी निर्देश दिया है। बैंकयह विश्लेषण मासिक आधार पर करता है। इक्विटी के बाजार मूल्य पर ब्याज दर में बदलाव का प्रभाव बाज़ार ब्याज दर में हुए परिवर्तनों को देखते हुए आस्ति व देयताओं के मूल्य में परिवर्तन को पहचानकर आईआरएस-डीजीए के माध्यम से मॉनिटरिंग की जाती है। इक्विटी के मूल्य में (आरक्षितियों सहित) तथा आस्ति एवं देयताओं की ब्याज दर में 2% समानांतर परिवर्तन का अनुमान है।

